e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 11, अंक 320
मंगलवार
26.11.2024
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**
किसी को प्रेम देना सबसे बड़ा उपहार है और किसी का प्रेम पाना सबसे बड़ा सन्मान है!

ताजा खबरों के लिए देखें

## क्विक न्यूज

### स्वास्थ्य सहिया की गला काटकर हत्या

**मेदिनीनगर :** जिले के तरहसी थाना क्षेत्र के कसमार के पारपाइन गांव में स्वास्थ्य सहिया अंजू देवी की बीते रात गला काटकर हत्या कर दी गई। सब्जी काटने वाले पहसुल से महिला का गला काटा गया।सोमवार सुबह पुलिस ने डेड बॉडी को कब्जे में लिया। सूचना मिलने पर पुलिस मामले की कई बिंदुओं पर छानबीन में जुटी है। घटना रविवार देर रात की है। घटना के समय घर पर कोई नहीं था।ग्रामीणों के अनुसार स्वास्थ्य सहिया अंजू देवी पति अनूप कुमार के साथ अक्सर रांची रहा करती थी। कभी-कभी ड्यूटी के लिए तरहसी आया करती थी। दो दिन पहले वह पारपाइन गांव आई थी। घर में अकेले रह रही थी। उसके पति और दो बच्चे रांची में थे।

### अल्टो कार पर पलटा ट्रेलर, दंपती की मौत

**जोधपुर :** सडक पर आए मवेशी को बचाने के चक्कर में एक ट्रेलर बेकाबू होकर पीछे चल रही अल्टो कार पर पलट गया। हादसा इतना भीषण था कि ट्रेलर के नीचे दबने से अल्टो कार पूरी तरह चपटी हो गई। हादसे में भतीजे की शादी से लौट रहे कार सवार ज्वैलर और उनकी पत्नी की जान चली गई। एक घंटे की मशक्कत के बाद दोनों को बाहर निकाला जा सका। मामला जोधपुर के पीपाड़ के मेगास्टेट हाईवे 21 दांतीवाड़ा-मेड़ता पर मालावास के पास रविवार रात हुआ.पीपाड़ एसएचओ चुनीलाल ने बताया कि मेड़ता शहर की पंडित दीनदयाल कॉलोनी में रहने वाले खेमराज सोनी और उनकी पत्नी मोनिका सोनी पीपाड़ में भतीजे के शादी समारोह में शामिल होने आए थे। लौटते समय पीपाड़ से करीब दस किलोमीटर दूर मालावास के पास उनके आगे चल रहे ट्रेलर के सामने अचानक एक सांड आ गया। इसे बचाने के चक्कर में ट्रेलर ड्राइवर ने कट मार दिया, जिससे ट्रेलर अनियंत्रित होकर पलट गया और खेमराज की कार ट्रेलर के नीचे दब गई।

### महाकुम्भ : करोड़ों लोगों के संगम स्नान के लिए बना त्रिस्तरीय सुरक्षा चक्र

**प्रयागराज :** महाकुम्भ को सनातन धर्म का सबसे बड़ा आयोजन बनाने के लिए योगी सरकार हर आपात स्थिति से निपटने की तैयारी कर रही है। दुनिया के सबसे बड़े सांस्कृतिक कार्यक्रम में 45 करोड़ लोगों के संगम स्नान का पूरा प्लान तैयार कर लिया गया है। इसके लिए जल पुलिस के लिहाज से त्रिस्तरीय सुरक्षा चक्र बनाया गया है, जिसमें बाकायदा एक-एक श्रद्धालु पर फोकस किया जाएगा।वीआईपी मूवमेंट वाले किला घाट पर सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए गए हैं। यहां पर स्पेशल फोर्स की तैनाती की जा रही है, जिससे देश-विदेश से आने वाले एक भी श्रद्धालु को किसी प्रकार की दिक्कत न होने पाए। यही नहीं, सरस्वती घाट से लेकर संगम घाट तक कड़ी सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए जा रहे है। यहां डीप बैरिकेडिंग की जा रही है। इसके अलावा घाट पर चौतरफा जाल लगाने का काम अपने अंतिम चरण में पहुंच गया है।

### चीन ने लॉन्ग मार्च श्रृंखला के 2 सी कैरियर रॉकेट को लॉन्च किया

**बीजिंग :** चीन ने अपने रॉकेट लॉन्ग मार्च श्रृंखला के 547वें मिशन के अंतर्गत 2 सी कैरियर रॉकेट को लॉन्च किया। इस रॉकेट ने दो उपग्रहों को अंतरिक्ष में स्थापित किया। यह रॉकेट उत्तर पश्चिमी चीन में जिउक्वान सैटेलाइट लॉन्च सेंटर से सुबह 7:39 बजे रवाना हुआ और उपग्रहों की जोड़ी को सिवेई गाओजिंग-203 और सिवेई गाओजिंग-204 को पूर्व निर्धारित कक्षा में भेजा।चीन की सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ खबर में यह जानकारी दी गई है। इसमें कहा गया है कि इसे शंघाई अकादमी ऑफ स्पेसफ्लाइट टेक्नोलॉजी ने विकसित किया है। सिवेई गाओजिंग-203 और सिवेई गाओजिंग-204 चीन सिवेई सर्वेइंग एंड मैपिंग टेक्नोलॉजी कंपनी लिमिटेड के स्वामित्व वाले वाणिज्यिक माइक्रोवेव मैपिंग उपग्रह हैं। सिवेई उपग्रह उच्च परिशुद्धता वाले रडार पेलोड से लैस हैं।

### नई दिल्ली में आयोजित होगा तीन दिवसीय आसियान-भारत स्टार्टअप फेस्टिवल

**कानपुर :** नई दिल्ली विवांता ताज में आयोजित होने वाले तीन दिवसीय आसियान–भारत स्टार्टअप फेस्टिवल 2024 की मेजबानी भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर करेगा। यह कार्यक्रम 28 नवम्बर से 30 नवम्बर तक होगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए सोमवार को आईआईटी कानपुर की मीडिया सम्पर्क अधिकारी रुचा खेडेकर ने दी।उन्होंने बताया कि आईआईटी कानपुर का स्टार्टअप इनक्यूबेशन एंड इनोवेशन सेंटर , विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग भारत सरकार और उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग के सहयोग से होगा। जो वैश्विक सहयोग को मजबूत करने और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए भारत समेत 10 आसियान देशों के उद्यमियों और नव प्रवर्तकों को एक साथ लाएगा।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 24° |
| न्युनतम | 11° |

रांची के प्रशासनिक व पुलिस पदाधिकारीयों ने मोराबादी मैदान का लिया जायजा

# शपथ समारोह की तैयारियां शुरू

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और मंत्रिपरिषद के सदस्यों के 28 नवंबर को होने वाले शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियों को लेकर सोमवार को रांची के उपायुक्त वरुण रंजन और एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने मोरहाबादी स्थित मैदान का जायजा लिया।

इस दौरान दोनों अधिकारियों ने संबंधित अधिकारियों को कई दिशा-निर्देश दिये। मौके पर उपायुक्त ने बताया कि 28 नवंबर को नये सरकार का शपथ ग्रहण समारोह होना प्रस्तावित है। इसको लेकर सभी तैयारियां शुरू कर दी गयी हैं। कार्यक्रम में सभी विधायकों के अलावा अन्य जिलों से लोग आयेंगे। इसके मद्देनजर ट्रैफिक की अलग व्यवस्था की जायेगी। मुख्य सचिव की ओर से निर्देश दिये गये हैं। साथ ही कैबिनेट डिपार्टमेंट के साथ समन्वय बनाकर काम करने को कहा गया है। बड़ी संख्या में लोग आयेंगे। हालांकि, इसकी संख्या अभी स्पष्ट नहीं है। शपथ ग्रहण समारोह के लिए टेंट लगाने सहित अन्य काम शुरू कर दिए गए हैं।

उपायुक्त ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी तैयारियां तय समय पर पूरा करें , जिससे किसी भी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रहेंगे। पर्याप्त संख्या में सुरक्षाबलों की तैनाती की जायेगी।

### मुख्य सचिव ने शपथ समारोह की तैयारियों की समीक्षा की

रांची : मुख्य सचिव अलका तिवारी ने सोमवार को प्रोजेक्ट भवन में 28 नवंबर को होने वाले हेमंत सोरेन के शपथ समारोह की तैयारियों की समीक्षा की। इसे लेकर कई दिशा-निर्देश भी दिए। शपथ ग्रहण समारोह के आयोजन का जिम्मा रांची जिला प्रशासन को सौंपा गया है। इसके लिए रांची डीसी वरुण रंजन को कई दिशा-निर्देश भी दिए गए हैं। कैबिनेट कोर्डिनेशन डिपार्टमेंट इस पूरे आयोजन की मॉनिटिरिंग करेगा।

**शपथ ग्रहण कार्यक्रम में सभी विधायकों के अलावा अन्य जिलों से लोग आयेंगे। इसके मद्देनजर ट्रैफिक की अलग व्यवस्था की जायेगी।**

**उपायुक्त ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी तैयारियां तय समय पर पूरा करें , जिससे किसी भी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़े।**



### इन अधिकारियों ने किया निरीक्षण

निरीक्षण के दौरान उप विकास आयुक्त दिनेश कुमार यादव, अनुमंडल पदाधिकारी सदर उत्कर्ष कुमार, पुलिस अधीक्षक शहर राजकुमार मेहता, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सुमित अग्रवाल, अपर जिला दंडाधिकारी (विधि-व्यवस्था) राजेश्वर नाथ आलोक, जिला परिवहन पदाधिकारी अखिलेश कुमार एवं सम्बंधित सभी पुलिस उपाधीक्षक उपस्थित थे।

### कार्यक्रम की व्यवस्थाएं

शपथ ग्रहण समारोह में आने-जाने के लिए सुगम यातायात की व्यवस्था, खान-पान की व्यवस्था, दूसरे राज्यों से आने वाले मेहमानों के आवासन एवं उनके पारंपरिक तरीके से स्वागत, पार्किंग, वीवीआईपी मूवमेंट, रुटलाइनिंग, कंट्रोल रूम, पेयजल, मोबाइल टॉयलेट, अग्निशमन एवं अन्य सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही हैं।

शीतकालीन सत्र का पहला दिन चढ़ा हंगामे की भेंट

# अडानी और संभल पर विपक्ष हमलावर



**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** संसद का शीतकालीन सत्र सोमवार से शुरू हो गया. 20 दिसंबर तक चलने वाले इस सत्र में 5 नए विधेयक पेश होंगे, जबकि वक्फ (संशोधन) समेत 11 अन्य विधेयकों को चर्चा के लिए लिस्ट किया गया है. सरकार इन विधेयकों को इसी सत्र में पास कराने की कोशिश में है, लेकिन विपक्ष कुछ मुद्दों पर आक्रमक है और उससे पूरा सत्र हंगामेदार रह सकता है. यह सेशन कितना हंगामेदार रह सकता है इसकी बानगी पहले दिन ही देखने को मिली, जब अडानी और संभल मुद्दे पर चर्चा के लिए कांग्रेस और सपा ने जोरदार हंगामा किया. इसके बाद सदन की कार्यवाही कल तक के लिए स्थगित कर दी गई. अब बुधवार यानी 27 नवंबर को कार्यवाही शुरू होगी. वहीं, संसद का शीतकालीन सत्र शुरू होने से एक दिन पहले रविवार को एक सर्वदलीय बैठक बुलाई गई थी. इस दौरान कांग्रेस ने अडानी समूह के रिश्वत मामले में और मणिपुर हिंसा मामले में दोनों सदनों में चर्चा कराए जाने की मांग की. विपक्षी दल दोनों ही मुद्दों पर सरकार से जवाब चाहते हैं. यहां हम बता रहे हैं कुछ ऐसे मुद्दे, जिन पर पूरा शीतकालीन सत्र हंगामेदार रह सकता है. अडानी रिश्वतकांड और संभल हिंसा पर पूरा विपक्ष एकजुट होकर चर्चा करने की मांग कर रहा है. मणिपुर हिंसा पर विपक्ष शुरू से ही पीएम पर हमला बोल रहा है. विपक्ष इस पर भी चर्चा चाहता है. इसे लेकर आगे हंगामे के आसार हैं.विपक्षी दल दिल्ली-एनसीआर में बढ़ते प्रदूषण और इसके समाधान के लिए सरकार के उपायों को जानने के लिए भी इस पर चर्चा चाहता है.

**संसद का शीतकालीन सत्र शुरू होने से एक दिन पहले रविवार को एक सर्वदलीय बैठक बुलाई गई थी. इस दौरान कांग्रेस ने अडानी समूह के रिश्वत मामले में और मणिपुर हिंसा मामले में दोनों सदनों में चर्चा कराए जाने की मांग की. विपक्षी दल दोनों ही मुद्दों पर सरकार से जवाब चाहते हैं. यहां हम बता रहे हैं कुछ ऐसे मुद्दे, जिन पर पूरा शीतकालीन सत्र हंगामेदार रह सकता है.**

# नक्सलियों ने की दो लोगों की निर्मम हत्या



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चाईबासा :** गुदड़ी थाना क्षेत्र के गीरू गांव में नक्सलियों ने धारदार हथियार से दो लोगों की बेरहमी से हत्या कर दी. घटना शनिवार रात की है जब दोनों लोग ट्रैक्टर से अवैध बालू ढुलाई में लगे हुए थे. नक्सलियों ने धारदार हथियार व कुल्हाड़ी का इस्तेमाल कर उनकी निर्मम हत्या की है. जानकारी अनुसार नक्सलियों ने अवैध बालू खनन और ढुलाई को रोकने के उद्देश्य से यह हमला किया. इस घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है. पश्चिम सिंहभूम के एसपी आशुतोष शेखर ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस की टीम मामले की जांच में जुटी है. घटना के पीछे प्रतिबंधित नक्सली संगठन के होने का संदेह है. घटना के बाद इलाके में पुलिस ने सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया है. क्षेत्र में सुरक्षा बढ़ा दी गई है और नक्सलियों के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी गई है. वहीं घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों में डर का माहौल है. लोगों ने सरकार और प्रशासन से सुरक्षा की मांग की है. पुलिस ने लोगों को भरोसा दिलाया है कि दोषियों को जल्द ही गिरफ्तार कर कड़ी सजा दी जाएगी. इस घटना ने एक बार फिर से नक्सलियों की हिंसक गतिविधि पर लगाम लगाने की जरूरत पर बल दिया है.

# महाराष्ट्र : मुख्यमंत्री की कुर्सी के लिए ढाई-ढाई साल का फॉर्मूला !

**मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री अजित पवार और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने समय-समय पर यह स्पष्ट किया है कि मुख्यमंत्री पद पर फैसला तीनों दलों के नेता मिल बैठकर करेंगे.**



**एजेंसी**

**मुंबई :** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में भाजपा के नेतृत्व में महायुति की प्रचंड जीत के बाद मुख्यमंत्री पद के लिए देवेंद्र फडणवीस के नाम की चर्चा है. हालांकि उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने इस चर्चा पर विराम लगा दिया है. उन्होंने कराड में मीडिया से बातचीत में कहा कि अभी तक मुख्यमंत्री पद को लेकर कोई चर्चा नहीं हुई है.महायुति ने मुख्यमंत्री का चेहरा घोषित किए बिना ही चुनाव लड़ा. मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री अजित पवार और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने समय-समय पर यह स्पष्ट किया है कि मुख्यमंत्री पद पर फैसला तीनों दलों के नेता मिल बैठकर करेंगे. अगर तीनों नेता मिलकर फैसला करते हैं और भाजपा आलाकमान की मुहर लगती है तो देवेंद्र फडणवीस तीसरी बार मुख्यमंत्री बन सकते हैं. सूत्रों के मुताबिक वे ढाई साल तक राज्य के मुख्यमंत्री पद पर रह सकते हैं. जानकारी के मुताबिक, भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने मुख्यमंत्री पद के लिए फडणवीस के नाम पर मुहर लगा दी है. चर्चा है कि पहले ढाई साल के लिए देवेंद्र फडणवीस ही मुख्यमंत्री की कुर्सी संभालेंगे. चर्चा है कि शिवसेना प्रमुख और मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को बाद के ढाई साल के लिए मुख्यमंत्री पद दिया जाएगा. चर्चा यह भी है कि ढाई साल मुख्यमंत्री रहने के बाद देवेंद्र फडणवीस भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बन जाएंगे.

# पर्थ टेस्ट में भारत की ऐतिहासिक जीत




**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** भारत ने ऑस्ट्रेलिया को पर्थ टेस्ट में 295 रन से हराकर पांच मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली। इस जीत के साथ भारतीय टीम ने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की उम्मीदों को भी जिंदा रखा है। फाइनल में पहुंचने के लिए भारत को अब तीन मुकाबले और जीतने होंगे।पहले टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया को हराकर भारत अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गया है।

उनका अंक प्रतिशत भी 58.33 से सुधरकर 61.11 का हो गया है। वहीं, ऑस्ट्रेलिया 13 मैचों में चौथी शिकस्त के साथ दूसरे पायदान पर खिसक गया। उनका अंक प्रतिशत 57.69 का हो गया। यह भारत की बता दें कि, इस मैच से पहले भारत को विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फाइनल में पहुंचने के लिए 4-0 से सीरीज जीतनी थी। पहला मैच जीतने के बाद अब टीम को तीन और मुकाबले अपने नाम करने होंगे। यह भारत की 15 मैचों में नौवीं जीत है। अब उनके खाते में 110 अंक हो गए।

तीसरे स्थान पर 55.56 अंक प्रतिशत के साथ श्रीलंका है, जबकि चौथे और पांचवें पायदान पर क्रमशः न्यूजीलैंड (54.55) और दक्षिण अफ्रीका (54.17) है। पर्थ के ऑप्टस स्टेडियम में टीम इंडिया ने ऑस्ट्रेलिया के सामने 534 रन का लक्ष्य रखा था। जवाब में कंगारू टीम 238 रन पर सिमट गई।

## केजरीवाल का तोहफा, दिल्ली में फिर शुरू हुई बुजुर्गों की पेंशन

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** दिल्ली सरकार ने चुनाव से पहले हजारों बुजुर्गों को बड़ा तोहफा दिया है। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजन अरविंद केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली के लाखों बुजुर्गों को पेंशन मिलेगी। आज दिल्ली सरकार की और से दिल्ली में 80,000 वृद्धा पेंशन खोली जा रही है। दिल्ली में बुजुर्गों की पेंशन हमने फिर से शुरू करा दी है। अब सब रूके हुए काम फिर से शुरू कराएंगे। एक्स पर पोस्ट करते हुए आम आदमी पार्टी ने लिखा कि बुजुर्गों को उनके बेटे अरविंद केजरीवाल ने तोहफा दिया है। अब दिल्ली के पांच लाख 30 हजार से ज्यादा बुजुर्गों को 2500 रुपये तक की पेंशन मिलेगी। दिल्ली के पूर्व सीएम और राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि आज हम दिल्ली के बुजुर्गों के लिए एक अच्छी खबर लाए हैं। 80 हजार बुजुर्ग पेंशन खुल रही हैं। अब कुल पांच लाख 30 हजार बुजुर्गों को पेंशन मिलेगी। केबिनेट ने इसे पास किया है और दिल्ली सरकार ने इसमें सुधार किया है।

Asarfi Hospital, Dhanbad
1st TIME LIVER & KIDNEY TRANSPLANT CLINIC AT DHANBAD
IN ASSOCIATION WITH
MGM HEALTH CARE CHENNAI
Liver Transplant Specialist
Dr. Thiagarajan Srinivasan
MBBS, MS, DNB (Gastro Surgery)
Kidney Transplant Specialist
Dr. Vikram Sagar TV
MBBS, MRCP (UK), CCT in Renal Medicine (UK), FRCP (Edinburgh), FRCP (London)
Clinic Date : 27th Nov. (Wednesday), 11:00 AM Onward
7808368888 Baramuri, P.O.: Bishunpur Polytechnic, Dhanbad 828130

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



# सुजीत सिन्हा गिरोह के दो अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**छतरपुर :** छतरपुर थाना अंतर्गत विभिन्न व्यवसाईयों से रंगदारी एवं फिरौती मांगने वाले दो लोगों पुलिस ने गिरफ्तार किया है छतरपुर थाना प्रभारी प्रशांत कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि छतरपुर के कुछ व्यवसायों को सुजीत सिन्हा के गुर्गे ने फोन कर रंगदारी मांगा था उन्होंने बताया कि कुख्यात अपराधकर्मी गैंगस्टर सुजित सिन्हा एवं उसके गिरोह के द्वारा पलामू जिला अंर्तगत विभिन्न क्रेशर मालिको, ट्रास्पोटर, इटा भष्ठा एवं अन्य व्यवसायियों को रंगदारी मागने,धमकी भरा मैसेंज भेजा गया था एवं रगदारी नहीं देने और मैनेज न करने पर अंजाम भुगतने का भी धमकी दिया जा रहा था। छत्तरपुर थाना अन्तर्गत भी व्यवासायियों को धमकी भरा मैसेज भेजा गया था। इस संबंध में छतरपुर थाना में काण्ड दर्ज कर अनुसंधान किया जा रहा था। अनुसंधान के क्रम में दो व्यक्तियों को धमकी देने में उपयोग किया गया मोबाईल के साथ गिरफ्तार किया गया। दोनों व्यक्तियों ने अपना अपराध कबुल किया है और बताया है कि ये दोनों कुख्यात अपराधकर्मी सुजित सिन्हा के लिए काम करते हैं गिरफ्तार अपराधकर्मी राजा बाबु केशरी उर्फ राजा बाबु उम्र करीब 20 वर्ष, कार्तिकेय उर्फ सचिन उम्र करीब 24 वर्ष दोनों ग्राम माण्डा खास पो0+थाना माण्डा खास जिला प्रयागराज उत्तर प्रदेश को थाना छतरपुर कांड संख्या 203/24 धारा 308 (3)/308(4) बी एन एस 2023 के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

## विधायक आलोक कुमार चौरसिया का दस वर्षो का कार्य काल को देख कर जनता ने दिया आशीर्वाद : प्रमुख गायत्री देवी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर :** प्रखण्ड क्षेत्र के मझिगावां गांव में सोमवार को डाल्टनगंज भंडरिया विधानसभा के विधायक आलोक चौरसिया का आवास पर प्रखण्ड प्रमुख गायत्री देवी ने मिलकर जीत का बधाई दिया साथ ही पुष्प गुच्छ देकर धन्यवाद दिया। मौके पर प्रमुख गायत्री देवी ने कही कि क्षेत्र का चहुमुखी विकास हो इसके लिए क्षेत्र की जनता ने विश्वास के साथ तीसरी बार विधायक आलोक चौरसिया को आशीर्वाद दिया है साथ ही उन्होंने कहा कि विधायक आलोक चौरसिया ने पिछले दस वर्षों में क्षेत्र में विकास का गंगा बहाने का काम किया है जिसका परिणाम है कि क्षेत्र का जनता ने तीसरी बार भारी बहुमत के साथ चुनाव में वोट देकर जिताने का काम किया है।

## गुलाबचंद प्रसाद अग्रवाल डिग्री कॉलेज का विश्वविद्यालय की टीम ने किया निरीक्षण



**छतरपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** नीलाम्बर-पीताम्बर विश्वविद्यालय की एक टीम ने छतरपुर के गुलाबचंद प्रसाद अग्रवाल कॉलेज का दौरा किया और कॉलेज की व्यवस्थाओं, संसाधनों एवं शिक्षण गुणवत्ता का मूल्यांकन किया। विश्वविद्यालय के कॉम डीन डॉ आइजे खलको, डॉ मृत्युंजय कुमार, साइंस डीन डॉ गजेंद्र सिंह एवं आर्ट्स डीन डॉ बिनोद पाठक ने हिस्सा लिया निरीक्षण के दौरान पुस्तकालय, कंप्यूटर लैब, होम साइंस विभाग, गार्डेनिंग, और खेल मैदान कॉलेज के कर्मचारियों द्वारा यूनिफॉर्म और आईडी कार्ड का पालन किए जाने को भी टीम ने पेशेवर कार्य संस्कृति का प्रतीक बताया। कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य प्रो. राजकिशोर लाल, प्रो. अमित कुमार सिंह, प्रो. अखिलेश कुमार सिंह, और सफल कुमार मेहता ने टीम को सभी विभागों का भ्रमण कराया। मौके पर कॉलेज के सभी कर्मचारियों उपस्थित थे।

## लंगरकोट गांव समाजसेवी नथुनी चौधरी के निधन पर किया शोक व्यक्त



**हुसैनाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के लंगरकोट गांव समाजसेवी सह प्रतिष्ठित व्यक्ति नथुनी चौधरी उम्र 67 को आस्मिक निधन रविवार को हो गया इनका अंतिम संस्कार देवरी सोन नदी मुक्ती धाम पर किया गया इनके निधन पर शोक व्यक्त में सामिल भाजपा नेता सह त्रिपुरा प्रभारी अशोक सिंह समाजसेवी पवन पटेल उपरीकाला पूर्व पंचायत समिति सदस्य रामजी राम समाज सेवी सुधीर कुमार सिंह उर्फ पप्पू कुमार सिह मिथिलेश कुमार सिंह कमलेश चौधरी शैलेश चौधरी बर्ष बिन्दे चौधरी मनिष चौधरी राकेश चौधरी गोपाल पटेल अजय शर्मा अरविन्द शर्मा रामराज चौधरी कन्हाई चौधरी बब्लू चौधरी लखन राम राजू पासवान रामवृक्ष सिंह शिवपूजन चौधरी विनोद कुमार चौधरी प्रमोद कुमार चौधरी रंजन कुमार चौधरी सुरेश्वर प्रसाद गुप्ता तपेश्वर शर्मा सर्जुन ठाकुर गोधन ठाकुर वसंत सिह रविद्र कुमार सिंह सुरेन्द्र सिंह रविरंजन सिंह राम आशिष सिह कामेश्वर पासवान राजेन्द्र राम गोरख ठाकुर बिहारी चौधरी अशोक चौधरी लल्लू प्रसाद सिंह सहित अन्य लोग शोक व्यक्त किया।

# भाजपा की जीत पर कार्यकर्ताओं ने निकाला विजय जुलूस

### रामगढ़ में गूंजे मोदी-योगी के नारे, एक दूसरे को मिठाई खिलाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ (पलामू) :** रामगढ़ में डाल्टनगंज चैनपुर भंडरिया विधानसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी आलोक चौरसिया की तीसरी बार शानदार जीत के बाद रामगढ़ बाजार में भाजपा कार्यकर्ताओं ने खुशी का इज़हार करते हुए विजय जुलूस निकाला और जीत का जश्न मनाया। भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा वर्तमान विधायक सह भाजपा प्रत्याशी आलोक चौरसिया की हैट्रिक जीत पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने रामगढ़ बाजार परिसर में मिठाई बांटे और बम पड़ाका फोड़ कर खुशियां मनाया। इस अवसर पर कार्यकर्ता डीजे साउंड पर डांस कर खुशी का इजहार किया। मौके पर भाजपा कार्यकर्ता मनोज जायसवाल, अमरेश जयसवाल, पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष शंभू राम, महेंद्र सोनी, विनोद चंद्रवंशी, टिभू पासवान, मनीष जयसवाल, लड्डू जयसवाल, विनोद यादव, गोविंद यादव सहित कई लोग शामिल थें।

# प्रधानाध्यापकों को डाटा का दिया गया एक दिवसीय प्रशिक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** प्रखंड संसाधन केंद्र अधौरा में सोमवार को संकुल संसाधन केंद्र चितविश्राम व अधौरा से सम्बंधित विद्यालय के प्रधानाध्यापकों को डाटा इंट्री ऑपरेटर एमआईएस कोऑर्डिनेटर राजकुमार के द्वारा जीपी, ईपी, अपार, नया नामांकन इंट्री को लेकर एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। बीपीओ तहमीना परवीन ने सत्र 2024-25 के बजट प्रपत्र भरने की जानकारी दिया। बीपीओ ने प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी विजय कुमार पांडेय के निर्देशानुसार सभी उच्च विद्यालयों के बच्चों को डीबीटी के माध्यम से पोशाक की राशि भेजने के लिये फॉर्मेट में वर्ग 9 से 12 तक का डाटा बीपीओ के पास जमा करने की जानकारी दिया।उन्होंने छोटे बच्चों को पोशाक की राशि भेजने के लिये वर्ग एक और दो में अध्ययनरत छात्र छात्राओं की संख्या उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। मौके पर बीआरपी प्रकाश कुमार सिंह, डाटा इंट्री ऑपरेटर रोहित कुमार सहित अन्य शिक्षक उपस्थित थे।

## छतरपुर विस में कॉग्रेस के प्रत्याशी राधा कृष्ण किशोर 6 वीं बार बने विधायक : नीतीश



**नौड़ीहा बाजार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड विधानसभा चुनाव का परिणाम शनिवार को जारी कर दिये गए। इस बार कॉग्रेस की प्रत्याशी राधा कृष्ण किशोर के 71857 मत मिलें जबकी भाजपा प्रत्याशी पुष्पा देवी को 71127 मत प्राप्त हुआ। जबकी कॉग्रेस प्रत्याशी राधा कृष्ण किशोर ने 736 वोट से भाजपा प्रत्याशी पुष्पा देवी को हराकर विजय घोषित किये गए। इसी उपलक्ष्य मे नौड़ीहा बाजार प्रखंड के दलित प्रकोष्ट के अध्यक्ष श्री नितीश कुमार ने कॉग्रेस प्रत्याशी राधा कृष्ण किशोर उर्फ़ चुन्नू राम को विजयी घोषित होने पर हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी है।उन्होंने बताया कि अब छतरपुर -पाटन विधानसभा क्षेत्र मे चहमुखी विकास होगी।अबकी बार फिर से महा गठबंधन की सरकार हेमंत सोरेन की नेतृत्व मे बनेगी। जनता ने झारखंड मे विकास की गति को पहचान है और प्रचंड बहुमत देकर राज्य मे जल ,जंगल और जमीन की रक्षा के लिए अपनी माइंडेड देते हुए जिम्मेवारी सौपी हैं। कॉग्रेस राज्य के लिए हमेशा सक्रिय रहा है । झारखंड एक बार फिर बेहतर विकास का साक्षी बनेगा और राहुल गांधी के सपनों को साकार करेगा।

# पुलिस ने शहर में चलाया सघन वाहन चेंकिंग अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** एसपी रेशमा रमेशन के निर्देश पर ट्रैफिक पुलिस के द्वारा सोमवार को नगर निगम क्षेत्र के छह मुहान चौक पर सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया. चेकिंग के दौरान बाइक चालकों के हेलमेट की जांच की गयी. हेलमेट के अलावा बाइक पर ट्रिपल लोड सवार, ड्राइविंग लाइसेंस के अलावा अन्य कागजात की जांच की गयी. इस दौरान चार पहिया वाहनों में सीट बेल्ट को भी पुलिस ने देखा. इस संदर्भ में सहमाल अहमद ने बताया कि दर्जनों वाहनों के चेकिंग में कुल 24 वाहनों से 41600 रुपये का चालान काटा गया. वाहन जांच को देख कई बाइक सवार काली मंदिर से पहले बाइक घुमाकर भाग खड़े हुए. वाहन जांच से बिना कागजात व हेलमेट वाले बाइक चालकों के बीच हड़कंप देखा गया।


# अनियंत्रित होकर पलटा ट्रैक्टर, हादसे में पिता की मौत बेटा घायल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर(पलामू) :** चैनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत सलतुआ व रबदा पंचायत के सिवान पर सोमवार की शाम को एक ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया. दुर्घटना में ट्रैक्टर चालक गंभीर रूप से घायल हो गया जबकि ट्रैक्टर पर सवार एक व्यक्ति का मौके पर ही मौत हो गया. घटना की सूचना पाकर खुरा पिकेट पुलिस अपने दल बल के साथ मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल में भेजवाया. जहां पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा. वहीं घायल को उपचार के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है.इस संदर्भ में खुरा पिकेट प्रभारी सुखदेव महली ने बताया कि कुमनी में छरी गिराकर सलतुआ की और जा रहा ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया. दुर्घटना में मृतक सेमरा गांव निवासी मुस्लिम अंसारी का मौके पर ही मौत हो गई जबकि उसके बेटे वाहन चालक गंभीर रूप से घायल हो गया. जिसे पुलिस ने उपचार के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया।

# सामान्य नेताओं व मतदाताओं के अनदेखे से हुई हार : अविनाश वर्मा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अविनाश कुमार वर्मा ने एक बयान जारी कर पलामू प्रमंडल समेत संपूर्ण झारखंड में सभी विजयी उम्मीदवारों को बधाई देते हुए हार्दिक शुभकामनाएं दी है। अविनाश वर्मा ने झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 के संपन्न होने के साथ महामहिम राज्यपाल महोदय द्वारा गठबंधन के नेता माननीय हेमंत सोरेन को इस राज्य के 14 वें मुख्यमंत्री के लिए आमंत्रित किए जाने पर भी विशेष बधाई देते हुए कहा की यही लोकतंत्र की खूबसूरती है और तभी भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है जहां करोड़ों लोग इस व्यवस्था को नमन करते हैं। अविनाश वर्मा ने राज्य के प्रमुख नेता बाबूलाल मरांडी समेत कई बड़े नेताओं की जीत को सदन के लिए शुभ संकेत माना है जबकि कई प्रमुख नेताओं की हार को सदन के लिए नुकसान बताया है। अविनाश वर्मा ने कहा कि झारखंड अलग होने के बाद इस चुनाव में सर्वाधिक 12 महिला विधायकों का चुनकर आना भी महिला सशक्तिकरण और देश के लोकप्रिय प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी जी के द्वारा महिला आरक्षण विधेयक को मजबूती प्रदान करने वाला बताया। वर्मा ने पूरे चुनाव में अपने जैसे हजारों कार्यकर्ताओं की मेहनत और कठिन परिश्रम के सहारे संगठन में कार्य करने वाले लोगों को विशेष रूप से धन्यवाद देते हुए इस चुनाव में संगठन के द्वारा हर संभव सहयोग करने के लिए भी केंद्र और प्रदेश नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया है जबकि दो तीन गलत निर्णयों के कारण हुई भयानक हार के लिए जातिगत समीकरण के कारण प्रदेश में बैठे कुछ अनुभवहीन कर्ता-धर्ताओं को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी के साथ स्वर्ण जाति के नेताओं और मतदाताओं की अनदेखी को भी प्रमुख रूप से एक बड़ा कारण माना है। अविनाश वर्मा ने महाराष्ट्र चुनाव में मिली अप्रत्याशित जीत पर जहां प्रसन्नता व्यक्त की है वही झारखंड चुनाव परिणाम पर अफसोस व्यक्त करते हुए कहा की महाराष्ट्र की जनता जहां भाजपा के नेतृत्व में खुशहाली और विकास देखेगी वहीं झारखंड की जनता उसी भाजपा के नेतृत्व में जनहित में संघर्ष के साथ 2029 में परिणाम देखेगी, क्योंकि वर्तमान में महाराष्ट्र हो या झारखंड दोनों राज्यों के विधानसभा चुनाव परिणाम स्वस्थ राजनीति का एक हिस्सा है। अंत में अविनाश वर्मा ने चुटकी लेते हुए कहा की गनीमत इस बात की है कि चुनाव परिणाम आए दो दिन होने को है बावजूद अभी तक किसी ने ईवीएम पर सवाल नहीं उठाया है जो अचंभित करने वाला है।

# रोटरी स्कूल में कफोलॉजी पाठशाला का आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** चैनपुर थाना नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत रोटरी स्कूल चैनपुर में कफोलॉजी पाठशाला सहित सार्वजनिक जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जागरूकता कार्यक्रम ग्लेनमार्क फार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड फाउंडेशन ने आयोजित किया।इस कार्यक्रम में रोटरी स्कूल की पूर्व छात्रा डॉ अंजनी बाला ने रोटरी स्कूल चैनपुर के 400 बच्चों के बीच खांसी के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा की और सुरक्षात्मक उपाय बतलाते हुए इस संबंध में जागरूक किया साथ ही खांसी से संबंधित कारण, बीमारी और उसका उपचार बताया और बच्चों को व्यक्तिगत रूप से भाग लेने के लिए सभी को भागीदारी प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। वहीं विद्यालय के चेयरमैन अनुग्रह नारायण शर्मा ने कहा कि जिस चुनौतीपूर्ण परिस्थिति में इन्होंने डॉक्टर पद को सुशोभित किया हैं वह कुछ सोचने के लिए विवश कर देता हैं।हम उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं।रोटरी परिवार अपेक्षात्मक सहयोग देने के लिए तैयार हैं साथ ही विद्यालय के प्राचार्य अश्लेष पांडे ने कहा कि हमारे विद्यालय का गौरवपूर्ण इतिहास रहा हैं कि यहां से पढ़कर निकलने वालें छात्र छात्राएं आगे चलकर ऊंचे पद को सुशोभित कर रहें हैं इसके लिए रोटरी विद्यालय को गर्व हैं।उन्होंने डॉ अंजनी बाला की भूरी भूरी प्रशंसा की साथ ही उन्होंने कहा कि दिव्यांग होने के उपरांत भी डॉक्टर के पद को सुशोभित करना और ख्याति प्राप्त शिशु रोग विशेषज्ञ होना इस विद्यालय के लिए बहुत ही गर्व की बात हैं यह प्रकृति को दिया गया चुनौतीपूर्ण कार्य हैं।प्रबंधक अभिजीत रंजन व संयोजक राजेश वर्मा ने विद्यालय प्रबंधन तथा प्राचार्य के सहयोगात्मक व्यवहार की बहुत प्रशंसा की और कहा कि हमलोग परिसर की सफ़ाई, इंफ्रास्ट्रक्चर व अनुशासित बच्चो से बहुत प्रभावित हैं। मौके पर जागरुकता कार्यक्रम में काफी संख्या में विद्यार्थियों ने भाग लिया।


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## संक्षिप्त खबरें

### रांची में महिला ने की खुदकुशी

**रांची :** शहर के लोअर बाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत पत्थरकुदवा में किराये के मकान में रहने वाली एक महिला ने फंदे से लटकर खुदकुशी कर ली। महिला का शिनाख्त सीमा परवीन के रूप की गई है। पुलिस ने सोमवार को शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया है। बताया जा रहा है कि महिला का सोहराम के साथ विवाह हुआ था। उसके दो बच्चे भी हुए। बाद में महिला ने सोहराम को तलाक दे दिया। इसके बाद महिला तीन साल से अजीम के साथ लिव इन रिलेशनशिप में रह रही थी। अजीम ने शादी से इनकार किया, तो महिला ने धोखा देकर यौन संबंध बनाने को लेकर अजीम के खिलाफ वर्ष 2022 केस दर्ज कराई थी, जिसमें अजीम बेल पर था। आशंका जताई जा रही है कि प्रताड़ना से तंग आकर महिला ने खुदकुशी कर ली है। थाना प्रभारी दयानंद कुमार ने बताया कि मामले की जांच-पड़ताल की जा रही है।

### विधानसभा चुनाव संपन्न होने के साथ आचार संहिता समाप्त

**रांची :** झारखंड में आदर्श चुनाव आचार संहिता सोमवार को खत्म हो गयी है। चुनाव आयोग ने आचार संहिता समाप्त करने की सोमवार को घोषणा कर दी है। इस संदर्भ में सभी कैबिनेट सेक्रेटरी, चीफ सेक्रेटरी, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को लेटर जारी कर दिया गया है। विधानसभा चुनाव को देखते हुए राज्य में 15 अक्टूबर से आचार संहिता लागू था। ऐसे में कोई नया काम नहीं हो रहा। अब सभी काम हो सकेंगे। झारखंड में चुनाव के दौरान आचार संहिता उल्लंघन के तहत 200 करोड़ से अधिक मूल्य के कैश, नशीली पदार्थ और लीकर जब्त की गयी थी। वहीं, एमसीसी के मामले में 100 से अधिक एफआईआर दर्ज किये गये हैं।

# 28 नवंबर को होगा शपथ ग्रहण

**परवेज कुरैशी@प्रभात मंत्र**

**रांची।** इंडिया गठबंधन ने 56 सीटों पर जीत हासिल करके बहुमत की सरकार बनाने में सफल रहा । झारखंड मुक्ति मोर्चा 34 सीटें,कांग्रेस 16 सीटें, आरजेडी 4, माले 1 और 1 कुल 56 सीटें हैं। हेमंत सोरेन 28 नवंबर 2024 को मोरहबादी के ऐतिहासिक मैदान में दूसरी बार शपथ लेंगे । इस मौके पर कई और विधायक मंत्री पद का शपथ लेंगे। बता दें कि इस बार 12 मंत्रियों की कैबिनेट होगा। इसमें झारखंड मुक्ति मोर्चा से छह, कांग्रेस से चार, आरजेडी से दो और माले से एक-एक विधायक को मौका मिलने की संभावना है। इस पूरी भीड़ में झारखंड मुक्ति मोर्चा से मुख्यमंत्री के रूप में हेमंत सोरेन शपथ लेंगे, तो वहीं तमाड़ विधायक विकास सिंह मुंडा को भी मौका मिल सकता है, क्योंकि वे तीसरी बार लगातार विधायक चुने गये हैं । तमाड़ खूंटी संसदीय क्षेत्र और रांची जिला के अंतर्गत आता है। मुंडा जनजाति का बहुल क्षेत्र है , देखा जाए तो इन्हें मौका मिलने की पूरी संभावना है। क्योंकि खूंटी से भाजपा ने 2014 में नीलकंठ सिंह मुंडा को मंत्री बनाया था और खूंटी संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत भगवान बिरसा मुंडा का जन्मस्थली भी है । यह क्षेत्र काफी पिछड़ा हुआ भी है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी खूंटी पर ही केंद्रित करते हैं। वे खूंटी आ चुके हैं , और कई बार भाजपा केंद्रीय मंत्रियों गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सहित कई मंत्रियों का आना लगा रहता है। इसलिए हेमंत सोरेन इस मंत्रिमंडल में खूंटी संसदीय क्षेत्र को प्राथमिकता अगर देते हैं तो उसे प्राथमिकता में विकास सिंह मुंडा प्रथम नंबर पर आते हैं , इसलिए संभावनाएं अधिक बन रही है। विकास मुंडा को मंत्री बनाए जाने पर यहां पर विकास बड़ी तेजी से की जा सकती है और पूरा खूंटी संसदीय क्षेत्र में झारखंड मुक्ति मोर्चा एक बार फिर से मजबूत स्थिति में नजर आएगी , क्योंकि इस क्षेत्र में झारखंड मुक्ति मोर्चा पहली बार मजबूती के साथ जीत हासिल की है। वहीं खूंटी संसदीय क्षेत्र में भी लोकसभा चुनाव के दौरान तमाड़ विधानसभा से कांग्रेस की उम्मीदवार कालीचरण मुंडा को काफी वोट दिलाने में विकास मुंडा ने अहम भूमिका निभाई थी। इसलिए भी इस समीकरण में विकास सिंह मुंडा सटीक बैठते हैं। इसलिए इन्हें मंत्रिमंडल में शामिल किया जा सकता है और कल्याण विभाग की जिम्मेदारी सौंपी जा सकती है।




इसके अलावा हफीजुल हसन, बसंत सोरेन, दीपक बिरुवा और रामदास सोरेन को मंत्रिमंडल में शामिल करने की ज्यादा संभावनाएं हैं। वहीं कांग्रेस के चार कोटे से दीपिका पांडे क्योंकि पूर्व में भी कृषि मंत्री रह चुकी है तो इस बार ओबीसी समीकरण को देखते हुए इन्हें प्राथमिकता दी जाएगी, तो वहीं पौडैयाहाट है से प्रदीप यादव भी इस समीकरण में आ सकते हैं, हालांकि दीपिका पांडेय की दावेदारी मजबूती दिख रही है , तो वहीं एक बार फिर से डॉक्टर इरफान अंसारी और राधा कृष्ण किशोर या फिर कांके से पहली बार कांग्रेस को जीत दिलाने वाले विधायक सुरेश बैठा को मौका मिल सकता है। दोनों एससी कोटे से आते हैं और सुरेश बैठा कांके में पहली बार कांग्रेस सीट जीती है, तो इसलिए इन्हें मौका दे सकती है । पूर्व मंत्री आलमगीर आलम की पत्नी सबसे अधिक वोटों से जीत हासिल की है निशात आलम पर बात हो रही थी, लेकिन लगता है इन्हें मौका नहीं मिलेगा। इनकी जगह पर अगर किसी महिला को अगर देना हो तो दीपिका पांडेय या फिर नेहा शिल्पी तिर्की शामिल हो सकती है, यदि दीपिका को मौका मिलेगा तो नेहा शिल्पी तिर्की को नहीं और यदि नेहा शिल्पी तिर्की को मौका मिलेगा तो दीपिका के स्थान पर प्रदीप यादव को मौका दिया जाएगा । वहीं आरजेडी से संजय यादव को मौका मिल सकता है और सुरेश पासवान पर पुना विचार किया जा सकता है लेकिन आरजेडी कोशिश करेगी कि यादव वोट पर। माले से किसी एक को मंत्री पद दिया जा सकता है।

## जेएमएम अपने किये वायदे पूरा करने पर ध्यान दे : विजय चौरसिया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** जेएमएम महासचिव के बयान पर कड़ा प्रहार करते हुए भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता बिजय चौरसिया ने सोमवार को कहा कि जेएमएम के महासचिव को अब सरकार का गठन करवा कर जनता से किए अपने वायदे पर अपना ध्यान केंद्रित करना चाहिए। झारखंड की जनता ने उन्हें उनके किए वायदे पर बहुमत दिया है। अब वो अपने किए वायदे को लागू करवा कर जनता के विश्वास पर खरा उतरे। एनडीए राज्यहित हमेशा सहयोग को तैयार है। चौरसिया ने कहा कि शायद जेएमएम के महासचिव को अभी से अपने किए वायदे को न पूरा कर सकने का डर सताने लगा है। शायद इसलिए वो राज्य की जनता का ध्यान भटकाने के लिए अलग अलग कहानियां गढ़ने में लग गए हैं। कहा हमें डर है कि फिर से 2019 की तरह हीं वो अपने खुद के लिए वायदे को भूल न जाए। हालांकि इंडिया गठबंधन के लोग इसे भूलने का प्रयास भी करेंगे तो एनडीए उसे भूलने नहीं देगी।दूसरी बात यह है कि इस सरकार में राज्य के संथाल में लगातार हो रहे घुसपैठ को एनडीए बिसार नहीं सकती है। यह हमारा राष्ट्रहित का विषय है। यह आदिवासी समाज और उसकी अस्मिता का विषय है। इस पीड़ा को हम तब और ज्यादा समझते और महसूस करते हैं जब जेएमएम की जीत पर उनके लोग घुसपैठ जिंदाबाद के नारे लगाते हुए वीडियो जारी करता हो, जब इस सरकार के घटक दल कांग्रेस के प्रभारी घुसपैठियों को भी रियायत दर 450 में गैस सिलेंडर देने की बात करता हो ! एक तरफ हेमंत सोरेन यह नहीं मानते हैं कि राज्य कोई घुसपैठ हुआ है और दूसरी ओर इनके लोग घुसपैठ जिंदाबाद के नारे लगाते हों !बताया हम चुनाव जरूर हारे हैं लेकिन हम जनहित और राष्ट्रहित के मुद्दों से कोई समझौता न कभी किया है और न कभी करेंगे। कहा कि जेएमएम ने आने वाले दिसम्बर माह से हीं मईया सम्मान योजना की राशि 2500 भेजने का वायदा किया था सूबे की गृहणियों और किशोरियों से। हम कहेंगे कि शीघ्र मंत्रिमंडल का गठन कर वो दिसम्बर माह से 2500 की राशि सभी को भेजे।

## राजद के प्रदेश महासचिव कैलाश यादव ने पार्टी नेताओं को किया सम्मानित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** राजद के प्रदेश महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव ने पार्टी कार्यालय में मौजूद पूर्व केंद्रीय मंत्री सह झारखण्ड प्रभारी जयप्रकाश नारायण यादव, राष्ट्रीय महासचिव भोला यादव, नवनिर्वाचित विधायक सह प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव, विधायक सुरेश पासवान एवं वरिष्ठ नेता गौतम सागर राणा पूर्व मंत्री विजय प्रकाश को सम्मानित कर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। यादव ने कहा कि पार्टी कार्यालय और कार्यकर्ताओं में उत्सव का माहौल बना हुआ है। राजद और लालू प्रसाद एवं तेजस्वी यादव को चाहने वालों लोगों का आए दिन चहल-पहल बढ़ा हुआ है, जिसे आगामी राजनीति और प्रदेश के लिए शुभ संकेत माना जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि राजद का संगठन में प्रतिदिन मजबूती और बहुसंख्यक जनाधार को अधिक से अधिक बढ़ाने के लिए सभी साथीगण एक विकसित लक्ष्य के साथ कार्य करने का संकल्प ले रहे हैं। क्योंकि, सामूहिक मेहनत का नतीजा सफल परिणाम है। 28 को मोराबादी मैदान में शपथ ग्रहण के दौरान राज्यभर से भारी संख्या में राजद के लोग शामिल होंगे।

## प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने 60 दिवसीय संविधान रक्षक अभियान चलाने का दिया निर्देश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने सभी जिला अध्यक्षों को 60 दिवसीय संविधान रक्षक अभियान पांच विषयों को लक्षित कर चलाने का निर्देश दिया है। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने कहा कि संविधान और समानता की लड़ाई, संविधान द्वारा गारंटीकृत आरक्षण की सुरक्षा, भेदभाव का उन्मूलन, गरीबों के संविधान विरुद्ध पूंजीवादी सरकार के पक्षपात को उजागर करना, संविधान द्वारा गारंटीकृत लोकतंत्र और स्वतंत्रता पर भाजपा के हमलों को लेकर यह अभियान चलाया जाएगा। 26 नवंबर से 26 जनवरी,



2025 तक यह अभियान चलेगा। इस पूरे अभियान के दौरान एससी, एसटी, ओबीसी, अल्पसंख्यक, महिला, युवा, किसान समुदायों की स्थिति को खराब करने और इन्हें लक्ष्य करने वाली विभाजनकारी नीतियों को उजागर किया जाएगा। सोनाल ने कहा कि अभियान के जरिए भाजपा द्वारा भेदभाव को प्रदर्शित करने वाले आंकड़े, पूंजीपतियों के प्रति पक्षपातपूर्ण नीतियों, केंद्र सरकार के शासनकाल में उत्पन्न आर्थिक असमानता,सरकारी एजेंसियों के दुरुपयोग से जनता को अवगत कराया जाएगा।

जातिगत जनगणना की वकालत और आरक्षण प्रणाली पर भाजपा के भेदभाव पूर्ण विचारधारा को जनता के सामने लाना इस अभियान का अहम हिस्सा होगा। संविधान रक्षक अभियान के तहत रैलियां, जनसंपर्क, जमीनी स्तर पर जनसंवाद कर सभी मुद्दों को जनता के सामने लाया जाएगा। अभियान के द्वारा संविधान प्रदत अधिकारों, स्वतंत्रता और समानता की रक्षा को प्रतिबद्धता का प्रमाण बनाया जाएगा।

## भाजपा प्रवक्ता प्रतुल के घर हुई चोरी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** बीजेपी प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव के घर को निशाना बनाकर चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है। यह घटना रविवार देर रात अरगोड़ा थाना क्षेत्र के हरमू कॉलोनी स्थित सहजानंद चौक पर हुई। प्रतुल ने बताया कि चोरों ने उनके घर के ऊपर वाले कमरे में घुसकर अलमीरा तोड़ दी और सारा सामान बिखेर दिया। उनका कहना है कि चोरों को उनके घर में लगे सीसीटीवी कैमरों की पोजीशन की जानकारी पहले से थी, जिससे साफ पता चलता है कि वारदात को अंजाम देने से पहले रेकी की गई थी। घटना में एक चोर की तस्वीर सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। प्रतुल शाहदेव ने इस बारे में एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर पोस्ट कर जानकारी साझा की। उन्होंने लिखा, ऐसा लग रहा था कि घर में घुसने वालों ने पहले मेरे सीसीटीवी कैमरों की पोजीशन का पता लगाया था। मैंने इस घटना की सूचना रांची पुलिस को दी है और उनसे शीघ्र कार्रवाई की उम्मीद है। शाहदेव ने इस घटना को लेकर राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से कड़ी कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि जब शहर के मध्य में स्थित उनके घर में इस तरह की घटना हो सकती है, तो बाकी नागरिक कितने सुरक्षित हैं, इस पर सवाल उठता है।

## विमेंस टी-20 चैलेंजर ट्रॉफी का पहला मैच हुई टीम ए और टीम डी के बीच

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** सीनियर विमेंस टी-20 चैलेंजर ट्रॉफी का पहला मैच टीम ए और टीम डी के बीच जेएससीए इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में 11:00 बजे से 02:00 बजे तक खेला गया। जिसमें टीम डी ने टॉस जीत कर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए टीम ए ने 20 ओवरों में 4 विकेट खोकर 145 रन बनाए। टीम ए की बल्लेबाज प्रिया पुनिया ने 65 गेंदो में 7 चौको एवं 3 छक्के की मदद से 83 रन बनाये , अरुंधति रेड्डी ने



26 गेंदो में 4 चौकों की मदद से 32 रन बनाए 7 टीम डी की गेंदबाज मधु ने तीन ओवरो में 16 रन देकर तीन विकेट अर्जित किये एवं साइमा ठाकुर और फलक नाज ने एक-एक विकेट प्राप्त किये। जवाबी पारी में टीम डी ने 20 ओवरो में 8 विकेट खोकर 131 रन ही बना पाई। टीम डी की बल्लेबाज हुमैरा काजी ने 39 गेंदो में 7 चौकों की मदद से 50 रन बनाये एवं तनुजा कंवर ने 19 गेंदो में चार चौकों के मदद से 22 रन बनाये, धारा गुर्जर ने 22 गेंदो में दो चौकों की मदद से 19 रन बनाये। टीम ए की तरफ से गेंदबाजी करते हुए सैका इशाक ने 4 ओवरो मे 25 रन देखकर 2 विकेट अर्जित किए , हनी पटेल ने चार ओवरों में 12 रन देकर 2 विकेट अर्जित किये,मिता पाल ने चार ओवरों में 24 रन देकर दो विकेट अर्जित किय। इस प्रकार टीम ए ने 14 रनो से जीत अर्जित की। टीम ए के प्रिया पुनिया को मैन आफ द मैच का अवार्ड जेएससीए के आजीवन सदस्य नवल उपाध्याय के द्वारा दिया गया।

## 56 इंच का सीना हेमंत सोरेन का है, जो जनता ने दिया हैं : आजम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** पिछले 10 सालों से सुन रहे हैं 56 इंच का सीना, 56 इंच का सीना, लेकिन 56 इंच का सीना झारखंड की जनता ने बता दिया कि 56 इंच का सीना अगर किन्ही के पास है तो वह झारखंड आंदोलनकारी ,पूर व मुख्यमंत्री, राज्यसभा सांसद दिशुम गुरु शिबू सोरेन के सुपुत्र और झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की जो फिर से दूसरी बार झारखंड के मुख्यमंत्री पद संभालने जा रहे हैं। हेमंत सोरेन ने यह साबित कर दिया झारखंड के



राजनीति में हेमंत सोरेन ही एक ऐसे नेता हुए जो जनता की आवाज बनकर भाजपा से बगावत की और जनता ने इन्हें 56 सीटें देकर 56 इंच की बातों को हकीकत में बदल दिया। इंडिया गठबंधन को 56 सीटें मिली है, झारखंड मुक्ति मोर्चा को 34, कांग्रेस को 16 और राजद को चार और माले को दो सीटें मिली है। उक्त बातें झारखंड आंदोलनकारी, झामुमो के वरिष्ठ नेता आजम अहमद ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन उनके आवास पर मुलाकात की और दूसरी बार सरकार बनाने और मुख्यमंत्री पद का शपथ लेने की शुभकामनाएं दी। इस मौके पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के कई नेता कार्यकर्ता गण शामिल थे।

## शौंडिक सम्मेलन सह सम्मान समारोह सम्मेलन 11 जनवरी को

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** सर्कुलर रोड स्थित होटल अप्सरा में झारखंड प्रदेश शौंडिक संघ एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश शौंडिक समाज, रायपुर से उपस्थित छत्तीसगढ़ प्रदेश शौंडिक समाज के अध्यक्ष शिवरतन प्रसाद गुप्ता, संरक्षक सुभाष साहु , संयुक्त सचिव आनंद गुप्ता, संतोष साहु, शंभु साहु ने अपने पदाधिकारीयों के साथ रांची में उपस्थित होकर झारखंड प्रदेश शौंडिक संघ के संरक्षक दिलिप गुप्ता, अरुण गुप्ता, धीरज प्रसाद साहु, प्रदेश अध्यक्ष दिनेश प्रसाद साहु, महामंत्री उमेश साहु , प्रदेश उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता बीरेंद्र साहु, सह कोशाध्यक्ष कुणाल कुमार बंटी, विद्याधर प्रसाद, संजय साहु, ओम प्रकाश गुप्ता, उपेन्द्र कुमार, उदय साहु, गोपाल साहु एवं अन्य सभी के उपस्थिति में छत्तीसगढ़ प्रदेश शौंडिक संघ द्वारा आयोजित अखिल भारतीय राष्ट्रीय शौंडिक सम्मेलन सह सम्मान समारोह सम्मेलन जो 11 जनवरी को रायपुर में होने जा रही है। उसके पोस्टर बैनर का विमोचन झारखंड प्रदेश अध्यक्ष दिनेश प्रसाद साहु एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष शिवरतन प्रसाद गुप्ता ने सभी की उपस्थिति में सामूहिक रूप से किया। झारखंड प्रदेश शौंडिक संघ के मुख्य संरक्षक उदय शंकर प्रसाद,अध्यक्ष दिनेश प्रसाद साहु ने कहा कि झारखंड प्रदेश के सभी जिलों से सुंडी समाज के सक्रीय भागीदारी निभाने के लिए रायपुर छत्तीसगढ़ सम्मेलन में पहुंच रहे हैं। प्रदेश शौंडिक संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता बीरेंद्र साहु ने बताया कि रायपुर छत्तीसगढ़ में आयोजित अखिल भारतीय शौंडिक राष्ट्रीय सम्मेलन सह सम्मान समारोह सुंडी समाज का इतिहास रचेगा, अखिल भारतीय स्तर पर कमों वेश सभी राज्यों के प्रतिनिधि के अलावा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर नेपाल एवं मॉरिशस से भी प्रतिनिधि रायपुर छत्तीसगढ़ पहुंच रहे हैं।

## मुख्यमंत्री से मिला रांची के पत्रकारों का शिष्टमंडल

**रांची:** राजधानी रांची के पत्रकारों के एक शिष्टमंडल ने सोमवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से उनके आवास पर मुलाकात की। साथ ही उनके दोबारा चुने जाने पर बधाई देने के साथ अगली सरकार के लिए शुभकामनाएं भी दी। इस दौरान एक संक्षिप्त और अनौपचारिक चर्चा में उनसे पत्रकारों के द्वारा भविष्य में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के लिए भी आमंत्रित किया गया। इस पर सोरेन ने सहमति भी दी। वहां पर बधाई देने वालों की भारी भीड़ होने तथा कई प्रशासनिक बैठकों के बावजूद पत्रकारों की समस्याओं के मुद्दे पर चर्चा की।

## अपराध गोष्ठी सह सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, रांची के द्वारा अपराध गोष्ठी सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। उक्त अपराध गोष्ठी में ग्रामीण क्षेत्र के सभी पुलिस उपाधीक्षक /पुनि एवं थाना/ओपी प्रभारी उपस्थित हुए । गोष्ठी के प्रारंभ में झारखंड विधानसभा आम चुनाव 2024 निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराया गया जिसके लिए सभी पुलिस उपाधीक्षक, पुलिस निरीक्षक, थाना/ओपी प्रभारी एवं चुनाव कोषांग में कार्यरत पदाधिकारी एवं कर्मियों को धन्यवाद ज्ञापन करते हुए प्रशस्ति देकर सम्मानित किया गया। आगे



विगत माह में दिए गए निर्देशों की समीक्षा बारी- बारी सभी थाना प्रभारी से की गई।

**आगामी माह के लिए अनुपालन हेतु निम्न निर्देश दिए गए:** अपराध नियंत्रण में लंबित कांड, कांड की समीक्षा के दौरान तकनीकी शाखा से टेक्निकल सहयोग लेना, वारंट का स-समय निष्पादन करते हुए न्यायालय को सूचित करना, लंबित पासपोर्ट का सत्यापन, यूडी कांडों का समीक्षा, विगत 1 वर्षों में जेल से छूटे अपराधकर्मियों का सत्यापन, संपत्तिमूलक कांडों के उद्भेदन, जुआ/ शराब के अड्डेबाजी पर छापामारी अनुसंधान नियंत्रण में प्रॉपर्टी ऑफेंस कांड, छिनतई, रेप, पोक्सो, चोरी, लुट एवं यूडी कांडों की समीक्षा करते हुए उसके निष्पादन की दिशा में आवश्यक कार्रवाई करने हेतु दिशा निर्देश दिए गए।चुनाव के दोरान बेहतर कार्य करने वाले पुलिस पदाधिकारियो एवं कर्मियों जिनमें श्री अमर कुमार पांडे, पुलिस उपाधीक्षक मुख्याय प्रथम, अरविन्द कुमार, पुलिस उपाधीक्षक मुख्याय द्वितीय, अनुज उराँव, पुलिस उपा सिल्ली, अशोक कुमार राम, पुलिस उपाधीक्षक बेडो, रामनारायण चौधरी, पुलिस उपाधीक्षक खेलारी, ओम प्रकाश, पुलिस उपाधीक्षक बुंडू , सभी अंचल निरीक्षक व थाना प्रभारी को उनके सराहनीय कार्य के लिए सम्मानित किया गया।

## सांसद निशिकांत ने झामुमो कार्यकर्ताओं पर लगाया हमला करने का आरोप

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** गोड्डा से भारतीय जनता पार्टी(भाजपा) के सांसद निशिकांत दुबे ने झामुमो पर भाजपा कार्यकर्ता के घर पर हमला करने का आरोप लगाया है। सांसद ने सोशल मीडिया एक्स पर ट्वीट कर कहा है कि देवघर जिले के मधुपुर विधानसभा सीट पर परिणाम आने के बाद जेएमएम कार्यकर्ता रैली निकालकर जश्न मना रहे थे। इसी बीच रैली में मौजूद कुछ कार्यकर्ताओं के जरिये मधुपुर के मदनकट्टा स्थित संजय गुप्ता नाम के भाजपा कार्यकर्ता के घर पर हमला किया गया। घटना को लेकर मधुपुर के भाजपा प्रत्याशी गंगा नारायण सिंह ने कहा कि जिस तरह से 24 नवंबर को जश्न मनाने के दौरान झामुमो कार्यकर्ताओं ने भाजपा कार्यकर्ता संजय गुप्ता के घर पर हंगामा किया, यह निंदनीय है। उन्होंने नवनिर्वाचित विधायक हफीजुल हसन और उनके कार्यकर्ताओं पर आरोप लगाते हुए कहा कि रविवार को झामुमो के कार्यकर्ताओं ने भाजपा कार्यकर्ता संजय गुप्ता के घर पर हमला किया और उनके घर पर लगे भाजपा के



झंडे को तोड़ने का प्रयास किया। गंगा नारायण सिंह ने कहा कि हफीजुल हसन अपनी ताकत और बल का इस्तेमाल करके मधुपुर की जनता को परेशान करना चाह रहे हैं। जिस तरह से यह घटना हुई है, इससे स्पष्ट पता चल रहा है कि भाजपा कार्यकर्ताओं को टारगेट कर उन्हें तंग करने का प्रयास किया जा रहा है। इस मामले में करौ थाना के प्रभारी अमर कुमार ने कहा कि थोड़ी देर के लिए माहौल खराब जरूर हुई थी, जिसके चलते थोड़ी देर के लिए सड़क भी जाम कर दिया गया था। मौके पर पुलिस पहुंचकर दोनों पक्षों के लोगों को समझाकर शांत कराया गया। झामुमो के जिला अध्यक्ष संजय शर्मा ने कहा कि निशिकांत दुबे के द्वारा लगाए गए सारे आरोप निराधार हैं। वह सोशल मीडिया पर फेमस होने के लिए इस तरह की बातों को लिखते हैं।

## रांची उपायुक्त ने मोरहाबादी मैदान में शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियों पर की चर्चा, दिए निर्देश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** राजधानी रांची के मोरहाबादी मैदान में 28 नवंबर को राज्य के मुख्यमंत्री एवं मंत्रिपरिषद के सदस्यों का शपथ ग्रहण होगा। कार्यक्रम में विशिष्ट व्यक्तियों के अलावा बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थित होगी। इसके मद्देनजर उपायुक्त ने समारोह स्थल पर विधि-व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था के लिए सम्बंधित पदाधिकारियों से विस्तृत चर्चा की। साथ ही सभी सम्बंधित अधिकारियों को प्रतिनियुक्त कराने को लेकर



निर्देश दिए। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि कार्यक्रम सम्बंधित सभी व्यवस्थाएं तय समय में पूरा करा लें। इसमें यातायात, खान-पान, दूसरे राज्यों से आने वाले मेहमानों के आवासन, पार्किंग, यातायात, वीवीआईपी गाड़ियों के मूवमेंट, कंट्रोल रूम, पेयजल, मोबाइल टॉयलेट, अग्निशमन एवं अन्य सभी आवश्यक व्यवस्थाएं शामिल हैं। उन्होंने शपथ ग्रहण समारोह स्थल मोरहाबादी में हो तैयारियों का जायजा भी लिया। साथ ही सम्बंधित सभी पदाधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी तैयारियां तय समय में पूरा कर ले।

## झारखंड मानभूम छउ नृत्य कला केंद्र व आर्चरी सेंटर पहुंचे बीएसएफ के कमांडर



**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली विधान सभा चुनाव सम्पन्न कराने के बाद बीएसएफ के कमांडर धर्मेंद्र पाण्डेय समेत कई अधिकारी सिल्ली बिरसा मुंडा आर्चरी सेंटर तथा स्टेडियम परिसर में चल रहे झारखंड मानभूम छउ नृत्य कला केंद्र में भ्रमण के लिए पहुंचे। इस दौरान सभी अधिकारियों ने बिरसा मुंडा आर्चरी सेंटर में तीरंदाजो से मिले तथा उनके उपलब्धियां से वह रूबरू हुए। आर्चरी सेंटर में तीरंदाजो की व्यवस्था देख कर काफी प्रभावित हुए। उन्होंने कहा कि इस तरह के झारखंड के हर विधानसभा क्षेत्र में होने चाहिए। उन्होंने कहा सेंटर के संरक्षक ने ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ियों को एक अच्छा प्लेटफार्म देने काम किया है। वहीं अधिकारियों ने कहा कि क्षेत्र में मानभूम छउ नृत्य कला केंद्र खुलने से झारखंड के कला संस्कृति को बचाने का प्रयास किया जा रहा है। इस मौके में बिरसा मुंडा आर्चरी कोच प्रकाश राम,शिशिर महतो, छऊ कला केंद्र के धीरज महतो, कमनोज कोइरी, सुशील महतो समेत कई लोग उपस्थित थे।

## कुटाम गुरुकुल के वुशु खिलाड़ीयों ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में मेडल जीता



**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रांची के सरला विरला में 23 और 24 नम्बर को आयोजित 20 वीं झारखंड राज्य वुशु चैंपियनशिप प्रतियोगिता में भक्ति वेदांत विद्याभवन गुरुकुल कुटाम के बुशु खिलाड़ी निमाई कुमार सरदार ने एवं जनार्दन कुमार ने मेडल जीत कर गुरुकुल का गौरव बढ़ाया है ।गुरुकुल से मिली जानकारी के मुताबिक गुरुकुल के निमाई कुमार सरदार ने स्वर्ण एवं जनार्दन कुमार ने सिल्वर मेडल जीता है। खिलाड़ियों का रविवार को गुरुकुल लौटने पर स्वागत किया गया। गुरुकुल के प्रधानाध्यापक कुरुक्षेत्र दास प्रभु एवं आचार्यो ने खिलाड़ियों को बधाई दी है।

## बालू के अभाव में विकास योजनाओं समेत कई भवन का निर्माण कार्य बंद



**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली एवं आसपास क्षेत्र में बालू की भारी किल्लत, बालू के अभाव में विकास योजनाओं समेत कई भवन का निर्माण कार्य है। ये परेशानी क्षेत्र में बालू नहीं मिलने के कारण आमलोग अपने घरों में सामान्य निर्माण कार्य भी टाल रहे हैं। दूसरी ओर मजदूरों को भी काम नहीं मिल रहा है। इस कारण कई मजदूर पलायन कर रहे हैं। आसपास के क्षेत्र के नदियों में बालू रहते हुए भी स्थानीय लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है प्रशासन ने पिछले एक माह पहले बालू उठाने पर रोक लगा दिया है।बालू नहीं मिलने से आबुआ आवास निर्माण कार्य बंद है इसके अलावा सरकारी लाखों रुपए से बनने वाले क्षेत्र के दर्जनो भवन का निर्माण कार्य बंद पड़े हैं। इस संबंध में सिल्ली थाना प्रभारी दिनेश ठाकुर से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि उच्च अधिकारियों के आदेश के बाद से बालू उठाव बंद कर दिया गया है। अंचल अधिकारी अरुणिमा एका से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि चुनाव संबंधित कार्यो में बिजी के कारण स्थानीय लोगों को बालू नहीं मिलने संबंधित जानकारी नहीं है इससे जांच कर देखा जाएगा।

दहिया टोला में संविधान अर्पण दिवस मनाया जाएगा आज

साहिबगंज। शहर के दहिया टोला स्थित अम्बेडकर भवन में मंगलवार की दोपहर 12 बजे अंबेडकर संस्था की ओर से संविधान अर्पण दिवस मनाया जायेगा। फूले अंबेडकरी मिशन के सिपाही अनिल पासवान ने बताया कि संविधान अर्पण दिवस पर संविधान की प्रस्तावना पढ़ा जाएगा। संविधान हमारा शान है, सम्मान और स्वाभिमान है। संविधान में निहित हक और अधिकार के प्रति जागरूकता कार्यक्रम भी होगा।

## हेमंत सोरेन से मिले सांसद विजय हांसदा, दी जीत की बधाई

**पाकुड़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** राजमहल सांसद विजय हांसदा ने सोमवार को कार्यवाहक मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की। उन्होंने कार्यवाहक मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को प्रचंड जीत और बहुमत हासिल करने पर बधाई दी। सांसद विजय हांसदा ने हेमंत सोरेन को गुलदस्ता भी भेंट किया। इस दौरान चुनाव परिणाम और झारखंड की राजनीति पर चर्चा हुई। झारखंड में सरकार गठन को लेकर भी चर्चा किया गया। इस दौरान कार्यवाहक मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और सांसद विजय हांसदा के चेहरे पर मुस्कान खिली थी। यह मुस्कान इंडिया गठबंधन और झारखंड मुक्ति मोर्चा की बड़ी जीत को साफ दर्शा रहा था। इधर सांसद विजय हांसदा ने दूरभाष पर बताया कि राज्य के कार्यवाहक मुख्यमंत्री और हमारे नेता हेमंत सोरेन जी से मुलाकात कर उन्हें बधाई दिया। इस दौरान उनसे झारखंड की राजनीति और चुनाव में प्रचंड जीत पर चर्चा हुई। झारखंड के विकास के मुद्दों पर भी चर्चा किया गया। उन्होंने कहा कि दूसरी बार हेमंत सोरेन जी मुख्यमंत्री बनने जा रहे हैं। निश्चित रूप से झारखंड में विकास को गति मिलेगी। झारखंड की जनता ने जिस उम्मीद और भरोसे के साथ इंडिया गठबंधन और झारखंड मुक्ति मोर्चा को ऐतिहासिक जीत दिलाई है, उसी उम्मीद के मुताबिक झारखंड में काम होगा। झारखंड वासियों के सपनों का झारखंड बनाने में सरकार दिन-रात काम करेगी। पिछले कार्यकाल में जो भी काम अधूरे रह गए, उन्हें पूरे किए जाएंगे। झारखंड के विकास के लिए आगे चलकर और भी काफी काम होंगे। इस दौरान बरहेट विधायक हेमंत सोरेन के प्रतिनिधि पंकज मिश्रा, राजमहल विधायक एमटी राजा, जिला संगठन प्रभारी अजिजुल इस्लाम मौजूद थे।

# पिपरवार में मनाया गया शहीद कृष्णा महतो का शहादत दिवस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र में सोमवार को शहीद कृष्णा महतो का 25 वीं शहादत दिवस मनाया गया।इस मौके पर शहीद कृष्णा महतो के पैतृक गांव बिलारी के ग्रामीणों के द्वारा शहादत दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया।सबसे पहले पिपरवार के कल्याणपुर बाजारटांड़ के समीप उनके शहादत स्थल पर लोग जुटे,जहां दीप जलाकर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई,जिसके बाद सभी लोग जुलूस की शक्ल में बचरा चार नंबर चौक स्थित शहीद कृष्णा महतो के प्रतिमा के समक्ष पहुंचे,यहां पर उपस्थित लोगों ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि शहीद कृष्णा महतो ने कोयलांचल में शिक्षा का अलख जगाने का काम किया है।उन्होंने क्षेत्र और समाज के कल्याण के लिए कई काम किए हैं।एक बेहतर शिक्षक के रूप में उनका योगदान कोयलांचल के लोग कभी भी भुला नहीं सकते हैं।आदिवासी हाई स्कूल कल्याणपुर का उन्होंने नींव रखते हुए बतौर शिक्षक के रूप में अपना योगदान दिया।वही पिपरवार महाविद्यालय कारो उनका एक सपना था,स्थानीय लोगों ने पिपरवार महाविद्यालय कारों को खोलकर उनके सपनों को पूरा किया है।वर्तमान में अपने-अपने बच्चों को बेहतर शिक्षा दिलाकर उनके अधूरे सपनों को साकार करने की जरूरत है।कार्यक्रम में स्थानीय लोगों ने झारखंड सरकार से उन्हें शहीद का दर्जा देने और उनके आश्रितों को सरकारी योजना का लाभ देने की मांग की।इस मौके पर बसंत नारायण महतो,नागेश्वर महतो,बैजनाथ महतो,अर्जुन प्रसाद महतो,प्रीतम महतो, जितेन्द्र कुमार,विमल महतो, टिकेश्वर महतो,दामोदर महतो,राजेश महतो,मुंशी राम,बाबुलाल राम,बिरेंद्र महतो,श्रवण महतो,महेन्द्र महतो,अनुप कुमार सुदर्शन, सुलेखा महतो,बिजयालक्ष्मी देवी,कांति देवी,मीना देवी सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।इधर दुसरी और आदिवासी हाई स्कूल कल्याणपूर मे कार्यक्रम आयोजित कर शहीद कृष्णा महतो की पूण्यतिथी मनायी गई।इस मौके पर स्कूल के शिक्षक और बच्चों ने दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

# इंडिया गठबंधन की जीत पर महिला कांग्रेस की अध्यक्ष ने प्रभारी एवं अध्यक्ष से किया मुलाकात



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** झारखंड विधानसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन की ऐतिहासिक जीत एवं प्रचंड बहुमत मिलने पर झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष गुंजन कुमारी सिंह ने रांची कांग्रेस मुख्यालय में झारखंड कांग्रेस के प्रभारी गुलाम अहमद मीर एवं झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश से मुलाकात किया ओर दोनों को जीत की बधाई दी।साथ ही प्रचंड बहुमत देने के लिए राज्य की जनता के प्रति आभार जताया।इस दौरान आगामी 28 नवंबर को रांची में होने वाले शपथ ग्रहण समारोह को लेकर विचार विमर्श किया गया एवं इसकी तैयारी को लेकर समीक्षा की गई। साथ ही कार्यक्रम में शामिल होने वाले इंडिया महागठबंधन के केंद्रीय नेताओं के आगमन पर भी चर्चा की।महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष गुंजन सिंह ने कहा कि जनता के आर्शीवाद से लगातार दूसरी बार झारखंड में इंडिया गठबंधन के नेतृत्व में सरकार बनने जा रही है।राज्य की जनता ने विधानसभा चुनाव में नफरत की राजनीति करने वाले भाजपा को नकारते हुए विकास कार्य करने वाले इंडिया गठबंधन को अपना आशीर्वाद देने का काम किया है।राज्य मे इंडिया गठबंधन के द्वारा विकास कार्य को आगे बढ़ाया जाएगा और पंचायत स्तर तक के लोगों को सरकारी लाभ देने का काम किया जाएगा।उन्होंने राज्य की जनता के प्रति आभार प्रकट करते हुए इंडिया गठबंधन के सभी नेताओं को बधाई दी।

# सिल्ली में अमित महतो का स्वागत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली :** सिल्ली विधानसभा की सीट पर अमित महतो के जीतने की खुशी में रविवार को सिल्ली में विधायक अमित महतो का लोगों ने गाजे बाजे के साथ भव्य स्वागत किया। रांची से सिल्ली पहुंचने के क्हीरम में विभिन्न चौक चौराहों में महिलाओं ने तिलक चंदन कर आरती उतारी वहीं लोगों ने विधायक को फूल माला से लाद दिया। जिंदाबाद के नारों से इलाका गुंजायमान रहा। लोगों ने जीत की खुशी में एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाए मिठाइयां खिलाई। जुलूस में शामिल कार्यकर्ता सिल्ली मेन रोड, बुंडू रोड होते हुए सिल्ली में पार्टी कार्जयालय में जमा हो गए। जहां अमित महतो की पत्नी पूर्व विधायक सीमा देवी समेत अन्य कार्यकर्ता साथ में शामिल थे ।

## चेन्नई जा रहे मजदूर का शव बेंगलुरु में रेल ट्रैक से बरामद

**साहिबगंज (प्रभात मंत्र संवाददाता):** तालझारी थाना क्षेत्र के सकरीगली से मजदूरी करने के लिए चेन्नई जा रहे एक मजदूर का शव बेंगलुरु रेलवे स्टेशन के पास रेलवे ट्रैक से सोमवार की सुबह जीआरपी ने बरामद किया है। बेंगलुरु जीआरपी ने मृतक के पास से सकरीगली से पाकुड़ एवं पाकुड़ से ताम्बरम ( चेन्नई ) स्टेशन का रेलवे टिकट भी बरामद किया है।

रेल टिकट के आधार पर इसकी सूचना तालझारी थाना को दी गई। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी अमर कुमार मिंज ने मृतक का फोटो सोसल मीडिया के व्हाट्सएप ग्रुप में डालने से शव की पहचान थाना क्षेत्र के छोटी भगियामारी के कैप्टेन सोरेन उम्र ( 39 ) के रूप में किया गया। दुर्घटना की सूचना मिलते ही स्वजन में मातम पसरा हुआ है। पत्नी मरांगमय मुर्मू ने बताया कि 22 नवंबर को काम करने के लिये गांव के लोगों के साथ वह चेन्नई के लिए रवाना हुआ था।

## चतरा से लोजपा विधायक जनार्दन पासवान के जीत पर नगर अध्यक्ष ने दी बधाई

**साहिबगंज (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड विधानसभा चुनाव के नतीजे घोषित हो चुके हैं। चतरा विधानसभा सीट से लोजपा (रामविलास) प्रत्याशी जनार्दन पासवान ने राजद प्रत्याशी और हेमंत कैबिनेट में मंत्री सत्यानंद भोक्ता की पुत्रवधू रश्मि प्रकाश को हराया है। वही विधायक जनार्दन पासवान के प्रचंड जीत के लिए लोजपा के साहिबगंज नगर अध्यक्ष नितेश कुमार गुप्ता ने लोजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान एवं प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र प्रधान को हार्दिक बधाई एवं शुभकामना दिया है। वही नगर अध्यक्ष नितेश कुमार गुप्ता ने कार्यकर्ताओं के बीच मिठाई बांट कर खुशी का इजहार किया। नगर अध्यक्ष नितेश कुमार गुप्ता ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने झारखंड के एक सीट चतरा पर जनार्दन पासवान को उम्मीदवार बनाया और जनार्दन पासवान ने कड़ी मेहनत करते हुए हेमंत सरकार में रहे कैबिनेट मंत्री सत्यानंद भोक्ता की पुत्रवधू रश्मि प्रकाश को पराजित किया। श्री गुप्ता ने कहा कि जनार्दन पासवान के विधायक बनने से झारखंड में लोजपा (रामविलास) और मजबूत बन के उभरा है। वही नितेश गुप्ता ने बताया कि जल्द ही जिला अध्यक्ष प्रदीप पासवान के नेतृत्व में एक शिष्टमंडल रांची जाकर चतरा विधायक जनार्दन पासवान को बधाई एवं शुभकामनाएं देंगे।

## साहिबगंज न्यायालय में बाल संरक्षण कार्यक्रम पर हुई कार्यशाला

**साहिबगंज (प्रभात मंत्र संवाददाता):** साहिबगंज व्यवहार न्यायालय में सोमवार को नालसा के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से बाल संरक्षण कार्यक्रम-2024 को लेकर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला को बतौर मुख्य अतिथि जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम धीरज कुमार ने संबोधित करते हुए कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से जिले के प्रत्येक प्रखंड में बाल संरक्षण प्रोग्राम 2024 के तहत बच्चों को मिलने वाला विधिक सहायता के संबंध में आम लोगों को जागरूक करना है। प्रखंड स्तर पर पारा लीगल वॉलिंटियर के माध्यम से वैसे पीड़ित बच्चा का पता लगाना है, जो विकलांग हो या मानसिक रूप से दिव्यांग हो या उन बच्चों का कोई संरक्षक ना हो। उन्हें विधिक सहायता उपलब्ध कराया जाएगा। लापता बच्चों के संबंध में जानकारी इकट्ठा करना तथा उन्हें पुलिस प्रशासन के माध्यम से पता कर उनके अभिभावक तक पहुंचाने का कार्य किया जाएगा। कुपोषित बच्चों एवं विक्षिप्त बच्चों का संरक्षण के लिए जो भी विधिक सहायता प्राप्त हो सकता है उसे जिला विधिक सेवा प्राधिकार के द्वारा मुहैया कराया जाएगा। मंच संचालन जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव विश्वनाथ भगत ने किया। मौके पर जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष प्रेम नाथ तिवारी, गौतम प्रसाद सिंह, लाल बाबू यादव ,संजय मिश्रा, कुलेंदु प्रसाद ,सुनील कुमार, लीगल डिफेंस अधिवक्ता कामिनी शर्मा,ज्योति कुमारी के अलावे ब्लॉक स्तर के दर्जनों पैरा लीगल वालंटियर्स उपस्थित थे।

## अवैध लकड़ी लदा ट्रक वन विभाग ने किया जब्त

**साहिबगंज(प्रभात मंत्र संवाददाता):** उधवा से वन विभाग की टीम ने सोमवार अहले सुबह अवैध लकड़ी लदा एक 14 चक्का ट्रक को जब्त कर लाखों की लकड़ी बरामद की है। वन विभाग ने ट्रक सहित लकड़ी को जब्त करते हुए तालझारी वन कार्यालय लाया है। वन विभाग के वनपाल राणा रणजीत कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि अवैध लकड़ी से लदा ट्रक बाहर से आ रहा है। सूचना मिलते ही सभी वन कर्मियों ने क्षेत्र नाकाबंदी कर उधवा स्थित लकड़ी मिल से उसे बरामद किया। उक्त 14 चक्का ट्रक (यूपी 44 एटी 8198) में लोड 92 बोटा सीसम और नीम का लकड़ी है। छानबीन के दौरान गाड़ी का ड्राइवर मौका देखकर फरार हो गया। गाड़ी और लकड़ी का कागजात मांगने पर मील मालिक कागजात नहीं प्रस्तुत कर सका। गाड़ी ड्राइवर और लकड़ी मालिक के फरार होने के कारण अवैध लकड़ी मानते हुए जब्त कर तालझारी लाया गया। जांच के क्रम में यूपी के ही परमिट पर ट्रक झारखंड लाया गया था। जांच के दौरान यूपी के सुल्तानपुर निवासी राहुल कुमार के खिलाफ नामजद प्राथमिक दर्ज की गई है। रेंजर पंचम दुबे ने बताया कि गाड़ी और लकड़ी को जब्त कर लिया गया है प्राथमिक की दर्ज कर छानबीन की जा रही है। छानबीन के क्रम में सभी वन कर्मी वनपाल शामिल थे।

## खलारी कोयलांचल में अब दिखने लगा है ठंड का असर, न्यूनतम पारा 12 डिग्री सेल्सियस पर पहुंचा

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** खलारी कोयलांचल में ठंड का प्रकोप अब शुरू हो गया है। सुबह, शाम और रात में काफी ठंड पड़ रही है। इन दिनों धूप भी हल्की निकल रही है। जिसके कारण सुबह में देर से सूर्य भगवान की दर्शन हो रही है। सोमवार की सुबह कुहासा भी लगा रहा। जिसके कारण गाड़ी चालक वाहनों की परेशानी हुई। सुबह के समय होने वाले कुहासा के कारण भी ठंड बढ़ी है। वहीं पिछले 2-3 दिनों से ठंड ज्यादा बढ़ गया है। इस कारण घर के अंदर भी ठंड महसूस होने लगी है। ठंड ज्यादा महसूस होने से लोग अब गर्म कपड़ों का इस्तेमाल करना शुरू कर दिए हैं। दिन में भी लोग हल्के गर्म कपड़ों का उपयोग कर रहे है। खाशकर सुबह स्कूल जाने वाले विद्यार्थी, कामगार सहित अन्य लोग अब स्वेटर, कोट, जैकेट, चीटर का इस्तेमाल अब शुरू कर दिए हैं। वहीं शाम 4 बजे से हीं तापवान में गिरावट होने लग रहा है। ठंड के कारण शाम 7 बजे से पहले क्षेत्र के मुख्य बाजार केडी, डकरा सहित अन्य बाजार सन्नाटा हो जा रहा है। ऐसे में सोमवार को अधिकतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 12 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया है।

## विस्थापित रैयत जाहिद अली ने राजधर साईडिंग का काम-काज पांच घंटे रखा बन्द

# सीसीएल प्रबधंन को 30 नवम्बर तक दिया अल्टीमेटम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के राजधर रेलवे साईडिंग से विस्थापित हुए रैयत जाहिद अली ने अपने मांगो के समर्थन मे सोमवार की सुबह राजधर रेलवे साईडिंग का काम-काज एंव कोयला ढुलाई के काम को बन्द करा दिया।जिसके कारण राजधर रेलवे साईडिंग मे रैक लोडिंग और डिस्पैच सहित कोयला ढुलाई का काम पूरी तरह से बंद हो गया।सड़को पर हाईवा डम्परो की लंबी कतार देखी गई।इस संबंध मे रैयत जाहिद अली ने बताया कि करीब 20 वर्ष पूर्व स्थानीय सीसीएल पिपरवार एरिया प्रबधंन द्वारा राजधर रेलवे साईडिंग निर्माण के दौरान उनकी जमीन का अधिग्रहण किया था,लेकिन तक मकान और पेड़ पौधा का मुआवजा नही दिया गया है।वही पुर्नवास केन्द्र मे प्लांट की समस्या है।उन्होंने कहा कि कई बार स्थानीय सीसीएल पिपरवार एरिया प्रबधंन को लिखित रूप से आवेदन और ज्ञापन देकर मकान और पेड़ पौधा का मुआवजा सहित प्लांट की समस्या का समाधान करने की मांग की गई,लेकिन प्रबधंन के द्वारा कोई पहल नही की गई। सीसीएल प्रबंधन के द्वारा वार्ता कर सिर्फ आश्वासन ही दिया जाता रहा है।इससे आक्रोशित होकर उन्होंने 6 नवंबर से बंदी की घोषणा की थी,लेकिन झारखंड में विधानसभा चुनाव की घोषणा होने के साथ आदर आचार संहिता लागू हो गई, जिसके कारण उन्होंने बंदी को स्थगित कर दिया था।अब चुनाव संपन्न होने के बाद उन्होंने बन्दी की शुरूआत की है।उन्होंने कहा कि अपनी मांगों को लेकर वह सीसीएल के कार्यालय का चक्कर लगाकर थक चुके हैं और उनके पास अब आंदोलन के अलावा कुछ नहीं बचा है। पिछले 20 वर्षो से वह अपने परिजनों के साथ अपने मांगों और अधिकार के लिए दर-दर को भटकने को मजबूर है।इधर साईडिंग बंद होने की सूचना पाकर कई सीसीएल अधिकारी और सुरक्षाकर्मी मौके पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली।राजधर साईडिंग मैनेजर राजेन्द्र कश्यप ने रैयत जाहिद अली के साथ वार्ता किया ,जिसमें उन्होंने उनकी समस्याओं का समाधान करने और उनकी मांगों को सीसीएल के वरीय अधिकारियों से अवगत कराने का भरोसा दिया।राजधर साईडिंग मैनेजर के आश्वासन के बाद रैयत जाहिद अली ने बंदी को स्थगित कर दिया।साथ ही सीसीएल प्रबधंन को अल्टीमेटम देते हुए कहा कि यदि 30 नवंबर तक मांगों को पूरा नहीं किया गया तो एक दिसंबर से पुनः बंदी की जाएगी।बंदी स्थगित होने के बाद करीब 5 घंटे के बाद राजधर साईडिंग का काम काज एंव कोयला ढुलाई का काम चालू हो सका। इस दौरान रैयत जाहिद अली के साथ उनके समर्थन में काफी संख्या में स्थानीय ग्रामीण भी मौजूद थे।

## दो माह से राशन नहीं मिलने पर गम्हरिया प्रखंड मुख्यालय में ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन



**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विगत दो माह से राशन से वंचित आदित्यपुर मुस्लिम बस्ती, एच रोड के कार्डधारियों द्वारा सोमवार को महीने से राशन नहीं मिलने से गम्हरिया प्रखंड मुख्यालय परिसर स्थित आपूर्ति विभाग में जमकर प्रदर्शन किया गया। इस दौरान उन्होंने उंक्त बस्ती के बेबी स्टोर नामक जनवितरण प्रणाली के डीलर महेंद्र पर राशन की कालाबाजारी करने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की। इस मौके पर कार्डधारियों ने उंक्त डीलर पर आरोप लगाते हुए बताया कि उसके द्वारा कार्डधारकों को कभी राशन देता है तो वजन से कम राशन दिया जाता है। उन्होंने बताया कि डीलर द्वारा विगत दो माह से राशन नहीं दिया गया है। इस दौरान उन्होंने प्रभारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी से मामले की जांच कर डीलर पर कार्रवाई करने तथा बीते दो माह का राशन उपलब्ध कराने की मांग की गई।

## कोटक म्यूचुअल फंड ने लॉन्च किया ट्रांसपोर्टेशन एंड लॉजिस्टिक्स फंड

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कोटक महिंद्रा एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड ( केएमएएमसी/ कोटक म्यूचुअल फंड) ने अपना न्यू फंड ऑफर (एनएफओ ) कोटक ट्रांसपोर्टेशन एंड लॉजिस्टिक्स फंड लॉन्च किया है। यह ट्रांसपोर्टेशन और लॉजिस्टिक्स थीम पर आधारित एक ओपन-एंडेड इक्विटी स्कीम है। यह स्कीम पब्लिक सब्सक्रिप्शन के लिए 25 नवंबर 2024 को खुल रही है, जबकि 09 दिसंबर 2024 को बंद होगी। कोटक ट्रांसपोर्टेशन एंड लॉजिस्टिक्स फंड का उद्देश्य ट्रांसपोर्टेशन, लॉजिस्टिक्स और संबंधित गतिविधियों में लगी कंपनियों की इक्विटी और इक्विटी से संबंधित सिक्योरिटीज में मुख्य रूप से निवेश करके लॉन्ग टर्म में हाई रिटर्न हासिल करना है।कोटक महिंद्रा एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर, नीलेश शाह का कहना है कि कोटक ट्रांसपोर्टेशन एंड लॉजिस्टिक्स फंड के लॉन्च के साथ, हम निवेशकों को भारत के तेजी से बदलते ट्रांसपोर्टेशन (परिवहन) और लॉजिस्टिक्स थीम में निवेश का अवसर प्रदान करते हैं। यह ग्रोथ वाहन मालिकों की संख्या में बढ़ोतरी और प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद में बढ़ोतरी के साथ ही कोयला या तेल जैसे प्राकृतिक ईंधन इंजन से इलेक्ट्रिक वाहनों में बदलाव सहित कई फैक्टर्स द्वारा संचालित है।

## आदिवासी भूमिज समाज का दिशुआ करम महोत्सव सह मिलन समारोह पहली दिसंबर को



**जादूगोड़ा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आदिवासी भूमिज समाज का दिशुआ करम महोत्सव सह मिलन समारोह को लेकर आज पोटका प्रखंड अंतर्गत हाता स्थित तेतला स्कूल मैदान में तैयारी बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता सिदेश्वर सरदार ने की। बैठक में आगामी पहली दिसंबर को तेतला स्कूल मैदान में धूमधाम से दिशुआ करम महोत्सव सह मिलन समारोह मनाने का फैसला लिया गया। इसके पूर्व पोटका विधानसभा से दूसरी बार विधायक बने संजीव सरदार को आदिवासी भूमिज समाज की ओर से उन्हें बधाई दी गई तथा कहा कि जनता से जुड़ाव व विकास की गति जीत का मुख्य कारण बना। बैठक में कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए 10 सदस्यीय संचालन समिति का गठन किया गया। जिसकी अगली बैठक 29 नवंबर को तेतला स्कूल मैदान में रखी गई है।बैठक में शामिल प्रतिनिधि- सिदेश्वर सरदार, विभीषण सामत, जयपाल सिंह सरदार ,मुगली सरदार, उर्मिला सरदार ,गौरी सरदार ,अनीता सरदार, मैम सॉरी सरदार, चांदनी सरदार ,उमा पदो सरदार, कार्तिक सरदार,सोनाराम सरदार, रथू सरदार, शुभंकर सरदार, हरि सिंह भूमिज, मणिका सरदार।

## जमशेदपुर एफसी और मोहम्मडन स्पोर्टिंग मैच के लिए बॉक्स ऑफिस टिकट बिक्री आज से




**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जमशेदपुर एफसी मोहम्मडन स्पोर्टिंग क्लब के खिलाफ अपने आगामी मैच के लिए 26 नवंबर से बॉक्स ऑफिस टिकट बिक्री शुरू की है। अगला मैच 2 दिसंबर को जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में होगा। मैन ऑफ स्टील मोहन बागान एसजी के खिलाफ अपने हालिया झटके से वापसी करना चाह रहे हैं, और मोहम्मडन एससी के खिलाफ जीत टीम के लिए मनोबल बढ़ाने वाली होगी।मैच के लिए टिकट की कीमत नॉर्थ और साउथ स्टैंड के लिए 50 रुपये, ईस्ट अपर और वेस्ट अपर स्टैंड के लिए 150 रुपये, ईस्ट और वेस्ट लोअर स्टैंड के लिए 250 रुपये, वीआईपी सीटों के लिए 499 रुपये और हॉस्पिटैलिटी टिकट के लिए 3,000 रुपये निर्धारित की गई है। प्रशंसक ticketgenie.in पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन टिकट भी बुक कर सकते हैं और ईमेल और फोन के माध्यम से अपने डिजिटल टिकट प्राप्त कर सकते हैं।

## साक्ष्य के अभाव में सोनारी के 6 अभियुक्त बरी

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आज माननीय नमिता चंद्र अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश 6 के न्यायालय से अभियुक्त सोनारी ग्वाला पट्टी निवासी सुरेंद्र यादव, सुमित पंडित, कृष्णा पंडित, सुनील पंडित, हरिया यादव एवं मनोज पंडित को साक्ष्य की अभाव में रिहा किया गया। इन लोगों के विरुद्ध 17 सितंबर 2014 को ग्वाला पट्टी निवासी मुकेश कुमार सिंह को तलवार हॉकी स्टिक और लोहे के रेड से जान मारने के नियत से जानलेवा हमला कर घायल कर दिए थे इन लोगों के विरुद्ध सोनारी थाना में मामला दर्ज किया गया। न्यायालय में अभियोजन पक्ष के द्वारा छ गवाही में मात्र एक गवाही प्रस्तुत किया गया। सूचक डॉक्टर एवं पुलिस पदाधिकारी की गवाही नहीं कराई। बचाव पक्ष की तरफ से अधिवक्ता सुधीर कुमार पप्पू एवं बबिता जैन ने न्यायालय के समक्ष अपना पक्ष रखा।

# दूसरी बार विधायक बने मंगल कालिन्दी ने पटमदा में निकाली आभार यात्रा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** अपनी सादगी के लिए पहचाने जाने वाले झामुमो के जुगसलाई विधायक मंगल कालिन्दी ने सोमवार को पटमदा में आभार यात्रा निकाली। इस दौरान उन्होंने पटमदा के धुसरा, बामनी, कुन्दरूकोचा एवं लावा में लोगों के साथ मिलकर उनका आशीर्वाद लिया और उन्हें करीब 43 हजार वोटों के अंतर के साथ दूसरी बार विधायक बनाने पर आभार व्यक्त किया। उन्होंने बेलटांड़ चैक से पटमदा बाजार तक पदयात्रा करते हुए अपने हाथों से लड्डू का वितरण किया। इस दौरान बेलटांड़ में भगवान बिरसा मुंडा व पटमदा में सिदो-कान्हू की मूर्ति पर माल्यार्पण करते हुए नमन किया। इसके बाद पटमदा बाजार स्थित श्री श्री दौड़ासिनी मंदिर व दुर्गा मंदिर में मत्था टेका व आशीर्वाद लिया। इसके बाद माचा, बिड़रा, काटिन बाजार व बांगुड़दा स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में छात्राओं एवं आमलोगों के बीच लड्डू का वितरण किया। काटिन में वीर शहीद निर्मल महतो, बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर एवं नेताजी सुभाष चंद्र बोस की मूर्ति पर माल्यार्पण करते हुए श्रद्धांजलि दी। मौके पर उनके साथ झामुमो नेता सुभाष कर्मकार, चंद्रशेखर टुडू, कालीपद महतो, अश्विनी महतो, समीर महतो, सनत बेसरा, अमर सिंह सरदार, आनंदमय महतो, यामिनी प्रमाणिक, सिजेन हेम्ब्रम, सुधीर हांसदा, राधेश्याम दास, विश्वजीत महतो, विश्वनाथ माझी, वनमाली माझी, रफीक अंसारी, मन्टू महतो, प्रदीप सिंहदेव, ईशान चंद्र गोप, ईशान चंद्र मुर्मू, चंद्रकेतु, कांग्रेस नेता मृत्युंजय महतो व विश्वामित्र दास समेत सैकड़ों कार्यकर्ता व ग्रामीण मौजूद थे। इस दौरान विधायक मंगल कालिंदी ने कहा कि जनता का अपार समर्थन, विश्वास और आशीर्वाद की बदौलत वे दूसरी बार विधायक बने हैं। उन्होंने कहा कि इस बड़ी जीत के साथ जनता ने बड़ी जिम्मेवारी भी दी है। उन्होंने कहा कि उनके सभी अधूरे कार्यों को पूरा करने का भरपूर प्रयास किया जाएगा। उन्होंने राज्य में 56 सीटों के साथ इंडिया गठबंधन को पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने में सहयोग करने के लिए आभार व्यक्त किया। इधर क्षेत्र के लोगों ने शांतिपूर्वक जुलूस की प्रशंसा भी की।

## टोनी सिंह हत्याकांड में मुख्य गवाह का कोर्ट में बयान, अविनाश पर फायरिंग का लगा आरोप




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** उलीडीह थाना क्षेत्र में 15 नवंबर की रात हुए टोनी सिंह हत्याकांड में मुख्य गवाह विष्णु टुडू ने सोमवार को कोर्ट में अपना बयान दर्ज कराया। यह बयान प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी आलोक कुमार की अदालत में दर्ज हुआ। विष्णु ने बताया कि घटना की रात वह टोनी सिंह और अन्य साथियों के साथ डिमना बस्ती स्थित उमा टिफिन के पास शराब पी रहे थे। उसी दौरान उत्तम मंडल और कांग्रेस नेता नीतीश पोद्दार स्कॉर्पियो से वहां से गुजर रहे थे। टोनी और उसके साथियों ने दोनों की पिटाई कर दी।विष्णु ने कोर्ट में बताया कि मारपीट के बाद उत्तम मंडल और नीतीश पोद्दार वहां से चले गए। थोड़ी देर बाद वे अपने साथी अविनाश सिंह के साथ लौटे। अविनाश के पास हथियार था। जैसे ही टोनी ने कार से डंडा निकालने की कोशिश की, अविनाश ने गोली चला दी। पहली गोली से टोनी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरी गोली विष्णु को लगी। घटना के बाद सभी आरोपी फरार हो गए।इस मामले में टोनी सिंह की पत्नी सविता सिंह ने उलीडीह थाना में अविनाश सिंह, उत्तम मंडल, नीतीश पोद्दार और अन्य के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कराया। 19 नवंबर को मुख्य आरोपी अविनाश सिंह ने कोर्ट में आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस बाकी आरोपियों की तलाश में जुटी है।पुलिस अविनाश सिंह से पूछताछ के लिए उसे रिमांड पर लेने की तैयारी कर रही है। इसके लिए कोर्ट में 72 घंटे की रिमांड अर्जी दाखिल की गई है। पुलिस को उम्मीद है कि अविनाश से पूछताछ के दौरान कई महत्वपूर्ण जानकारियां सामने आ सकती हैं। जांच जारी है और पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी में जुटी हुई है।

## कोर्ट फी व नन जुडिशल स्टांप पेपर उपलब्ध करवायें प्रशासन : अधिवक्ता सुधीर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर बार एसोसिएशन के वरीय अधिवक्ता सुधीर कुमार पप्पू ने जिला उपायुक्त से आग्रह किया है कि सरकारी कोर्ट फीस का स्टांप वेंडरों को उपलब्ध करवाने की पहल व्यक्तिगत स्तर पर करें।सुधीर कुमार पप्पू के अनुसार केवल 1 रु. का स्टांप उपलब्ध है, जहां सरकारी कार्य में 5 रु., 15 रु., 20 रु., 50 रु एवं 100 रु., की जरूरत है वहां एक रुपए का स्टांप ही बड़ी मात्रा में आवेदन पत्र में लगाना पड़ रहा है। कोर्ट फी की कमी के कारण ना तो वकालतनामा दाखिल हो रहा है ना ही जमानत बंध पत्र, याचिका आवेदन दाखिल किया जा सकता है। सुधीर कुमार पप्पू के अनुसार पिछले डेढ़ दो महीने से यह स्थिति बनी हुई है। वकील सुधीर कुमार पप्पू के अनुसार वेंडर को ऑनलाइन के अलावा ऑफलाइन नन जुडिशल स्टांप पेपर भी उपलब्ध कराया जाना चाहिए। इधर सुधीर कुमार पप्पू ने बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों से भी इस दिशा में पहल करने का आग्रह किया है।

## गुरु शिष्य परम्परा योजना अन्तर्गत स्कूली कार्यशाला आयोजित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ईचागढ़ :** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के माउंट एकेडमी मिलन चौक व मध्य विद्यालय कुटाम में सांस्कृतिक मंत्रालय भारत सरकार की महत्वाकांक्षी गुरु शिष्य परम्परा योजना अन्तर्गत कार्यशाला व प्रस्तुति का आयोजन किया गया। नटराज कला केन्द्र चोगा के नन्हे मुन्ने कलाकारों ने मानभूम शैली का छौऊ नृत्य प्रस्तुत कर स्कूली बच्चों को कला संस्कृति के प्रति जागरूक किया। देवताओं का मेल छौऊ व असुरों की विरता पर छौऊ नृत्य प्रस्तुत किया गया। नटराज कला केन्द्र के सचिव प्रभात कुमार महतो ने माउंट एकेडमी के बच्चों को छौऊ नृत्य व कला संस्कृति के संबंध में जानकारी दिया। उन्होंने बच्चों को बताया कि पढ़ाई के साथ ही मनोरंजन भी जरूरी है व अपने विलुप्त होते कला संस्कृति को आत्मसात करने की जरूरत है।

## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात कर खरसावां विधायक गागराई ने दिया जीत की बधाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरसावां :** खरसावां विधानसभा क्षेत्र प्रचंड मतों से हैट्रिक जीत की हासिल कर नवनिर्वाचित विधायक दशरथ गागराई ने रांची के कांके रोड स्थित सीएम आवास पहुंचे और विधायक दल की बैठक में शामिल हुए। इस दौरान नवनिर्वाचित विधायक ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिलकर पुष्प कुछ देकर जीत की बधाई एवं अगले मुख्यमंत्री के रूप में पद धारण करने की अ ि ग ् म शुभकामनाएं दी। ज्ञात हो कि खरसावां विधानसभा क्षेत्र से दशरथ गागराई लगातार तीसरी बार हैट्रिक जीत हासिल कर विधायक बने है। इस बार भी उन्होंने खरसिया विधानसभा सीट से प्रचंड मतों से जीत कर भाजपा के प्रत्याशी रहे सोनाराम बोदरा को करारी शिकस्त देकर इस सीट पर कब्जा जमाया है।

## करीम सिटी कॉलेज में राष्ट्रीय सद्भाव सप्ताह संपन्न, विजेता हुए पुरस्कृत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** करीम सिटी कॉलेज, साकची के एनएनएस यूनिट का आज राष्ट्रीय सद्भाव सप्ताह संपन्न हुआ। कॉलेज ऑडिटोरियम में आयोजित समारोह के मुख्य अतिथि राजेश कुमार शुक्ला (सीनियर एडवोकेट तथा स्टेट बार कांउसिल झारखंड के उपाध्यक्ष) शामिल हुए। मंच पर उनके साथ प्राचार्य डॉ मोहम्मद रेयाज, एनएसएस ऑफिसर डॉ आले अली, शैख कुतुबुद्दीन अंसारी तथा कोऑर्डिनेटर सैयद साजिद परवेज मौजूद थे। प्राचार्ज डॉ मोहम्मद रेयाज ने स्वागत भाषण दिया। श्री शुक्ल ने सभा को संबोधित करते हुए कहा की एनएसएस छात्र-छात्राओं के लिए अपने व्यक्तित्व के विकास का सबसे बड़ा केंद्र है। उन्होंने बताया कि एनएसएस की स्थापना से लेकर अब तक इसमें 7 करोड़ से भी अधिक विद्यार्थियों ने अपनी भागीदारी साबित की है। यह तो एक सरकारी योजना है परंतु करीम सिटी कॉलेज ने इसके बैनर तले एकता और सद्भावना की जो शमा रौशन की है वह बेमिसाल है। इस एक हफ्ते के कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताओं को आयोजित किया गया था जिसके विजेताओं को मुख्य अतिथि तथा सेक्रेटरी डॉ मोहम्मद जकरिया ने पुरस्कृत किया। सभा का संचालन मानव घोष और प्रोग्राम ऑफिसर डॉ आले अली ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

## खरसावां से झामुमो विधायक दशरथ गागराई की हैट्रिक, जीत पर कुचाई में निकला विजय जुलूस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरसावां :** खरसावां से झामुमो विधायक दशरथ गागराई की हैट्रिक जीत पर कुचाई में विजय जुलूस निकाला गया। झामुमों कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने सोमवार को कुचाई के बिरसा स्टेडियम में एकत्रित होकर विधायक दशरथ गागराई का भव्य स्वागत किया। इस दौरान समर्थकों ने जमकर रंग गुलाल उड़ाए और आतिशबाजी की। विधायक दशरथ गागराई समाजसेवी बासंती गागराई ने समर्थकों संग डीजे की धुन पर जमकर आदिवासी नृत्य किया। विजस जुलूस कुचाई के बिरसा स्टेडियम से निकलकर कुचाई बजार,रूचाव होते हुए कुचाई साप्ताहिक हाट स्थित पेट्रोल पंप तक पहुचकर पुनः कुचाई बिरसा स्टेडियम पहुंचा। मौके पर श्री गागराई ने कहा कि जनता की भरोसा और विश्वास ही राज्य में युवा ऊर्जावान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में पुनः महागठबंधन का सरकार बनाया। हमारी सरकार जन आकांक्षाओं को पूरा करने का कार्य करेगी। इस विजस जुलूस में विधायक दशरथ गागराई, समाजसेवी बसंती गागराई, मुखिया करम सिंह मुंडा,मुखिया राम सोय, मुखिया शास्त्री सांगा,प्रखंड अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार मुंडा,भोंज सांगा,राज बाकछी,रानी बानरा,मानसिंह मुंड़ा, मुन्ना रानी हेंब्रम, सोय, धनश्याम सोय, भरत सिंह मुंडा, प्रमेन्द्र कुमार मिश्रा, दशरथ उरांव, फागु मुंडा,अनिल सोरेन आदि सहित काफी संख्या कार्यकर्ता और समर्थक शामिल थे।

## सेफ ने छात्रों का सस्टेनेबिलिटी और साइबर सुरक्षा पर विशेष सत्र किया आयोजित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** सेफ (सेफ्टी अवेयरनेस फॉर एवरीवन) ने 22 नवंबर को कदमा के कूडी महंती ऑडिटोरियम में ट्रेन द ट्रेनर सत्र का आयोजन किया। ये सत्र सस्टेनेबिलिटी और साइबर सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर केंद्रित थे। कार्यक्रम में जमशेदपुर के 24 स्कूलों के कक्षा 6 से 8 तक के 250 छात्रों और 50 शिक्षकों ने भाग लिया।सेंस एंड सस्टेनेबिलिटी विषय पर सत्र एक्सएलआरआई के प्रोफेसर कल्याण भास्कर ने सेंस एंड सस्टेनेबिलिटी विषय बोलते हुए सस्टेनेबल जीवन जीने के 7 मूल मंत्र समझाए। वहीं साइबर सुरक्षा सत्र पर ज्योत्सना सिंह (टाटा स्टील, इंफॉर्मेशन सिक्योरिटी सर्विसेज) ने डिजिटल युग के खतरों जैसे फिशिंग, साइबर बुलीइंग, सोशल इंजीनियरिंग आदि से बचने के उपायों पर ध्यान केंद्रित किया।सत्र का उद्घाटन टाटा स्टील के चीफ सेफ्टी, नीरज सिन्हा ने किया। उन्होंने छात्रों और शिक्षकों को संबोधित करते हुए ऐसे सत्रों के महत्व पर जोर दिया। सत्र के बाद छात्रों के लिए क्विज़ आयोजित की गई, जिसमें विजेताओं को स्मृति चिह्न भेंट किए गए।सेफ, जो टाटा स्टील के जमशेदपुर और रॉ मटेरियल लोकेशंस के 51 स्कूलों में सक्रिय है, छात्रों को न केवल जागरूक बनाता है बल्कि उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए भी प्रेरित करता है। कार्यक्रम का संचालन सेफ की संयोजिका मोम मित्रा ने

## न्याय के लिये भटक रही महिला को पुलिस प्रशासन के सहयोग से उसके ससुराल में रखवाया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** अपने करीब 11 माह के बच्चे को लेकर भूखे प्यासे ठंड में न्याय के लिए भटक रही महिला को समाज कल्याण विभाग और पुलिस प्रशासन के सहयोग से उसके ससुराल में रखवाया गया। मामला आदित्यपुर थानांतर्गत गम्हरिया के आदर्शनगर वाणी विद्या मंदिर स्कूल के पास का है। बताया गया है कि महिला चांदनी देवी अपना बच्चे को लेकर मायके दिल्ली से बीते रविवार को गम्हरिया स्थित ससुराल पंहुची थी। लेकिन उसके पति अमित कुमार, सास संध्या देवी और ससुर एपी सिंह ने उसे अपनाने से इंकार करते हुए अपने घर को छोड़कर मंगलम सिटी फ्लैट में रहने चले गए। इसके बाद चांदनी देवी द्वारा इस बाबत आदित्यपुर थाना प्रभारी से न्याय की गुहार लगाई गई। इसकी जानकारी जब जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सत्या ठाकुर को हुई तो उन्होंने तत्काल गम्हरिया सीडीपीओ दुर्गेश नंदिनी को महिला और बच्चे को उसके ससुराल में रखवाने का निर्देश दिया। तत्पश्चात, सीडीपीओ दुर्गेश नंदिनी आदित्यपुर थाना के सब इंस्पेक्टर अनिता सोरेन के साथ चांदनी देवी को लेकर उसके ससुराल पंहुची और महिला के सास-ससुर को भी फ्लैट से बुलाया। इस दौरान उन्होंने बच्चे के लिए दूध की व्यवस्था भी की। सीडीपीओ के बुलाए जाने के बाद उसके सास व ससुर तो आए किन्तु महिला का पति अमित कुमार वहां नहीं आया।

# मंगल कालिन्दी व रामदास सोरेन की जीत में बंगाल के मंत्री श्रीकांत महतो की भी रही अहम भूमिका





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** जुगसलाई विधानसभा सीट से लगातार दूसरी बार भारी मतों के अंतर से विधायक बने मंगल कालिन्दी की जीत में पश्चिम बंगाल के राज्य मंत्री श्रीकांत महतो की भी अहम भूमिका रही। मंत्री ने तीन दिनों तक पटमदा एवं बोड़ाम प्रखंड समेत पूरे जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र में घूम-घूम कर झामुमो व कांग्रेस के नये-पुराने सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट किया। इस दौरान जगह-जगह पर कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों के साथ बैठक करते हुए रणनीति तैयार की। मंत्री ने चुनावी टिप्स देते हुए कार्यकर्ताओं में जोश भरने का काम किया। इस संबंध में टीएमसी के पूर्वी सिंहभूम जिला सचिव आदित्य हालदार ने बताया कि ममता दीदी के आदेश पर मंत्री श्रीकांत महतो ने क्षेत्र के कुड़मी बहुल गांवों के अलावा अन्य जगहों पर सुबह से देर रात तक झामुमो प्रत्याशी मंगल कालिन्दी के पक्ष में प्रचार किया एवं लोगों से उनकी जीत के लिए अपील की। हालदार ने बताया कि मंत्री श्रीकांत महतो की धर्मपत्नी सह जमशेदपुर लोकसभा क्षेत्र की पूर्व प्रत्याशी अंजना महतो ने भी झामुमो की स्टार प्रचारक कल्पना सोरेन की गोबरघुसी गांव में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए माहौल बनाने का भरपूर प्रयास किया। उन्होंने कहा कि मंत्री रामदास सोरेन के आग्रह पर श्रीकांत महतो ने घाटशिला विधानसभा क्षेत्र में भी प्रचार करते हुए उनकी जीत में बड़ी भूमिका निभाई है। हालदार ने दोनों विधायकों को शुभकामनाएं देते हुए जनहित में बेहतर कार्य करने की अपील की है। इधर पटमदा के झामुमो नेता सुभाष कर्मकार ने मंत्री श्रीकांत महतो के प्रति आभार व्यक्त किया है।

# डुमरिया में झामुमो का विजय आभार यात्रा आयोजित

▶ **विधायक ने प्रखंड के संपूर्ण विकास के लिए जताई प्रतिबद्धता**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**डुमरिया :** डुमरिया के छोलागोड़ा चौक पर सोमवार को विधायक संजीव सरदार का जोरदार स्वागत किया गया। दुसरी बार विधायक बनने के बाद डुमरिया पंहुचे संजीव सरदार को झामुमो और इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ताओं ने फुल मालाओं से लाद दिया। विधायक संजीव सरदार भी कार्यकर्ताओं के साथ पारंपरिक गीत संगीत के पर थिरकते नजर आए। इसके उपरांत आभार यात्रा निकाली गई। प्रखंड के बड़ाकांजिया, तिरिलडीह, बकुलचंदा, कुंडालुका, खैरबनी, भागाबांदी, मंदा, पड़सा, कांटाशोल और डुमरिया बाजार में जुलूस के शक्ल में जाकर ग्रामीणों का आभार जताया। इस दौरान डुमरिया में व्यवसायी और युवाओं ने भी विधायक का स्वागत बुके और अंगवस्त्र देकर किया।विधायक संजीव सरदार ने इस दौरान कहा कि भाजपा द्वारा उनके खिलाफ विभिन्न प्रकार के झूठे और बदनाम करने वाली बातों को जनता के सामने रखकर दिग्भ्रमित करने का प्रयास किया गया। उन्होंने कहा जनता ने भाजपा के झूठ को नकारते हुए शानदार जीत देने का काम किया। इसके लिए उन्होंने प्रखंड के मतदाताओं का आभार प्रकट किया। विधायक ने डुमरिया प्रखंड के संपूर्ण विकास के लिए प्रतिबद्धता जताते हुए कहा कि सभी गांवों को सड़क कनेक्टिविटी दुरुस्त किया जाएगा। स्वास्थ्य व्यवस्था और शिक्षा के क्षेत्र में प्रगति के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने कहा डुमरिया प्रखंड में डिग्री कॉलेज और टेक्निकल एजुकेशन के लिए साइंस पार्क स्थापना का प्रयास करेंगे।मौके पर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष मिर्जा सोरेन, सचिव जयपाल सिंह मुर्मू, भगत बास्के, प्रमुख गंगामनी हांसदा, उप प्रमुख चैतन मुर्मू, लाल बिहारी भकत, उदय मुर्मू, अर्जुन मुर्मू, रामदास हेंब्रम, मनोज मुर्मू, सुरेश हेंब्रम, मालती मुर्मू, मुखिया हेंब्रम, कांग्रेस के नित्यानंद साव, सुरेश साव समेत गठबंधन के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**बीडीओ ने किया विधायक का स्वागत :-**

डुमरिया के बीडीओ निलेश कुमार मुर्मू ने विधायक संजीव सरदार को दुबारा चुने जाने पर बधाई दी। बुके और अंगवस्त्र देकर स्वागत किया। विधायक ने प्रखंड के विकास के लिए हरसंभव सहयोग करने का आश्वासन बीडीओ को दिया।

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




विचार प्रवाह

संपादकीय

## क्या अब 'नोट जेहाद'?

**भाजपा** के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े पर 5 करोड़ रुपए नकदी बांटने और शराब की बोतलें कार्यकर्ताओं और मतदाताओं को देने के गंभीर आरोप लगे हैं। महाराष्ट्र में मतदान से कुछ घंटे पहले ही, मुंबई के पास बसई-विरार के एक होटल में, तावड़े नकदी के बैगों के साथ दिखाई दिए, लिहाजा उनके खिलाफ तीन प्राथमिकियां दर्ज की गईं। तावड़े ने आरोपों को खारिज किया है और भाजपा ने इन्हें बेबुनियाद, हास्यास्पद आरोप करार दिया है। विरार और नालासोपारा की स्थानीय पार्टी 'बहुजन विकास अघाड़ी' के विधायक-नेताओं और कार्यकर्ताओं ने होटल में हंगामा मचाया, नोट हवा में लहराए, करीब 3 घंटे तक तावड़े की घेराबंदी किए रखी। विरार के विधायक हितेंद्र ठाकुर ने 5 करोड़ नकदी बांटने का आरोप लगाया है। कुछ डायरियों के भी आरोप लगाए हैं, जिनमें दर्ज है कि किसे, कितना पैसा दिया गया। वह 5 करोड़ रुपए का नकदी कहां है, उसे अभी तक बरामद करके सार्वजनिक नहीं किया गया है। अलबत्ता होटल के कमरा नंबर 405, 410, 416 से क्रमशः 9 लाख, 72500 और 14000 रुपए जरूर बरामद किए गए हैं। इसके अलावा, 4 बोतल शराब और कुछ चुनाव प्रचार सामग्री भी जब्त किए गए हैं। बेशक यह चुनाव की अनैतिकता के साथ-साथ आचार संहिता का उल्लंघन भी है। यह चुनाव-अपराध भी है, क्योंकि प्रचार समाप्त होने के बाद दूसरे चुनाव क्षेत्र में जाना वर्जित है, लिहाजा आचार संहिता का हनन भी है। पुलिस ने संज्ञान लेते हुए बीएनएस की धारा 163 और जनप्रतिनिधित्व कानून की धारा 126 के तहत प्राथमिकी दर्ज की है। आचार संहिता के उल्लंघन के मद्देनजर प्राथमिकी अलग है। सभी तीन प्राथमिकियों में भाजपा नेता विनोद तावड़े को आरोपित बनाया गया है, लेकिन उन्हें गिरफ्तार नहीं किया गया। चूंकि विरार क्षेत्र में 'बहुजन विकास अघाड़ी' का राजनीतिक प्रभाव है, लिहाजा यह उसकी सियासत हो सकती है। तावड़े नोट बांट रहे हों, इसका कोई साक्ष्य नहीं है। नालायकी है अथवा यह जानबूझ कर किया गया, लेकिन होटल के उन कमरों के सीसीटीवी बंद थे। जांच के लिए फुटेज कहां से मिलेगी? बहरहाल नकदी बांटना, शराब मुहैया कराना या कुछ और वस्तुएं बांटना हमारे चुनाव-तंत्र का हिस्सा रहे हैं। नैतिक-अनैतिक होने के सवाल फिजूल हैं। औसतन हर चुनाव में ऐसी घटनाएं सामने आती हैं। महाराष्ट्र के इन चुनावों में ही 18 नवंबर तक करीब 1000 करोड़ रुपए के नकदी, सोना, चांदी और ड्रग्स पकड़े गए थे। नासिक के एक होटल में शिवसेना (शिंदे) के एक नेता करीब 2 करोड़ रुपए नकदी के साथ पकड़े गए। आरोप एनसीपी (शरद) सांसद सुप्रिया सुले और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले पर भी आरोप लगाए गए हैं कि बिटक्वाइन की हेराफेरी के पैसे का इस्तेमाल चुनाव में किया जा रहा है। अब जिम्मेदारी चुनाव आयोग की है कि वह निष्पक्ष जांच करे। हर चुनाव में ऐसा ही निष्कर्ष सामने आता है। 2024 के लोकसभा चुनाव के दौरान 10,000 करोड़ रुपए नकदी, शराब, अन्य वस्तुओं के रूप में पकड़े गए। उनका क्या हुआ? जिन पर केस दर्ज किए गए थे, उनका निष्कर्ष क्या निकला? वे सार्वजनिक क्यों नहीं हो पाए? दरअसल चुनाव आयोग 'दंतहीन' निकाय है। उसे संवैधानिक अधिकार प्राप्त हैं, लेकिन किसी को दंडित करने के अधिकार नहीं हैं। सवाल यह भी है कि जो करोड़ों रुपए जब्त किए जाते हैं, वे कहां जाते हैं? क्या वे किसी राज्य के खजाने का हिस्सा बनते हैं? अदालत में भी सौंपेंगे, तो वहां से भी सरकार के पास ही नकदी जाएगी। तावड़े प्रकरण सामने आया है, तो उद्धव ठाकरे ने इसे 'नोट जेहाद' करार दिया है। राहुल गांधी ने फिर प्रधानमंत्री मोदी से सवाल किया है-आखिर ये 5 करोड़ रुपए किस 'सेफ' से आए हैं? जनता का पैसा लूट कर आपको किसने टेम्पो में नकदी भेजा है? आरोप जितने भी हों, लेकिन यह कोई न्यायिक निष्कर्ष नहीं है।


महाराष्ट्र में मतदान से कुछ घंटे पहले ही, मुंबई के पास बसई-विरार के एक होटल में, तावड़े नकदी के बैगों के साथ दिखाई दिए, लिहाजा उनके खिलाफ तीन प्राथमिकियां दर्ज की गईं। तावड़े ने आरोपों को खारिज किया है और भाजपा ने इन्हें बेबुनियाद, हास्यास्पद आरोप करार दिया है। विरार और नालासोपारा की स्थानीय पार्टी 'बहुजन विकास अघाड़ी' के विधायक-नेताओं और कार्यकर्ताओं ने होटल में हंगामा मचाया, नोट हवा में लहराए, करीब 3 घंटे तक तावड़े की घेराबंदी किए रखी। विरार के विधायक हितेंद्र ठाकुर ने 5 करोड़ नकदी बांटने का आरोप लगाया है। कुछ डायरियों के भी आरोप लगाए हैं, जिनमें दर्ज है कि किसे, कितना पैसा दिया गया। वह 5 करोड़ रुपए का नकदी कहां है, उसे अभी तक बरामद करके सार्वजनिक नहीं किया गया है। अलबत्ता होटल के कमरा नंबर 405, 410, 416 से क्रमश: 9 लाख, 72500 और 14000 रुपए जरूर बरामद किए गए हैं।


### आज गुजरात, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, कर्नाटक, आदि के साथ साथ उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, उत्तराखंड, एवं नोर्थ ईस्ट के इलाके भी तेजी से विकास कर रहे

## भारत में रोजगार के संदर्भ में बदलना होगा अपना नजरिया


भारत में अब ग्रामीण इलाके भी देश की अर्थव्यवस्था में अपना योगदान बढ़ा रहे हैं तथा कई राज्यों की आर्थिक स्थिति में सुधार होता हुआ दिखाई दे रहा है। साथ ही, यह भी बताया गया है कि किस प्रकार भारत में तेज गति से हो रहे आर्थिक विकास का लाभ देश के युवाओं को रोजगार के अधिक अवसरों के रूप में मिल रहा है। आज भारत में केवल मुंबई, दिल्ली, कोलकाता, चेन्नई, बैंगलोर, हैदराबाद, पुणे जैसे महानगर ही देश के विकास में भागीदारी नहीं कर रहे हैं बल्कि ग्रामीण इलाकों में भी पर्याप्त विकास हो रहा है। इससे रोजगार के अवसर भी इन इलाकों में निर्मित हो रहे हैं।


**भारतीय** प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार समिति की सदस्य सुश्री शमिका रवि द्वारा हाल ही में सम्पन्न किए गए एक रिसर्च पेपर में, आंकड़ों के साथ, कई महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई हैं। इस रिसर्च पेपर में भारत के आर्थिक विकास के कई क्षेत्रों के सम्बंध में तथ्यों पर आधारित सारगर्भित बातें बताने के साथ साथ यह भी जानकारी दी गई है कि किस प्रकार भारत में अब ग्रामीण इलाके भी देश की अर्थव्यवस्था में अपना योगदान बढ़ा रहे हैं तथा कई राज्यों की आर्थिक स्थिति में सुधार होता हुआ दिखाई दे रहा है। साथ ही, यह भी बताया गया है कि किस प्रकार भारत में तेज गति से हो रहे आर्थिक विकास का लाभ देश के युवाओं को रोजगार के अधिक अवसरों के रूप में मिल रहा है। आज भारत में केवल मुंबई, दिल्ली, कोलकाता, चेन्नई, बैंगलोर, हैदराबाद, पुणे जैसे महानगर ही देश के विकास में भागीदारी नहीं कर रहे हैं बल्कि ग्रामीण इलाकों में भी पर्याप्त विकास हो रहा है। इससे रोजगार के अवसर भी इन इलाकों में निर्मित हो रहे हैं। सबसे अधिक विकास आज अविकसित क्षेत्रों में हो रहा है। आज गुजरात, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, कर्नाटक, आदि के साथ साथ उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, उत्तराखंड, एवं नोर्थ ईस्ट के इलाके भी तेजी से विकास कर रहे हैं। विकास के कई नए क्षेत्रों का निर्माण हुआ है। पिछड़े हुए इन राज्यों में गति पकड़ रहा विकास, भारत के सकल घरेलू उत्पाद में और भी अधिक वृद्धि दर्ज करने में सहायक सिद्ध होगा। ग्रामीण इलाकों में मूलभूत सुविधाओं का अतुलनीय विस्तार हुआ है, जिसके चलते अब सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र में कार्य करने वाली कम्पनियां भी अपने संस्थानों को ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित हो रही हैं। विशेष रूप से दक्षिणी प्रदेशों में कुछ कम्पनियों ने इस सम्बंध में अच्छी पहल की है। प्राचीन भारत में ग्रामीण क्षेत्र ही आर्थिक विकास के मजबूत केंद्र रहे हैं। इससे इन क्षेत्रों में निवासरत नागरिकों को रोजगार के अवसर भी इनके आसपास के इलाकों में मिल जाते हैं और इन्हें शहरी क्षेत्रों की ओर पलायन करने की आवश्यकता ही नहीं होती है। दूसरे, सामान्यतः देश के



विभिन्न राज्यों की वित्तीय स्थिति में भी मजबूती आई है। कुछ राज्यों के बजटीय घाटे में अतुलनीय सुधार दृष्टिगोचर हुआ है। परंतु, साथ ही कुछ राज्यों जैसे, पंजाब, केरल, पश्चिम बंगाल, हिमाचल प्रदेश, आदि प्रदेशों में आज बजटीय घाटे की स्थिति दयनीय हो रही है जिसे शीघ्र ही सम्हालने की आवश्यकता है क्योंकि एक तो इन राज्यों में विकास दर कम होती जा रही है दूसरे इन राज्यों द्वारा मुफ्त योजनाओं को धड़ल्ले से चलाया जा रहा है, बगैर यह ध्यान दिए कि इन बढ़े हुए खर्चों के लिए क्या उनके बजट में कुछ गुंजाइश भी है। इस प्रकार के बढ़े हुए खर्चे इन राज्यों के बजट पर अंततः दबाव बढ़ाते हैं। आज देश में कुछ राज्यों में ब्याज के भुगतान, प्रशासन सम्बंधी खर्चों एवं सेवानिवृत्त कर्मचारियों को पेंशन का भुगतान करने में ही पूरे बजट की राशि समाप्त हो जाती है। प्रदेश में विकास कार्य करने के लिए कुछ भी राशि बचती ही नहीं है बल्कि कुछ राज्यों को तो इन मदों पर भुगतान करने हेतु भी ऋण लेना होता है जो बजट पर और अधिक दबाव को बढ़ाता है। पूंजीगत खर्चे इन राज्यों में कम ही हो पा रहे हैं जिससे इन राज्यों में प्रति व्यक्ति आय भी कम है और ये राज्य विकास की दर को हासिल नहीं कर पा रहे हैं। दिल्ली में पिछले 10 वर्ष पूर्व तक पूंजीगत मदों पर बजट का एक बहुत बड़ा भाग खर्च होता था परंतु पिछले 10 वर्षों में पूंजीगत व्यय में भारी कमी दृष्टिगोचर हुई है। पंजाब की स्थिति भी बहुत खराब हो गई है केवल 20 वर्ष पूर्व तक पंजाब देश में सबसे अमीर राज्यों की श्रेणी में शामिल था परंतु आज इसके आसपास के राज्य, हिमाचल प्रदेश एवं हरियाणा, भी पंजाब से आगे निकल गए हैं। इन राज्यों में उद्योगों को स्थापित करने की आज सबसे अधिक आवश्यकता है। पंजाब से उद्योग निकलकर हिमाचल प्रदेश एवं हरियाणा में चला गया है। मध्यप्रदेश एवं बिहार कृषि के क्षेत्र में बहुत भारी वृद्धि दर्ज कर रहे हैं परंतु उद्योग के कम मात्रा में होने के चलते इन राज्यों में प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि दर तुलनात्मक रूप से कम है। किसी भी देश के लिए श्रम की भागीदारी एवं बेरोजगारी दो अलग अलग मुद्दे हैं। श्रम की भागीदारी में 18 वर्ष से 59 वर्ष के बीच के वे लोग शामिल रहते हैं जो अर्थ के अर्जन हेतु या तो कुछ कार्य कर रहे हैं अथवा कोई आर्थिक कार्य करने को उत्सुक हैं एवं इस हेतु रोजगार तलाश रहे हैं। पिछले 40 वर्षों के दौरान चीन में श्रम की औसत भागीदारी 75 प्रतिशत से ऊपर रही है। अर्थात प्रत्येक 4 में से 3 लोग या तो रोजगार में रहे हैं अथवा रोजगार तलाशते रहे हैं। वियतनाम में श्रम की भागीदारी 72 से 73 प्रतिशत की बीच रही है। बंगलादेश में यह 60 प्रतिशत से अधिक रही है। परंतु भारत में श्रम की भागीदारी 5 वर्ष पूर्व तक केवल 50 प्रतिशत के आसपास थी जो आज बढ़कर 57 प्रतिशत हो गई है। अर्थात इतने बड़े देश में कुल कार्य करने योग्य जनसंख्या में से आधे से कुछ कम आबादी या तो रोजगार में नहीं है अथवा रोजगार तलाश भी नहीं रही है। यह स्थिति भारत जैसे देश के लिए ठीक नहीं है। दूसरे, बेरोजगारी से आशय ऐसे नागरिकों से है जो रोजगार तलाश रहे हैं लेकिन उन्हें रोजगार मिल नहीं रहा है। भारत में ऐसे नागरिकों की संख्या मात्र 3 प्रतिशत ही है। समय के साथ बेरोजगारी की दर में थोड़ा बहुत परिवर्तन होता रहता है। परंतु, जब इस स्थिति को विभिन्न प्रदेशों के बीच तुलना करते हुए देखते हैं तो बेरोजगारी की दर में भारी अंतर दिखाई देता है। गुजरात, छत्तीसगढ़, कर्नाटक जैसे राज्यों में बेरोजगारी की दर यह 0.9 से 1.5 प्रतिशत के बीच है, जबकि केरल में 12.5 प्रतिशत है। आर्थिक विकास में वृद्धि के साथ साथ रोजगार के अवसर भी अधिक निर्मित होते हैं।

दृष्टि कोण

## चाय का जायका और कांगड़ा टी

**भारत** में चाय उत्पादन में सबसे ज्यादा योगदान असम का है, उसके बाद पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, केरल एवं अन्य राज्यों का है। भारतीय टी बोर्ड के वर्ष 2023 के आंकड़ों के अनुसार चाय उत्पादन में असम की हिस्सेदारी 49.39 प्रतिशत है तो पश्चिम बंगाल की 31.10 फीसदी है, तो तमिलनाडु का हिस्सा 12.01 प्रतिशत है और केरल 4.57 प्रतिशत का योगदान करता है, जबकि अन्य राज्यों की हिस्सेदारी महज 2.91 फीसदी की है। भारत में चाय उत्पादन के लिए 6.19 लाख हेक्टेयर जमीन का इस्तेमाल होता है और वर्ष 2023-24 में भारत में चाय का उत्पादन 1382.03 मिलियन किलोग्राम था। वर्तमान समय में चीन, भारत, केन्या और श्रीलंका दुनिया के चार सबसे बड़े चाय उत्पादक देश हैं। ये चारों देश मिलकर दुनिया के कुल चाय उत्पादन का 81 फीसदी हिस्सा पैदा करते हैं। वैश्विक चाय उत्पादन सालाना 18 बिलियन डॉलर से अधिक है। वैश्विक चाय उत्पादन में लगभग 13 मिलियन लोग शामिल हैं। यह अनुमान है कि चार प्रमुख उत्पादक देशों (चीन, भारत, केन्या और श्रीलंका) में, लगभग 9 मिलियन चाय उत्पादक किसान छोटे किसान हैं। यदि वैश्विक चाय की खपत का आकलन करें तो दुनिया भर में सबसे ज्यादा चाय चीन और भारत के लोग ही पीते हैं। एफएओ और टीआईआई के अनुसार चीन में 46.0 फीसदी, भारत में 17.79 प्रतिशत, तुर्किये में 3.83 प्रतिशत, पाकिस्तान में 3.79 और रूस के 2.03 फीसदी लोग चाय पीते हैं। जहां तक कांगड़ा चाय के इतिहास का सवाल है, तो इसकी शुरुआत सन् 1849 से मानी जाती है जब बॉटनिकल टी गार्डन के तत्कालीन अधीक्षक डा. जेम्सन ने इस क्षेत्र को चाय की खेती के लिए उपयुक्त पाया। यहां की चाय को 'कांगड़ा टी' के नाम से जाना जाता है और इसे ज्यादातर ऑर्गेनिक तरीके से उगाया जाता है। भारत के सबसे छोटे चाय क्षेत्रों में से एक होने के कारण कांगड़ा की हरी, देसी, ग्रीन टी और काली चाय की भारी मांग है। विदेशों और भारत से कांगड़ा घूमने आने वाले पर्यटकों द्वारा कांगड़ा चाय की विभिन्न किस्मों को पसंद किया और खरीदा जाता है। बीड़-बैजनाथ, भवारना, पालमपुर और नगरी क्षेत्रों के विशाल चाय बागान और चाय बनाने की फैक्टरियों में चाय निर्माण की प्रक्रिया को नजदीक से विस्तारपूर्वक देखा और समझा जा सकता है। कांगड़ा घाटी की जलवायु, जिसमें दिन के समय गर्मी और रात को ठंडक होती है, चाय के उत्पादन के लिए आदर्श मानी जाती है। इस क्षेत्र की चाय को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी मान्यता प्राप्त है और इसे जीआई टैग भी हासिल है, जो इसकी विशिष्टता और गुणवत्ता की गारंटी देता है। भारत में चाय की दिवानगी किसी से छुपी हुई नहीं है और सर्दियों के मौसम में तो इसकी तलब कुछ ज्यादा ही रहती है। प्यार से लेकर इकरार तक में लोग सबसे पहले चाय की चुसकियां लेना पसंद करते हैं। चाय की दुकानों/ढाबों पर राजनीतिक मुद्दे सबसे अधिक सुलझाए जाते हैं, तो वहीं देश-दुनिया की सभी बातों पर चर्चा भी चाय की टपरी पर ही परवान चढ़ती है। प्रतिवर्ष 21 मई का दिन अंतरराष्ट्रीय चाय दिवस के रूप में मनाया जाता है। खाद्य और कृषि संगठन के महानिदेशक क्यू डोंग्यू का मानना है कि, 'चाय उद्योग आर्थिक विकास के लिए एक इंजन बन सकता है। यह गरीबी और भूख के खिलाफ हमारी लड़ाई में योगदान दे सकता है और विशेष रूप से ग्रामीण समुदायों के लिए आय और रोजगार के एक प्रमुख स्रोत का प्रतिनिधित्व करता है।' दुनिया की सबसे महंगी चाय, दा-होंग पाओ चाय की कीमत करीब 9 करोड़ रुपए प्रति किलोग्राम है। पांडा डंग टी, यह चीन से आती है और इसे पांडा के गोबर से खाद के रूप में उगाया जाता है। इसकी कीमत करीब 57 लाख रुपए प्रति किलोग्राम है। गोल्डन पर्ल और मनोहरी गोल्ड चाय असम में उगाई जाती है और इसकी कीमत 99999 रुपए प्रति किलोग्राम है। दुनिया के सबसे मशहूर चाय बेचने वालों में डॉली चायवाला जिनका असली नाम सुनील पाटिल है, इन दिनों खूब मशहूर हैं, वहीं प्रफुल्ल बिल्लोर को एमबीए चाय वाला के नाम से जाना जाता है तथा वे चाय बेचकर 24 साल की उम्र में ही करोड़पति बन चुके हैं। अमूलेक सिंह बिजराल ने साल 2010 में चाय प्वाइंट की शुरुआत की थी और यह भारत का पहला चाय स्टार्टअप है। नितिन सलूजा और राघव वर्मा ने साल 2012 में चायोस की शुरुआत की थी। अनुभव दुबे ने चाय सुट्टा बार की शुरुआत की थी। भारत में चाय उत्पादन में कई समस्याएं हैं जैसे बढ़ती उत्पादन लागत और चाय की स्थिर कीमतें, प्रतिकूल मौसम, वैश्विक चाय अधिशेष, कम श्रमिक उत्पादकता, जलवायु परिवर्तन, कीट रोग, मिलावट, गुणवत्ता में गिरावट और चाय बोर्ड से लंबित सब्सिडी। भारतीय चाय के संवद्र्धन एवं विकास के लिए भारत सरकार ने भारतीय चाय बोर्ड की स्थापना वर्ष 1953 में की थी और इसका मुख्यालय कोलकाता में है। पूरे भारत में इसके 17 कार्यालय हैं। टी बोर्ड मुख्यतः चाय उत्पादन, वितरण और समस्याओं के निराकरण के लिए उत्तरदायी संस्था है। भारत में चाय उद्योग से संबंधित समस्याओं से निपटने और चाय उद्योग में सुधार के लिए कुछ उपाय किए जाने की जरूरत है जिनमें अनुसंधान एवं विकास पर ज्यादा ध्यान दिया जाना चाहिए।

कुछ अलग

## सामाजिक जागरूकता

**हमारे** देश में बाल दिवस भारत के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू जी के जन्मदिन यानी 14 नवंबर को मनाया जाता है, लेकिन दुनिया यह दिवस 20 नवंबर को मनाती है। इस साल भी यह दिवस पूरे विश्व में मनाया गया। इसकी शुरुआत संयुक्त राष्ट्र ने 1954 में की थी। यह दिवस बच्चों से जुड़े मुद्दों के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए मनाया जाता है। 20 नवंबर 1959 में संयुक्त राष्ट्र की जनरल असेंबली ने बाल अधिकारों की घोषणा की थी। बाल अधिकारों को चार अलग-अलग भागों में बांटा गया है- जीवन जीने का अधिकार, संरक्षण का अधिकार, सहभागिता का अधिकार और विकास का अधिकार। बचपन बहुत सारी ऊर्जा लिए, मासूमियत, खेलकूद व शरारतों से भरा होता है। इसी समय में सीखी गई बातें जीवन की नींव बनती हैं। बच्चे का मन कोरी स्लेट की तरह होता है। उन्हें जैसे संस्कार और व्यवहार मिलता है, उसी से उस बच्चे के जीवन में उसका व्यवहार और विचार प्रभावित होते हैं। इसी समय में शारीरिक व मानसिक विकास होता है। इसलिए हर बच्चे को स्वस्थ, समृद्ध व संस्कारपूर्ण बचपन देना उसका अधिकार है। हमारे देश में विश्व बाल दिवस को राष्ट्रीय बाल अधिकार दिवस के रूप में मनाया जाता है, ताकि बच्चों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया जा सके। राष्ट्रीय बाल अधिकार दिवस मनाने का उद्देश्य बच्चों के अधिकारों की देखभाल करने के साथ साथ कई कुरीतियों जैसे बाल विवाह, बाल मजदूरी, शोषण, तस्करी करना आदि को रोकना है। आपको कई छोटे-छोटे बच्चे छोटे-बड़े होटलों व ढाबों पर कप-प्लेट उठाते मिल जाएंगे। जिन नन्हें हाथों में किताबें होनी चाहिए थीं, वो नन्हें हाथ चाय के कप धोते नजर आते हैं। इसका एक कारण इन बच्चों की मजबूरियां हैं। इनके समाज का ऐसा माहौल है कि ये बच्चे इतनी कम उम्र में काम करने को मजबूर हो जाते हैं। देश में बाल मजदूरी के खिलाफ कानून सख्त है। केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा शुरू किया गया पेंसिल पोर्टल बाल श्रम को खत्म करने वाला एक इलेक्ट्रॉनिक प्लेटफार्म है। सशक्त विकास योजना के लक्ष्यों में बाल मजदूरी को 2025 तक समाप्त करने का लक्ष्य रखा गया है। बालश्रम के विरुद्ध फैक्टरी कानून 1948 में, बाल श्रम (निषेध व नियमन) कानून 1986 में बनाया गया तथा साल 2016 में बदलाव करके इसे और सख्त बनाया गया। हमारा देश शुरुआत से ही बच्चों के अधिकारों, समानता और उनके विकास के लिए प्रतिबद्ध रहा है। इसके लिए भारतीय संविधान में सभी बच्चों के लिए कुछ खास अधिकार सुनिश्चित किए गए हैं, जैसे 6 से 14 साल की आयु वाले सभी बच्चों की अनिवार्य और निःशुल्क प्रारंभिक शिक्षा का प्रावधान किया गया है। अनुच्छेद 24 में 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को जोखिम वाले कार्य करने से सुरक्षा का प्रावधान किया गया है। अनुच्छेद 39 (घ) में आर्थिक जरूरतों की वजह से जबरन ऐसे कामों में भेजना जो बच्चों की आयु के उपयुक्त नहीं है, से सुरक्षा का प्रावधान किया गया है। अनुच्छेद 39 (च) में बालकों को स्वतंत्र और गरिमामय माहौल में स्वस्थ विकास के अवसर और सुविधाएं मुहैया कराने और शोषण से बचाने का प्रावधान किया गया है। इसके बावजूद यह तथ्य है कि आज भी सामाजिक जागरूकता चाहिए।

देश दुनीया से

## जीवन का आनंद

**कहा** जाता है कि चौरासी लाख योनियों का कष्ट भुगतने के बाद हमें मानव रूप में जन्म लेने का सौभाग्य प्राप्त होता है। यही कारण है कि ज्यादातर धर्मों में मानव जीवन की बहुत महत्ता गाई गई है और यह कहा गया है कि मानव रूप में परमात्मा का भजन करके जीवन को सफल बनाना ही हमारा उद्देश्य होना चाहिए। बहुत से ज्ञानी जन यह मानते हैं कि मनुष्य रूप में भी हमारे कई-कई जन्म होते हैं और जब तक हम शुद्ध होकर परमात्मा में विलीन होने के काबिल नहीं हो जाते, तब तक जन्म-मरण का चक्कर चलता रहता है। ऐसे सभी धर्म और ये ज्ञानी जन इस एक बात पर सहमत हैं कि आत्मा अजर, अमर है और शरीर का नाश होता है, आत्मा न मरती है न उसका नाश संभव है, लेकिन बहुत से अन्य धर्म ऐसे भी हैं जो पुनर्जन्म में विश्वास नहीं करते, वे सिर्फ सात्विक जीवन की बात करते हैं, परमात्मा के भजन की बात करते हैं, समाज सेवा की बात करते हैं, पर पुनर्जन्म को नहीं मानते। शब्द कुछ भी हों, भाव यही होता है। विज्ञान पुनर्जन्म को नहीं मानता। विज्ञान और वैज्ञानिक इस विचार को पूरी तरह से नकारते हैं, और यह सच भी है कि अभी तक पुनर्जन्म के किसी साक्ष्य पर दुनिया भर में वैज्ञानिक ढंग से कोई शोध करके इसकी सच्चाई को सिद्ध नहीं किया जा सका है। यही नहीं, जिन देशों में या जिन धर्मों में पुनर्जन्म की धारणा को नहीं माना जाता, वहां ऐसा कोई ठोस मामला भी कभी सामने नहीं आया जब किसी ने अपने किसी पिछले जन्म का जिक्र किया हो। धार्मिक आस्था वाले लोग और आध्यात्मिक लोग यह कहकर अपना पीछा छुड़ा लेते हैं कि विज्ञान की बहुत सी सीमाएं हैं और विज्ञान कभी भी अध्यात्म की गहराइयों, या यूं कहिए कि अध्यात्म की ऊंचाइयों तक नहीं पहुंच सकता। प्रसिद्ध मनोचिकित्सक और आज की दुनिया में सर्वाधिक प्रतिष्ठित हिप्नोथेरेपिस्ट, अंतरराष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त लेखक डा. ब्रायन वीज ने पश्चिमी जगत में पुनर्जन्म की धारणा को सच मानने का अभियान चलाया है। उल्लेखनीय है कि वे एक ईसाई हैं और ईसाई धर्म में पुनर्जन्म की धारणा नहीं है। उनका दावा है कि एक मनोचिकित्सक और हिप्नोथेरेपिस्ट के रूप में काम करते हुए अपने मरीजों का इलाज करने के दौरान उन्हें कई अलौकिक अनुभव हुए और उनके मरीजों ने अपने पिछले जीवन की घटनाएं देखीं। परंतु विज्ञान जगत उनके इस दावे से सहमत नहीं है। वैज्ञानिक इस दावे को दिमाग की कल्पना मानते हैं कि कोई व्यक्ति ट्रांस की स्थिति में अपने पिछले जीवन को देख सकता है। डा. ब्रायन वीज एक शिक्षित एवं अनुभवी मनोचिकित्सक हैं, और वे खुद भी यही कहते हैं कि विज्ञान को इस दिशा में काम करना चाहिए। यानी, अभी तक पुनर्जन्म को वैज्ञानिक ढंग से सिद्ध नहीं किया जा सका है। स्वर्गीय लेखक खुशवंत सिंह ने एक बार दलाई लामा का इंटरव्यू किया था। उस बातचीत के दौरान खुशवंत सिंह ने पूछा कि ऐसा क्यों है कि पश्चिमी देशों में, जहां ईसाई धर्म की मान्यता है, वहां कभी किसी व्यक्ति ने अपने पिछले जीवन की दास्तान नहीं सुनाई है, ऐसा क्यों है कि पिछले जीवन की घटनाओं की खबरें सिर्फ उन्हीं देशों से आती हैं जहां पुनर्जन्म की धारणा पर विश्वास किया जाता है। जवाब में दलाई लामा ने जो कहा, उसका सार यह है कि आपका यह कथन सत्य है कि पुनर्जन्म को लेकर जितनी भी घटनाएं सामने आई हैं, वैज्ञानिक शोध में उनकी सच्चाई सिद्ध नहीं हो सकी है, पर मेरे धर्म में पुनर्जन्म की धारणा है, अतः पुनर्जन्म में मेरी आस्था है और मैं यह मानता हूं कि आप मेरी आस्था पर सवाल नहीं कर रहे हैं। लब्बोलुबाब यह कि पुनर्जन्म आज भी विवाद का विषय है। अगर हम यह मान लें कि पुनर्जन्म नहीं होता, आत्मा नाम की कोई चीज नहीं है, और स्वर्ग-नरक भी कहानियों का विषय है जिसे धर्मावलंबियों ने अपनी दुकान चलाने के लिए गढ़ रखा है, तो भी एक बात से तो कोई इंकार नहीं कर सकता कि हम सब एक सुखी, खुशहाल और खुशियों से भरपूर जीवन जीना चाहते हैं। एक शब्द में कहें तो हम सब 'आनंद' चाहते हैं। अब अगर हम अपने चारों ओर देखें तो हम यह पाते हैं कि कोई भी व्यक्ति सुखी नहीं है, खुश नहीं है, और आज लगभग हर व्यक्ति किसी न किसी संघर्ष से गुजर रहा है और तनाव भरा जीवन जी रहा है। तनाव की स्थिति इतनी भयानक है कि समाज का हर वर्ग इससे ग्रसित है, परेशान है और दुख भोग रहा है। अमीर हो या गरीब, राजा हो या भिखारी, मालिक हो या कर्मचारी, सभी किसी न किसी तनाव से ग्रसित हैं। गलाकाट प्रतियोगिता, आगे बढने की उत्कट चाह, सबसे अलग दिखने की इच्छा, पड़ोसी के सुख में दुखी, क्रोध, ईर्ष्या, डर, ग्लानि आदि से पीड़ित मानव समाज एक ऐसे चक्रव्यूह का शिकार है जिससे निकलने की कोई राह उसे नहीं सूझ रही है। मनोविज्ञान यह मानता है कि कृतज्ञता की भावना, प्रेमपूर्ण दृष्टिकोण, सेवा के कार्य और प्रार्थना से युक्त जीवन हर संकट की रामबाण औषधि है। इन मान्यताओं से वैज्ञानिक भी सहमत हैं। यहां मनोविज्ञान, विज्ञान और अध्यात्म में कोई विवाद नहीं है। अध्यात्म भी कहता है कि पूजा सिर्फ तभी पूजा है जब हम प्रेममय हो जाते हैं, देश, धर्म, जाति, लिंग, क्षेत्र की बात छोडक़र हर व्यक्ति से प्रेम करने लगते हैं, बिना कारण प्रेम करने लगते हैं। हम पूजा करें या न करें, पर यदि हम प्रेममय हो जाएं और किसी का दुख बांट लें, किसी की सहायता कर दें, किसी को मार्गदर्शन दें तो हमें अलौकिक खुशी मिलती है। हमें जो प्राप्त है, उसे ही पर्याप्त मानकर संतुष्ट हों, जीवन के प्रति कृतज्ञ हों तो फिर हम पूजा करें या न करें, हम एक परिपूर्ण और सुखी जीवन जी सकते हैं। यह जीवनशैली अपना लें तो मानसिक रोग नहीं होते और मन हमेशा प्रसन्न-प्रफुल्लित रहता है। अध्यात्म कहता है कि हम दुनियादारी के सारे काम करें, ईर्ष्या, द्वेष और लालच से मुक्त होकर अपनी जिम्मेदारियां निभाएं, फिर हमारा मन ही मंदिर हो जाता है। जब हम सब इस बात पर एकमत हैं कि हम जीवन में आनंद चाहते हैं और यदि हम 'जो प्राप्त है, पर्याप्त है' की धारणा से संतुष्टि भरा जीवन जिएं, अपनी जिम्मेदारियां ईमानदारी से निभाएं, सदा सच ही बोलें और किसी का दिल न दुखाएं तो हम एक स्वस्थ जीवन जीते हुए सदैव आनंदित रह सकते हैं। सवाल यह है कि जब यह इतना आसान है तो लोग इसे अपनाते क्यों नहीं? जवाब यह है कि हम अक्सर उस बात की उपेक्षा कर देते हैं जो सामान्य है, और आसान नजर आता है, तो सबक यही है कि हम इस 'आसान' मंत्र की उपेक्षा न करें, इसे जीवन में उतारें और सचमुच एक आनंद भरा जीवन जीने की राह जरूर प्रशस्त करें।

आप का नजरीया

## लोकतंत्र की यह कैसी पहचान

**तत्ववेत्ता** कहते हैं कि अपने अंदर एक शहर ही नहीं, पूरा ब्रह्मांड खुलता महसूस करो। जब से मुल्क के मसीहाओं ने हमारी नौकरी, रोटी और राहत भरे भविष्य की चिंता छोड़ कर हमें ऐसे तत्व चिंतन से जीवन जीने का संदेश देना शुरू किया है, हमने भी रुख बदल कर पलायन में राहत तलाश शुरू कर दी है। शुरू से सुनते आए थे कि रोटी, रोजी दे न सके, वह सरकार निकम्मी है। जो सरकार निकम्मी है वह सरकार बदलनी है। अब बदलने की तो बात ही न कीजिए। आजकल तो बदलने की बात गुनाह है, जिसे देखो वही उम्र भर का सामना करता नजर आता है। पल की खबर नहीं, इसके बारे में न कोई सोचता है, न कोई महसूस करता है। जो एक बार चुनाव जीत जाता है, उसका सपना अपनी गद्दी पर फैवीकोल हो जाने का हो जाता है। अचानक उसके अंदर समाज से अधिक परिवार का दायित्व जाग जाता है। जब तक जियें अपने लिए गद्दी सुरक्षित रखें, उसके बाद बेटे-बेटियां ही नहीं, नाती-पोते भी तो हमारी जिम्मेदारी है। अपने अंदर जो ब्रह्मांड नेता जी खुलता महसूस करते हैं, वह उनके घर के दालान से ही उन्हें खुलता नजर आता है। उन्हें लगता है कि यह निर्विवाद सत्य है कि गरीब के बेटे को गरीब और मजदूर के बेटे को मजदूर रहना है, इसी प्रकार राजा के बेटे को राजा, और नेता के बेटे को नेता रहना है। अब राजे-रजवाड़े तो रहे नहीं, इसलिए वजीरी के सर्वाहितकार इन घरानों में सुरक्षित रहने चाहिए। हम समाजवाद का जितना चाहे राग अलाप लें, राजाओं के घर कभी रंक पैदा नहीं होते। राजपथ अगर उनकी अभीष्ट सडक़ है, तो इस सडक़ को जाने वाली सत्तावन गलियां उनके राजप्रसादनुमा भव्य भवन से ही शुरू होती हैं। देश की 140 करोड़ जनता के लिए एक बरस का जो बजट सरकार बनाती है, उसके बराबर तो देश के एक प्रतिशत की धन-सम्पदा है। ऐसे लोगों को पीढ़ी दर पीढ़ी प्रणाम करके उनकी शोभायात्रा निकालना ही उस 99 प्रतिशत का परम धर्म है। इसी को इस देश में लोकतंत्र की पहचान कहते हैं। यही वह लोकतंत्र है जिसे इस देश का हर आदमी अपने अंदर पिछली पौन सदी से जीता महसूस कर रहा है। सपनों का एक शहर है जो नेता लोग अपने घोषणापत्रों से, भाषणों से उसके अंदर जिंदा करते हैं। इस शहर में न जाने कितने खुल जा सिम-सिम हैं जो उसके अंदर वोट डालने के दिनों में खुल जाते हैं। चार दिन की चांदनी के रूप में न जाने कितने जादुई चिराग हैं, जो मीरे कारवां अपनी शोभायात्राओं से उनके अंदर बांट जाते हैं। लीजिये चार दिन चांदनी के गुजर गए, अब फिर अंधेरी रात पसर गई। अब जितना चाहे 'खुल जा सिम-सिम' कह लो, मंजिल तक ले जाने वाली कोई अंधेरी सुरंग उनके लिए नहीं खुलती। जिंदगी में गड़ा खजाना मिलने की बात उन्हें कैसे कहें, जो पिछली पौनी सदी में कूड़े के डम्प भी अपनी जिंदगी से हटा नहीं पाए। बल्कि अब तो वह डम्प उनकी जिंदगी के पिछवाड़े से सरककर उनकी ड्योढ़ी तक आ गए। उम्मीद थी कि इन सब दिनों में उनकी जिंदगी में तरक्की के सिंह द्वार खुल जाएंगे, लेकिन यह द्वार किसी भूलभलैया में खो गए और रिश्वतखोरी से लेकर दलाली तक को कानून सम्मत बनाने की मांग होने लगी।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



# जमीन के मुआवजा की मांग को लेकर पांच घंटे सड़क जाम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ-रांची मुख्य पथ एनएच 22 के चौड़ीकरण के लिए अधिग्रहित की गई जमीन के बदले मुआवजा की मांग को लेकर सोमवार को गरेन्जा गांव के ग्रामीणों ने बालूमाथ-रांची मुख्य मार्ग एनएच 22 को पांच घण्टे तक जाम कर दिया।ग्रामीणों ने बताया कि मिशन मोड़ से लेकर मकइयाटांड़ पिकेट तक उनकी करीब तीन एकड़ रैयती जमीन पर एनएच सड़क निर्माण का कार्य तीन वर्ष पूर्व संतोष कंस्ट्रक्शन द्वारा कराया गया था।और संतोष कंट्रक्शन द्वारा अंचल से एक लिखित देकर जमीन के बदले मुआवजा दिलवाने का आश्वासन दिया गया था। लेकिन तीन वर्ष बीत जाने के बाद भी आज तक उन्हें जमीन का मुआवजा नहीं मिला है। ग्रामीणों ने आगे बताया कि जब हमलोग जब अपने कागजात को लेकर अंचल कार्यालय गए तो कर्मचारी दयालु केरकेट्टा द्वारा जमीन सत्यापन के नाम पर 50,000 रूपया रिश्वत भी मांगा था। हमलोगों ने इसकी शिकायत जिला के उपायुक्त से किया उसके बाद भी दयालु केरकेट्टा पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुआ। और हमलोगों का फाइल भी आगे नहीं बढ़ाया गया ।इसको लेकर अंचल से लेकर जिला में विभिन्न पदाधिकारी का चक्कर लगा चुके हैं। लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। वहीं जाम लगने की सूचना पाकर बालूमाथ बीडीओ सोमा उराँव, अंचलाधिकारी विजय कुमार, थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार मौके पर पहुंच कर जांचकर्ताओं के साथ वार्ता किया। अंचलाधिकारी विजय कुमार ने लिखित आश्वासन दिया कि पांच दिनों के भीतर उनके मामले का निपटारा की प्रक्रिया शुरू किया जाएगा।तब जाकर जाम समाप्त हो पाया। वहीं जाम लगने की वजह से सड़क के दोनों ओर करीब दो किलोमीटर लंबा जाम लग गया। जिसमें बस ट्रक समय छोटे-बड़े कई वाहन फंसे रहे।इस दौरान जाम सुबह 6:30 बजे से 11:30 बजे तक रहा। मौके पर पंचायत समिति सदस्य पिंटू नायक, धर्मदेव उराँव, बबुना उराँव, कुश उरांव, जीतू उराँव समेत कई ग्रामीण मौजूद थे।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तहत शिविर का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड के अंतर्गत लुब्धीया गांव में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तहत सोमवार को शिविर का आयोजन किया गया। जहां चतरा के सचिव महोदय के निर्देशा अनुसार ग्रामीणों के बीच कानूनी जागरूकता शिविर के तहत कई जानकारियां बताई गई। जैसे अंधविश्वास मुक्त हो गरीबी उन्मूलन डायन प्रथा जैसे अंधविश्वास से बचने को लेकर जागरूक किया गया। लोगों को डालसा टोल फ्री नंबर 15100 पर शिकायत दर्ज कर सकते हैं। एवं 14 दिसंबर को लगने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में लोगों को जानकारी दिया गया। जहां अपनी समस्याओं का निदान करवा सकते हैं। साथ ही डालसा स्कीम नशा उन्मूलन के बारे में लोगों को बताया गया। यह सभी जानकारी गिद्धौर प्रखंड के पीएलभी शम्भु कुमार राणा द्वारा बतलाया गया है जहां दर्जनों ग्रामीण भी उपस्थित थे।

## मगध कोल परियोजना के आउटसोर्सिंग कंपनी भीपीआर के वर्कर की दुर्घटना में हुई मौत



**टंडवा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल के मगध कोल परियोजना क्षेत्र अंतर्गत देवलगड्डा पैच में कोयला उत्पादन की तैयारी में कार्य कर रही आउटसोर्सिंग एजेंसी भीपीआर कंपनी के डोजर चालक का बीते रात दुर्घटना में मौत हो गया है। मौजूद प्रत्यक्ष दर्शियों के अनुसार टंडवा थाना अंतर्गत देवलगड्डा कुंडी पैच में कोयला उत्पादन करने हेतु ओबी हटाने की तैयारी की जा रही थी। जिसमे पूर्व से जमा किए गए ओबी के डंप के ऊपर डोजर को कार्य के लिए एजेंसी के संचालक द्वारा भेजा गया था। जहां ओबी के ऊंचे ढेर से डोजर सहित, डोजर का चालक नीचे गिर गया जिससे दुर्घटना में गंभीर चोट के कारण चालक की घटनास्थल पर ही मौत होने की बात सामने आ रही है। मृतक डोजर चालक आसाम राज्य का रहने वाला बताया जा रहा है। अब सवाल यह उठता है कि सीसीएल जहां करोड़ करोड़ रुपए का मुनाफा प्रति वर्ष कमा रही है, वहीं पर कोल परियोजना क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को नजर अंदाज कर दिया जाता है। जिस कारण से इस तरह की घटनाएं घटित होती है।

## विधायक रामचंद्र सिंह डिग्री कालेज मनिका के सभी समस्याओं का करेंगे शीघ्र निवारण : उत्तम



**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड छात्र मोर्चा के नेता उत्तम कुमार ने मनिका विधानसभा से रामचंद्र सिंह को विधानसभा चुनाव में विजय होने पर शुभकामनाएं प्रेषित किया। साथी उन्होंने कहा कि रामचंद्र सिंह एक दूर दृष्टि और शिक्षा क्षेत्र में सकारात्मक पहल करने वाले नेता की छवि रखते हैं और उनके इस क्षेत्र से विधायक बनने से मनिका डिग्री कॉलेज की स्थिति और अधिक सुदृढ़ होगी साथ ही यहां के स्थानीय विद्यार्थियों के लिए शिक्षा का माहौल सहज और सुगम होगा। झारखंड छात्र मोर्चा के सभी कार्यकर्ताओं की ओर से बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ताओं में उनके विजयी होने से नई ऊर्जा का संचार हुआ है। अब हम सभी मिलकर पांच वर्षों तक क्षेत्र की चहुमुखी विकास के लिए कार्य करेंगे।

# सरकार पर विपक्ष हावी, चतरा, सिमरिया विधानसभा पर जमाया कब्जा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** सिमरिया, चतरा विधानसभा चुनाव सम्पन्न होने तक राज्य सरकार पर विपक्षी दल भाजपा हावी रहा है जिसका परिणाम है कि भाजपा के जिलाध्यक्ष रामदेव भोगता ने चतरा और सिमरिया दोनों विधानसभा में चुनाव के दौरान हावी होकर लगातार क्षेत्र का भ्रमण करते रहे और अंततः दोनों विधानसभा सीट पर विजय होकर कब्जा जमाने में कामयाबी हासिल कर ली है। जो विपक्षी के लिए एक बहुत बड़ी उपलब्धि साबित हुई है। जबकि राज्य में सरकार होने के बावजूद झामुमो जिला अध्यक्ष पंकज प्रजापति को इस चुनाव में निष्क्रिय देखा गया। झामुमो जिला अध्यक्ष को सिमरिया और चतरा विधानसभा के किसी क्षेत्र में भ्रमणशील नहीं देखा गया। जो स्पष्ट रूप से निष्क्रियता का परिचय दे रहा है। झामुमो कार्यकर्ताओं ने कहा कि क्षेत्र में घूमना तो दूर महागठबंधन के प्रत्याशियों से हाल-चाल व स्थिति तक का कभी कोई जायजा नहीं लिया है। यह स्पष्ट पता चलता है कि सरकार के विपक्षी दल सरकार पर पूर्ण रूप से हावी है जिसके भय से सरकार के प्रतिनिधि को अपने क्षेत्र या विधान सभा तथा जिला में भी अपना चेहरा छुपाना पड़ रहा है। ऐसा जिला अध्यक्ष जो स्वतंत्र रूप से अपने क्षेत्र में भ्रमण नहीं कर सकते हैं। क्षेत्र व जनता के सुख-दुख में क्या शामिल होंगे। आगे झामुमो कार्यकर्ताओं ने कहा कि चतरा जिला अध्यक्ष ऐसे अध्यक्ष हैं जो ना ही पार्टी का विस्तार और विकास चाहते हैं और ना हीं पार्टी कार्यकर्ताओं की। जेएमएम के शीर्ष नेताओं से आग्रह है कि चतरा जिला अध्यक्ष अविलंब बदल दें और नहीं तो जिला अध्यक्ष पद का कुर्सी को खाली छोड़ दें ताकि कार्यकर्ताओं में संतोष रहे। राज्य में सरकार होने के बावजूद भी पार्टी कार्यकर्ताओं के चेहरे पर कभी मुस्कान नहीं देखा जाता है। जिसका कारण सिर्फ और सिर्फ झामुमो चतरा जिला अध्यक्ष पंकज प्रजापति हैं। जो चतरा जिला झामुमो कार्यकर्ताओं के लिए बहुत बड़ी दुर्भाग्यपूर्ण बात है।

# नवनिर्वाचित विधायक उज्जवल दास की जीत की खुशी में भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाई खुशियां

## गाजे बाजे के साथ खूब छोड़ें पडाके जमकर उड़े गुलाल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड मुख्यालय के मैन चोक में भाजपा कार्यकर्ताओं ने नवनिर्वाचित विधायक उज्जवल कुमार दास के जीत की खुशी में जमकर खुशियां मनाएं। बता दें की सिमरिया विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के कुमार उज्जवल दास की जीत की खुशी में भाजपा कार्यकर्ताओं ने चौक चौराहे में रंग गुलाल जमकर उडाये व खुशियां मनाएं। वही जगह-जगह पर बम पड़ाके फोड़ करके अपनी अपनी खुशियां जाहिर किया। भाजपा प्रखंड अध्यक्ष कपिल कुमार दांगी ने बतलाया कि शांतिपूर्ण तरीके से हमारे पूर्ण कार्यकर्ता खुशी मनाए। एवं विधायक उज्जवल कुमार दास को ढेर सारी शुभकामनाएं कहे हैं। यह कार्यक्रम मुख्य चौक से होते हुए पूरे गिद्धौर का भ्रमण किया। मौके पर सांसद महामंत्री मनोज कुमार कुशवाहा सत्येंद्र कुमार कुशवाहा बिकाश पांडेय शिवकुमार दांगी बबलू कुमार साव जितेंद्र राम जितेंद्र ठाकुर महावीर पांडेय सुनील राणा राजेश दांगी जोगिंदर सिंह प्रसादी पासवान गोविंद कुमार दांगी विकास कुमार पांडेय के साथ दर्जनों कार्यकर्ता शामिल है।

## बीडीओ सह सीओ ने किया समीक्षा बैठक, विकास कार्यों में तेजी लाने के निर्देश



**बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बरडीहा प्रखंड के सभागार में सोमवार को प्रखंड सह अंचल के सभी कर्मियों के साथ बीडीओ सह सीओ राकेश सहाय ने समीक्षा बैठक किया। बैठक में चुनाव आचार संहिता के कारण रुके हुए विकास कार्यों को प्राथमिकता से पूरा करने का निर्देश दिया गया।बैठक ने प्रधानमंत्री आवास योजना, अबुआ आवास योजना, मनरेगा, कल्याण विभाग, और राजस्व विभाग के लंबित कार्यों की समीक्षा की गई। स्कूल के सभी संचित छात्र-छात्राओं को 2 दिनों के भीतर साइकिल वितरण कर उसकी रिपोर्ट कार्यालय में जमा करने को कहा गया।अंचल कार्यालय में लंबित दाखिल-खारिज और सीमांकन के सभी मामलों को एक सप्ताह के भीतर निपटाने का निर्देश दिया गया। राकेश सहाय ने स्पष्ट किया कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नही किया जायेगा।

## लातेहार मत्स्य विभाग के पदाधिकारी ने मत्स्य पालन को लेकर साझा की महत्वपूर्ण जानकारियां



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** दिल्ली के प्रगति मैदान मे मत्स्य निदेशालय रांची द्वारा मत्स्य पालन को लेकर मेला का आयोजन किया गया है। जिसमें झारखंड के लातेहार जिले के मत्स्य विभाग के पदाधिकारी रणविजय कुमार ने मत्स्य पालन को लेकर कई जानकारी दी है। मेला मे मत्स्य पालन को लेकर कई जानकारी साझा किया जा रहा है। राज्य में मत्स्य पालन की संभावनाओं को देखते हुए विशेषज्ञों ने कई महत्पूर्ण जानकारी दी है। मेला मे कई स्टॉल लगाये गये हैं। इस दौरान केंद्रीय मंत्री संजय सेठ व राज्य के वरीय आईएएस अधिकारी भोर सिंह यादव समेत कई अधिकारियों ने मेला मे लगे स्टॉल का निरीक्षण किया।मौके पर केंद्रीय मंत्री संजय सेठ को मत्स्य पालन से संबंधित पुस्तक भी भेट की गई।मत्स्य पालन को लेकर लगे मेला मे देश के सभी राज्यों का स्टॉल लगा है। मेला 13 नवंबर से लगा है जो 27 नवंबर तक चलेगा।

# विधुत विभाग कर्मी चार सूत्री मांगों को लेकर सोमवार से हड़ताल पर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** विद्युत विभाग के अंतर्गत काम करने वाले दैनिक भोगी कर्मियों की अपने बकाया मजदूरी की भुगतान के साथ-साथ चार सूत्री मांगों को लेकर सोमवार की सुबह से शुरू हुए हड़ताल के कारण बरवाडीह प्रखंड के साथ-साथ गारू महुआडांड़ प्रखंड पूरी तरह से विधुत आपूर्ति ठप हो गई है। अपनी माँग क़ो लेकर धरने पर बैठने के पूर्व ब्रेक डाउन के नाम पर विधुत आपूर्ति क़ो बंद कर दिया गया जिसके बाद दो दर्जन से अधिक कर्मी बरवाडीह सब स्टेशन के मुख्य गेट के बाहर धरने पर बैठक गए और विभाग के खिलाफ नारेबाजी करते हुए बकाया भुकतान के साथ निजी कम्पनी वैष्णवी कस्ट्रक्शन क़ो बदलने, सही समय पर मजदूरी भुकतान करने, कर्मी क़ो मानसिक रूप से परेशान न करने की मांग क़ो लेकर अपना विरोध दर्ज कराया। सहायक अभियंता की पहल नहीं आयी काम विद्युत विभाग के दैनिक भोगी कर्मियों के विरोध प्रदर्शन के कारण विद्युत आपूर्ति बंद होने से उपभोक्ताओं में खासा आक्रोश देखा गया। वही कर्मियों को मानने और समझने को लेकर विभाग के सहायक अभियंता दुर्गा सिंह मौके पर पहुंच कर वार्ता करने का प्रयास किया। सहायक अभियंता ने कर्मियों को एक माह के बकाया भुगतान तत्काल करने का आश्वासन दिया और अन्य मांगों को भी जल्द पूरा करने की बात कही उसके बावजूद दैनिक भोगी कर्मियों ने उनकी बातों को माने से इनकार कर दिया और अपना प्रदर्शन जारी रखा। प्रदर्शन करने वालो में पंकज कुमार, संतोष कुमार, सोनू पासवान, सोनू गुप्ता, आनंद कुमार सिंह, गणेश राम, चंदन कुमार, असलम अंसारी, राहुल कुमार, बीरेंद्र कुमार समेत अन्य कर्मी मौजूद थे।

# उत्कृष्ट विधायक रामचंद्र सिंह को मंत्री बनाने की मांग तेज



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** मनिका विधान सभा क्षेत्र की मतदाता कार्यकर्ताओं के साथ चेरो समाज के प्रखंड अध्यक्ष हुलास कुमार सिंह और झामुमो प्रखंड कमेटी के साथ प्रखंड अध्यक्ष अफजल अंसारी ने उत्कृष्ट विधायक रामचंद्र सिंह को हेमंत सरकार में मंत्री बनाने की मांग रखी है। उन्होंने कहा कि महागठबंधन के कांग्रेस विधायक रामचंद्र सिंह को लगातार दूसरी बार विधानसभा के सदस्य के रूप में मतदाताओं ने चुनकर लाया है। उन्होंने कहा कि हाल के दिनों में सम्मानित विधायक रामचंद्र को शानदार व उत्कृष्ट विधायक से नवाजा गया था, ईमानदार साफ सुथरी छवि वाले विधायक जिनके उपर अबतक किसी तरह का आरोप नहीं लगा है ऐसे में हम आलाकमान से मांग करते हैं कि उन्हें सरकार में मंत्री पद दिलाया जाए। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार में ऐसे तेज़ तर्रार मंत्री की जरूरत है। मनिका विधान सभा क्षेत्र अबतक तीन बार नेतृत्व करने के बाद चौथी बार विधायक बने हैं जो पलामू प्रमंडल के एसटी कोटा के एकलौते विधायक है इसलिए उन्हें मंत्री बनाया जाए।

# जेंडर रिसोर्स सेंटर का किया गया शुभारंभ




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** प्रखंड कार्यालय स्थित आजीविका महिला संकुल संगठन कार्यालय परिसर में सोमवार को जेंडर रिसोर्स सेंटर का शुभारंभ प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी, जिप सदस्य रमेश राम, उप प्रमुख निशा शाहदेव, थाना के एसआई जितेंद्र कुमार,जिला कार्यक्रम पदाधिकारी संतोष कुमार, जिला वित्तीय समावेषण प्रबंधन कविश कुमार, बीपीएम आरफीन आलम, पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ सुशिला वागे,भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष राजन यादव, टोंटी पंचायत कोडिनेटर मंजु देवी व स्वास्थ्य विभाग के बलराम कुमार ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्ज्वलित व फिता काट कर किया। उद्घाटन से पूर्व आये सभी अतिथियों को महिला संकुल संगठन के महिलाओं ने आदिवासी रीतिरिवाज व नृत्य संगीत के साथ ब्लॉक गेट से कार्यक्रम स्थल तक ले कर गये। इसके पश्चात आये सभी अतिथियों को पुष्प गुच्छ व सखुआ के पत्ते व फूल से सजा बना टोपी पहना कर सम्मानित किया। मौके पर उपस्थित आजीविका महिला संकुल संगठन के सदस्यों को संबोधित करते हुए। बीपिएम आरफीन ने जेंडर रिसोर्स सेंटर के माध्यम से महिला हिंसा, डायन हत्या, यौन उत्पीड़न, कमजोर और हाशिये पर रहने वाली महिलाओं की शिकायत उठाना ,इसके साथ ही पुलिस,वकिल का सपोर्ट दिलाने सहित कई बिंदुओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए मदद दिलाने का आश्वासन दिया। आगे कहा कि इसके लिए प्रखंड स्तरीय सलाहकार समिति का गठन किया गया है। जिसका प्रखंड विकास पदाधिकारी अध्यक्ष हैं। और सदस्य के रूप में थाना प्रभारी, बीपिएम, सिडिपिओ, डालसा के प्रतिनिधि, सीएसओ के अलावा कई विभाग के लोग शामिल हैं। इसके पश्चात जिला परिषद सदस्य रमेश राम ने कहा कि बेटियां बोझ नहीं होती है। बल्कि बेटियां अभिमान होती है। पिता के लिए स्वाभिमान होती है। कार्यक्रम के माध्यम से हम सभी को जागरूक किया जा रहा है कि बेटा बेटी में भेद भाव न करें। और अंधविश्वास से दूर रहें। वहीं आये सभी अतिथियों ने भी कार्यक्रम पर बारी बारी से प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान बेटी बेटा पर कोई भेदभाव न हो इसपर एक नुकड़ नाटक कर लोगों को संदेश दिया। कार्यक्रम का संचालन अखिलेश कुमार सिंह व उत्तम कुमार ने किया। मौके पर ज्योति देवी, सोनी देवी,दिपाली देवी, रूबी कुमारी,सहित भारी संख्या में महिलाएं शामिल थी।

# शंकरपुर में दर्दनाक हादसा में मां-बेटे की मौत, सदर विधायक ने परिजनों को न्याय का भरोसा दिलाया कर आक्रोशित लोगों को कराया शांत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** शंकरपुर में सोमवार शाम एक दर्दनाक सड़क हादसे में 8 वर्षीय अमन कुमार और उनकी मां लीला की मौत हो गई। यह हृदय विदारक घटना तब हुई जब लीला देवी डीपीएस स्कूल से अपने बेटे अमन, जो कक्षा 4 का छात्र था, को लेकर स्कूटी से घर लौट रही थीं। स्कूल से महज 200 गज की दूरी पर एक तेज रफ्तार हाईवे ने उन्हें कुचल दिया, जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतका लीलावती के पति कोडरमा में सरकारी विभाग में कार्यरत हैं। इस दुर्घटना से पूरे क्षेत्र में शोक और आक्रोश का माहौल बन गया। घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोग बड़ी संख्या में घटनास्थल पर इकट्ठा हो गए और प्रशासन की लापरवाही के खिलाफ विरोध करने लगे। घटना की सूचना मिलते ही सदर विधायक प्रदीप प्रसाद घटनास्थल पर पहुंचे। वहां मौजूद आक्रोशित लोगों को समझाते हुए उन्होंने कहा यह घटना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। मै इस मामले में पीड़ित परिवार के साथ खड़े हूं इस मार्ग पर



जल्द ही ट्रकों एवं हाईवे के लिए नो एंट्री की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हो।स्थानीय लोग प्रशासनिक व्यवस्था और सड़क पर ट्रकों की तेज रफ्तार को लेकर नाराज थे। उन्होंने सड़क जाम कर प्रदर्शन शुरू कर दिया। सदर विधायक ने प्रदर्शनकारियों से शांत रहने की अपील की और प्रशासनिक अधिकारियों को तुरंत मौके पर बुलाकर लोगों की समस्याओं का समाधान निकालने का आश्वासन दिया। सदर विधायक ने कहा आपका गुस्सा जायज़ है, लेकिन हमें मिलकर इस समस्या का समाधान निकालना होगा। आक्रोशित लोगों को शांत करने के बाद विधायक ने मृतकों के परिजनों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने परिवार को सांत्वना देते हुए हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि पीड़ित परिवार को तुरंत उचित मुआवजा प्रदान किया जाए और सभी जरूरी प्रक्रियाओं को प्राथमिकता के साथ पूरा किया जाए।

**प्रशासन से की प्रमुख मांगें**

विधायक ने अधिकारियों से आग्रह किया कि इस मार्ग पर भारी वाहनों की आवाजाही को रोकने के लिए तुरंत प्रभावी कदम उठाए जाएं। स्पीड ब्रेकर और चेतावनी संकेत दुर्घटनास्थल और आसपास के क्षेत्रों में स्पीड ब्रेकर और स्पष्ट चेतावनी संकेत लगाने की मांग की।सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए इस मार्ग पर पुलिस गश्ती बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया।घटना के बाद पूरे इलाके में मातम का माहौल है। परिजनों ने बताया कि लीलावती अपने बेटे अमन को लेकर उसके उज्ज्वल भविष्य के सपने देख रही थीं, लेकिन यह हादसा उनके सपनों को भी छीन ले गया। जनप्रतिनिधि ने इस दुखद घड़ी में परिजनों को हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया है।

**इस घटना ने एक बार फिर सड़क सुरक्षा की अनदेखी और प्रशासनिक लापरवाही को उजागर किया है।**

सदर विधायक ने अंत में कहा मैं इस घटना से बहुत आहत हूं और वादा करता हूं कि यह मामला सिर्फ एक औपचारिकता बनकर नहीं रहेगा। जल्द ही इस मार्ग पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे।

## विष्णुगढ़-गोमियाँ मार्ग में सड़क दुर्घटना, बाइक सवार गंभीर रूप से घायल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखण्ड अन्तर्गत गोमिया मुख्य मार्ग स्थित गझंडी के समीप रविवार को दोपहिया वाहन दुर्घटनाग्रस्त होने से एक व्यक्ति गंभीर रूप से हुआ घायल। प्राप्त जानकारी के अनुसार बोकारो जिला अंतर्गत ललपनिया थाना क्षेत्र के अय्यर निवासी अनुराग करमाली पिता नुनुचंद करमाली उम्र 30 वर्ष अपने दोपहिया वाहन होंडा शाइन एसपी जिसका पंजीकरण संख्या जेएच09एएस9879 से जा रहा था। इसी क्रम में वाहन अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई, जिससे सर पर गंभीर चोट और नाक से रक्त का रिसाव होने लगा। घटना की सूचना मिलते ही विष्णुगढ़ पुलिस बल दुर्घटना स्थल पर पहुंची तत्पश्चात घायल को एम्बुलेंस के माध्यम से विष्णुगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां डॉ0 शहबान के द्वारा प्राथमिक उपचार कर स्थिति गंभीर होने की वजह से बेहतर इलाज हेतु हजारीबाग रेफर कर दिया गया।

## राणी सती मंदिर में मार्गशीर्ष महोत्सव भव्य महाआरती के साथ संपन्न

- तेरह सुहागन महिलाओं ने किया सामूहिक महाआरती, भजनों पर झूमे श्रद्धालु

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** शहर के मालवीय मार्ग स्थित राणी सती मंदिर में रविवार देर शाम भव्य महाआरती के साथ दो दिवसीय मार्गशीर्ष महोत्सव ऐतिहासिक रूप से संपन्न हुआ। भक्ति और आस्था से सराबोर इस आयोजन में श्रद्धालुओं ने उत्साह के साथ शामिल हुए। महोत्सव के दूसरे दिन रविवार सुबह पाटा पूजन और प्रसाद वितरण के साथ हुआ। इसके बाद संध्या में मंदिर के प्रधान पुजारी शशिकांत मिश्रा ने विधिवत पूजा-अर्चना करवाई इसके पश्चात भव्य महाआरती का आयोजन किया गया, जिसमें तेरह सुहागन महिलाओं ने सामूहिक रूप से दादी की महाआरती की। इसके बाद भक्तों के बीच भक्ति और उल्लास का माहौल देखने को मिला। महाआरती की समाप्ति पर भक्तगण



दादी के भजनों पर झूम उठे। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय कलाकारों ने भजनों की मनमोहक प्रस्तुति दी, जिनमें चुनरी ओढ़ के आई दादी म्हारी नैया पार लगा दे, और जय-जय राणी सती जैसे भजनों ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। भजनों की धुन पर तेरह सुहागन महिलाओं ने भावपूर्ण नृत्य प्रस्तुत किया, जिसने माहौल को और अधिक भक्तिमय बना दिया। राणी सती मंदिर में हर वर्ष मार्गशीर्ष महोत्सव बड़ी धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया जाता है। इस बार भी भक्तों ने पूरी श्रद्धा और उत्साह के साथ आयोजन को सफल बनाया। गुलाबी ठंड के बावजूद श्रद्धालुओं की उत्साह चरम पर था। मौके पर दादी भक्तों ने कहा ने राणी सती की असीम कृपा और आशीर्वाद से यह आयोजन भव्यता के साथ संपन्न हुआ। भक्तों ने कामना की दादी का आशीर्वाद सभी पर बना रहे और सभी के जीवन में सुख-समृद्धि लाए। इस दो दिवसीय कार्यक्रम ने सभी दादी भक्तों के बीच आस्था और समर्पण की अद्वितीय मिसाल पेश की।

## एनसीसी की 76वीं वर्षगांठ धूमधाम से मनायी गयी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** संत कोलंबस कॉलेज में रविवार को एनसीसी की 76वीं वर्षगांठ धूमधाम से मनायी गई. कार्यकम की शुरुआत मुख्य अतिथि 22 झारखंड बटालियन एनसीसी हजारीबाग के कमांडिंग आफिसर ले कर्नल एंथनी हेनरी एवं कंपनी कमांडर ले डॉ एसके पांडेय ने किया. कैडेटों ने मुख्य अतिथियों का स्वागत गुलदस्ता देकर किया. जिसके बाद रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति की गई. जिसमें कैडेट सुधा कुजूर एवं कैडेट रूपाली ने स्वागत गान प्रस्तुत किया. कैडेट श्रुति एवं उनके समूह ने संथाली नृत्य, आकाश एवं साक्षी ने समूह गान प्रस्तुत किया. कैडेट लक्ष्मी एवं अर्चिका रानी ने अपने एनसीसी के अनुभवों को साझा किया. कैडेट्स सार्जेंट रेशमी एवं सार्जेंट परी ने नृत्य प्रस्तुत किया. खुशी कुमारी, ज्योति कुमारी समेत अन्य कैडेटों ने पेंटिंग बनाकर एकता का संदेश दिया. कार्यक्रम के दौरान क्विज का भी आयोजन किया गया जिसमें एनसीसी के बारे में विभिन्न जानकारी दी गयी. कैडेट्स को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ले कर्नल एंथनी ने कहा कैडेट्स एनसीसी से अपने व्यक्तित्व विकास करने में लाभ उठाये. उन्होंने कैडेट्स को एनसीसी दिवस की शुभकामनाएं दी. साथ ही नेतृत्व की क्षमता पर जोर देने को कहा. इन्होंने एसएसबी इंटरव्यू के बारे में अहम जानकारियां दी. कंपनी कमांडर ले डॉ एसके पांडेय ने कैडेटों को अपने देश के प्रति और एक कैडेट होने के नाते कर्तव्यों का पालन करने की अपील की. अंत में मुख्य अतिथि को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया तथा उनके द्वारा सभी प्रतिभागियों को मेडल प्रदान किया गया. एनसीसी गान के साथ कार्यक्रम समाप्त हुआ. कार्यक्रम में सीनियर अंडर आफिसर कुशल कुमार, अंडर आफिसर अमन पांडेय, चांदनी सार्जेंट पुष्पा ,स्वीटी एवं अन्य 80 कैडेट्स उपस्थित थे.

## समाजसेवी सोनू इराकी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिल कर दिया बधाई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** समाजसेवी सोनू इराकी ने झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेतृत्व में झारखंड अलग राज्य बनने के बाद चौथी बार प्रचंड जीत के साथ सरकार बना रहे माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आवास में जाकर बुक के देकर अभिनंदन करते हुए जीत की बधाई दिया। साथ ही बड़कागांव विधानसभा की समस्या एवं विकास पर चर्चा किया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा की बड़का गांव की जनता की समस्या



का समाधान होगा तथा खुशहाली आएगी।

## 11 मंडलीय सिद्ध चक्र महामंडल विधान हर्षो उल्लास के साथ संपन्न

- श्री जी को रथ में विराजमान करके निकाली गई भव्य शोभा यात्रा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** परम पूज्य मुनि श्री 108 सुयश सागर जी महाराज एवं छुल्लक श्री 105 श्रेय सागर जी महाराज के सानिध्य में विश्व शांति तथा जगत कल्याण की कामना को लेकर श्री सिद्धचक्र विधान एवं विश्व शांति महायज्ञ का भव्य आयोजन पूर्ण हुआ।सोमवार को प्रातः 6-15 बजे पुरे हर्षोल्लास और विधि विधान के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की गई। प्रातः 6-30 बजे मुनि श्री के सानिध्य में कलश अभिषेक व शांति धारा का कार्यक्रम हुआ।तत्पश्चात मुनिश्री के मंगल सानिध्य और पंडित सुनील जी शास्त्री (छिंदवाड़ा) विधानाचार्य के



निर्देशन में विधान प्रारम्भ हुआ । दीप प्रज्वलन एवं मुनि श्री के पाद प्रक्षालन का सौभाग्य कपूर चंद प्रेमा राजेश संध्या उत्कर्ष उन्नति लुहाड़िया परिवार को प्राप्त हुआ। मुनि श्री को शास्त्र भेंट करने का परम् सौभाग्यललित संतोष विनायका परिवार को प्राप्त हुआ। तत्पश्चात मुनि श्री का मंगल प्रवचन हुआ। विधान में वृहत हवन का कार्यक्रम हुआजिसके साथ ही श्री सिद्ध चक्र महामंडल विधान संपन्न हुआ। दोपहर एक बजे जैन मध्य स्कूल से श्री को रथ में विराजित करके गाजे बाजे के साथ शोभा यात्रा निकाली गई । नगर भ्रमण करते हुए रथ यात्रा बड़ा बाजार जैन मंदिर तत्पश्चात बॉडम बाजार जैन मंदिर जी में श्री जी को यथास्थान विराजमान करने के साथ ही कार्यक्रम सानंद सम्पन्न हुआ। रथ में सारथी बनने का सौभाग्य निर्मल कुमार हीरामणि नवनीत नवीन विनायका परिवार और खजांची बनने का सौभाग्य राजकुमार प्रेमलता दिलीप विकास मनीष टोंग्या परिवार तथा सह खजांची बनने का सौभाग्य सुशीला देवी सुनील संजय विनायका परिवार को प्राप्त हुआ। शोभा यात्रा में सबसे पहले रथ उसके पीछे श्वेत वस्त्र में पुरुष वर्ग तत्पश्चात भजन वाहन जिसमें निर्मल गंगवाल, दिलीप अजमेरा, ऋषि अजमेरा, नीरज पाटोदी ने अपने मधुर भजनों से सबको झुमाया । भजन वाहन के पीछे महिलाएं गुलाबी परिधानों में एक पंक्ति में चल रही थी। रथ साज सज्जा में सुबोध सेठी ,सुनील सेठी तथा रितेश बड़जात्या ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। रथ शोभा यात्रा संचालन में संजय अजमेरा ,अरूण पाटनी, दिलीप सेठी , सुनील विनायका (यूको बैंक) ने अपना योगदान दिया। रविवार को संध्या 6-15 बजे महाआरती का कार्यक्रम शुरू हुआ जिसका परम् सौभाग्य जिन शरणम ग्रुप को प्राप्त हुआ। तत्पश्चात णमोकार चालीसा का कार्यक्रम शुरू हुआ कार्यक्रम के मध्य में मैना सुंदरी नाटिका हुआ जिसकी सभी ने प्रशंसा की । रश्मि बोहरा,सोना विनायका ने इस कार्यक्रम को करवाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। जानकारी

## कांग्रेस पार्टी का फैसला स्वीकार, आजीवन हजारीबाग के जनमुद्दों को उठाता रहूंगा : डॉ आरसी प्रसाद मेहता

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉ आरसी प्रसाद मेहता ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि वे 2019 के विधानसभा चुनाव जरूर हारे थे पर मैदान नहीं हारे थे। उन्होंने आगे कहा की कांग्रेस पार्टी ने 2014 में 11 हजार वोट ला कर चौथे स्थान में थी तत्पश्चात कांग्रेस ने उन्हें हजारीबाग विधानसभा का टिकट दे कर ज़िले का कमान सौंपा, वे पंद्रह दिन की अवधि में 2019 विधानसभा एवं 2024 लोकसभा में दूसरा स्थान पर लाकर खड़ा किया थे परन्तु दुर्भाग्यवशविधानसभा का टिकट उन्हें नहीं मिला जिससे वे हतोत्साहित नहीं हैं। जिद और जुनून के साथ आने वाले चुनावों की तैयारी में वे जुट गये हैं । उन्होंने कहा की अब वे



आजीवन जिले के सर्वांगीण विकास के लिए सैकड़ों चिन्हित जनमुद्दों को उठाते रहेंगे। उन्होंने आगे कहा है की वे टोल प्लाजा आंदोलन, सिमसन पार्क नाम बदलने के लिए आंदोलन, ट्रैक्टर आंदोलन, पत्थर आंदोलन इत्यादि दर्जनों आंदोलन किये और जीते। इस बार हमें टिकट नहीं मिला जिससे दुख तो है परंतु खुशी है की झारखंड में पूर्ण बहुमत से इंडिया गठबंधन की सरकार बन रही है अब वे संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने का काम करेंगे तत्पश्चात बिधानसभा, लोकसभा चुनाव लड़ेंगे, क्यों ना मंजिल पाने के लिए रास्ता बदलकर पथरीले रास्ता पर चलना पड़े। उन्होंने आगे कहा की वे मानते हैं की दुनिया में दो जातियां हैं, एक स्त्री जाती दूसरा पुरुष जाति और एक ही धर्म है उसका नाम है इंसानियत। मानव-मानव में प्यार और सद्भावना बनी रहनी चाहिए। हिन्दू के चारों वर्णों जैसे ब्राह्मण क्षत्रिय वैश्य शूद्र को आपस में मिलकर एक-दूसरे से शादी विवाह करने के मैं पक्षधर हूँ।

# हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र से नवनिर्वाचित विधायक प्रदीप प्रसाद ने आभार यात्रा कर जनता जनार्दन का जताया आभार

## सिरसी वार्ड 33 में जनता का आभार व्यक्त करते हुये नवनिर्वाचित विधायक ने किया जनसम्पर्क, सुनी जनता की समस्या

- यह जीत केवल मेरी नहीं, बल्कि आप सभी की है। मैं आपके प्यार और समर्थन के लिये दिल से आभारी हूं : प्रदीप प्रसाद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** शनिवार को प्रचंड जीत के बाद सोमवार को सदर विधानसभा क्षेत्र के सिरसी मोहल्ले के वार्ड 33 पहुंचे नवनिर्वाचित विधायक प्रदीप प्रसाद ने आभार यात्रा प्रारंभ किया। यह अभियान क्षेत्रवासियों के प्यार और समर्थन के प्रति कृतज्ञता जताने और उनकी समस्याओं को समझने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। ढोल-नगाड़ों,माला और गुलदस्तों के साथ नागरिकों ने विधायक का आत्मीय से स्वागत किया। वातावरण उत्साह और उमंग से भरपूर था। लोगों की उपस्थिति



ने इस अभियान को एक यादगार आयोजन बना दिया। विधायक ने अपनी यात्रा की शुरुआत सिरसी स्थित देवी मंदिर और शिव मंदिर में पूजा-अर्चना से की। उन्होंने क्षेत्र की सुख-समृद्धि और विकास के लिए आशीर्वाद मांगा। पूजा-अर्चना के बाद विधायक ने क्षेत्र का दौरा करते हुए जनता से सीधे संवाद किया।


**जनता की समस्याओं से अवगत हुए विधायक**

अपने इस दौरे के दौरान विधायक ने क्षेत्रवासियों से उनकी समस्याओं और अपेक्षाओं को समझने का प्रयास किया। लोगों ने उन्हें जल आपूर्ति, सड़क निर्माण, स्वास्थ्य सेवाओं और शिक्षा से जुड़ी कई समस्याओं से अवगत कराया। श्री प्रसाद ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुना और आश्वासन दिया कि जल्द ही इनका समाधान किया जाएगा।इस अवसर पर नवनिर्वाचित विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा कि यह जीत केवल मेरी नहीं, बल्कि आप सभी की है। मैं आपके प्यार और समर्थन के लिए दिल से आभारी हूं। आपके विश्वास को बनाए रखना और आपकी अपेक्षाओं पर खरा उतरना मेरी पहली प्राथमिकता होगी। क्षेत्र के विकास और जनकल्याण के लिए मैं हर संभव प्रयास करूंगा। साथ ही श्री प्रसाद ने अपनी योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि क्षेत्र में आधारभूत ढांचे को मजबूत करना, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाना, युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा करना और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देना उनकी प्राथमिकता है,उन्होंने यह भी कहा कि वे जनता से निरंतर संवाद बनाए रखेंगे ताकि क्षेत्र की हर समस्या का समाधान हो सके। आभार यात्रा के अंत में उन्होंने सभी क्षेत्रवासियों से अपील की वे क्षेत्र के विकास में सक्रिय भूमिका निभाएं।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



# रामगढ़ पुलिस ने देसी कट्टा के साथ एक अपराधी को किया गिरफ्तार





प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ :** पुलिस अधीक्षक रामगढ़ अजय कुमार को गुप्त सूचना प्राप्त हुआ कि रामगढ़ थाना से करीब 03 किमी उत्तर रांची रोड, इफिको कॉलोनी गेट के आस-पास एक व्यक्ति देशी कट्टा रखे हुए घुम रहा है तथा छिनतई, चोरी, मोटर साईकिल चोरी आदि अपराधिक घटनाओं को अंजाम देने के फिराक में है। पुलिस अधीक्षक, रामगढ़ के द्वारा तत्वरित कार्रवाई करते हुए परमेश्वर प्रसाद, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, रामगढ़ के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया। गठित टीम के द्वारा पुलिस अधीक्षक, रामगढ़ के दिशा निर्देशन में इफिको कॉलोनी गेट के आस-पास छापामारी अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान पुलिस बल को देखकर एक संदिग्ध व्यक्ति भागने का प्रयास करने लगे तभी पुलिस बल द्वारा संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ा गया। पकड़ाये व्यक्ति से नाम पता पुछने पर अपना नाम महेन्द्र ठाकुर, उम्र करीब 32 वर्ष, पिता स्व0 भीखु ठाकुर, साड़म मड़ई टोला, गोमिया बोकारो बताया तथा पकड़ाये व्यक्ति से भागने का कारण पुछने पर उनके द्वारा कोई संतोष जनक जवाब नही दिया गया। तत्पश्चात पुलिस बल द्वारा पकड़ाये व्यक्ति का तलाशी लिया गया। तलाशी के क्रम में पकड़ाये व्यक्ति के कमर से एक लोहे का देशी कट्टा जिसमें एक जिंदा गोली लोड पाया गया। बरामद लोहे का देशी कट्टा एवं जिंदा कारतुस के संबंध में सख्ती से पुछताछ करने पर बताया गया कि अवैध देशी कट्टा एवं कारतुस को बंगाल से खरीदा था। जिससे बोकारो, हजारीबाग, रामगढ़, धनबाद आदि क्षेत्रों में अपने सहयोगियों के साथ छिनतई, चोरी, मोटर साईकिल चोरी आदि अपराधिक घटनाओं को अंजाम दे चुका हूँ। पिछले 08 दिनों से मैं रामगढ़ क्षेत्र में अपराधिक घटना को अंजाम देने के लिए रेकी कर रहा हूँ। अवैध अग्नेयास्त्र एवं कारतुस रखने के आरोप में पकड़ाये व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। इस सदंर्भ में रामगढ़ थाना कांड सं0 363/2024 स्नह्ल- 24-11-2024 स- 25(1क्क)(ड्ड)/26(2) आर्म्स एक्ट 1959 दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई किया जा रहा है। गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है। अभियुक्त के पास से बरामद सामान में एक लोहे का देशी कट्टा (जिसकी लम्बाई करीब 29 से0मी0), एक 315 बोर का जिंदा गोली जिसके पेंद पर ह्य 94 ***ि*** लिखा हुआ, एक एसीइ कंपनी का छोटा कीपैड मोबाइल, जिसमें द्वह्लह्वद्य का सीम नं0 9006787207 एवं ड्डद्ब का सीम नं0 9708933824 लगा हुआ। एक ग्रे रंग का 2023 लिखा हुआ डायरी

**गिरफ्तार अभियुक्त का अपराधिक इतिहास**

1 . गोमिया थाना कांड सं0 38/14 दिनांक 23.03.24 धारा-394 भा0द0वि0, 2. गोमिया थाना कांड सं0 90/14 दिनांक 04.07.14 धारा-394 भा0द0वि0, 3. गोमिया थाना कांड सं0 24/18 दिनांक 31.01.18 धारा-394 भा0द0वि0 , 4. गोमिया थाना कांड सं0 48/22 दिनांक 25.04.22 धारा-25 (1-बी) ए/26/35 आर्म्स एक्ट , 5. गोमिया थाना कांड सं0 78/23 दिनांक 12.08.23 धारा-395/397 भा0द0वि0 , 6. गोमिया थाना कांड सं0 81/23 दिनांक 22.08.2023 धारा-414/34 भा0द0वि0 एवं धारा-25 (1-बी) ए/26/35 आर्म्स एक्ट इस छापामारी दल में शामिल मुख्य रूप से परमेश्वर प्रसाद, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, रामगढ़ , पु0नि0 कृष्णा कुमार, थाना प्रभारी रामगढ़ थाना , स0अ0नि0 मनोज कुमार, रामगढ़ थाना रिजर्व गार्ड के सशस्त्र बल शामिल थे।

## नवनिर्वाचित विधायक रोशन लाल चौधरी ने पतरातू में निकाला आभार यात्रा

**पतरातू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बड़कागांव विधानसभा के नवनिर्वाचित विधायक रोशन लाल चौधरी ने पतरातु मंडल में भव्य आभार यात्रा निकाला। तथा आभार यात्रा में रोशन लाल चौधरी का स्वागत मेन रोड गेट पतरातू में आजसू एवं भाजपा के हजारों के संख्या में उपस्थित कार्यकताओं ने किया। तथा विधायक रोशन लाल चौधरी ने कहा कि यह जीत जनता का जीत है। जनता का विश्वास का जीत है। आगे सभी लोग मिलकर बड़कागांव विधानसभा में विकास का काम करेंगे और बड़का गांव का नाम झारखंड ही नहीं देश में नाम रोशन करेंगे बड़कागांव विधानसभा में हर अधूरा काम पूरा होगा तथा लोगों का मूलभूत सुविधा के साथ-साथ विस्थापितों की समस्या का समाधान होगा।कार्यक्रम में पतरातू मंडल के अध्यक्ष राजाराम प्रजापति,रितिक चौधरी,अमिता सोनी,रूपा देवी,ज्योति गुप्ता,दिलीप दांगी,गंगाधर महतो,दिनेश प्रसाद,संतोष शर्मा,मुखिया किशोर कुमार महतो,बृजेश सिंह,अशोक कुमार पाठक,अजीत प्रसाद,रामेश्वर महतो,लालू महतो,वारिस खान,राजेश पटेल,बजरंगी कुमार,राकेश कुमार सिंह,विकास कुमार गुप्ता,गणेश कुमार ठाकुर, नंदकुमार महतो आदि के साथ काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना व प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना को लेकर शिविर का आयोजन

**गोला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र के बैंक ऑफ इंडिया मगनपुर के द्वारा सोसो कलां पंचायत में सोमवार को एक शिविर का आयोजन कर प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना व प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना को लेकर कार्य किया गया। शिविर में उपस्थित बैंक ऑफ इंडिया के एलडीएम दिलीप महली के द्वारा उक्त योजनाओं के बारे लोगों को जानकारी दी गई। इसके अलावा कुछ लोगों का बीमा भी किया गया। उन्होंने यह भी बताया कि केंद्र सरकार द्वारा सामाजिक सुरक्षा सेवाओं के अंतर्गत लोगों के लाभार्थ दो बीमा योजनाएं आरंभ की गई हैं। ये योजनाएं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना और प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना।प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना का लाभ 18 वर्ष से 70 वर्ष की आयु के और प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना का लाभ 18 वर्ष से 50 वर्ष की आयु के नागरिक उठा सकते हैं। मौके पर बैंक बीसी अशफाक अहमद, इजहारुल हक,सुरेश ठाकुर,ब्रह्मदेव महतो, महेंद्र कुमार महतो,सरस्वती देवी के अलावा शिविर में उपस्थित कई महिला पुरुष शामिल थे।



## इंडिया गठबंधन के ऐतिहासिक जीत के लिए झारखंड की जनता को बधाई : डॉ. आशीष कुमार

**भुरकुंडा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीपीआईएमएल के वामपंथी युवा नेता सह ऑल इंडिया झारखंड रैयत विस्थापित-प्रभावित मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष डॉ आशीष कुमार ने झारखंड में इंडिया गठबंधन की सरकार बनाने के लिए ऐतिहासिक बहुमत देने पर जनता के प्रति आभार जताया है। उन्होंने हेमंत सोरेन एवं कल्पना सोरेन को बधाई देते हुए कहा कि सच्चाई की जीत और सांप्रदायिक ताकत की करारी हार हुई है। बधाई देने वालों में डॉ. आशीष कुमार, केंद्रीय महासचिव नरेश नायक, नकुल प्रसाद, मोर्चा के कार्यकारी अध्यक्ष सोमरा मुंडा, विशुनदेव भर, राहुल सिंह, मधु बाउरी, रोशन राम, प्रतिभा पटेल आदि शामिल थें।



# उपायुक्त की अध्यक्षता में हुआ जिला स्तरीय जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** जिला स्तरीय जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक का आयोजन सोमवार को उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में जिला समाहरणालय के सभागार में किया गया। बैठक में स्वच्छ भारत मिशन तथा जल जीवन मिशन के प्रगति के संबंध में समीक्षा किया गया। बैठक में कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल प्रदीप कुमार सिंह के द्वारा बताया गया कि रामगढ़ जिला अंतर्गत कल 319 गांव में से 245 गांव ओडीएफ प्लस घोषित है जबकि 74 गांव को ओडीएफ प्लस घोषित किया जाना शेष है, इस संबंध में उपायुक्त रामगढ़ के द्वारा निर्देशित किया गया कि संबंधित गांव में ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन से संबंधित संरचनाओं का निर्माण करते हुए सभी गांव को ओडीएफ प्लस करना सुनिश्चित करें। प्लास्टिक कचरा के संग्रहण तथा पृथक्करण के संबंध में चर्चा के क्रम में बैठक में यूनिसेफ सहयोगी संस्था से निर्भय कुमार के द्वारा बताया गया कि जिला अंतर्गत कुल 125 पंचायत में से 25 पंचायत का भूमि प्रतिवेदन प्लास्टिक पृथक्करण केंद्र के निर्माण हेतु प्राप्त हुआ है इस संबंध में उपायुक्त के द्वारा सभी अंचल अधिकारी को निर्देशित किया गया कि शेष छुट हुए पंचायत का स्थल चिह्नित करते हुए प्रतिवेदन यथाशीघ्र उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।व्यक्तिगत घरेलू शौचालय निर्माण के समीक्षा क्रम में बताया गया कि रामगढ़ जिला अंतर्गत कल 26116 लाभुक को शौचालय निर्माण हेतु स्वीकृति मिला है जिसके विरुद्ध वर्तमान अवधि तक 11266 शौचालय का निर्माण किया जा चुका है शेष 14850 शौचालय के निर्माण हेतु उपायुक्त के द्वारा निर्देशित किया गया कि ग्राम स्तर पर लाभुकों को जागरुक करते हुए शौचालय निर्माण करना सुनिश्चित करें।बैठक में कार्यपालक अभियंता के द्वारा बताया गया कि कुल 125 पंचायत के विरुद्ध 66 पंचायत में कचरा संग्रह वाहन का वितरण किया जा चुका है जिसमें उपायुक्त के द्वारा निर्देशित किया गया कि संबंधित पंचायत से समन्वय स्थापित करते हुए सभी कचरा संग्रह वाहनों का नियमित संचालन करना सुनिश्चित करे जिसके लिए संबंधित मुखिया एवं जलसहिया के साथ पत्राचार किया जाना है। समीक्षा के क्रम में गोवर्धन योजना के तहत निर्मित किया जा रहे गोबर गैस प्लांट के बारे में बताया गया कि चितरपुर प्रखंड अंतर्गत सेवई उत्तरी पंचायत में बायोगैस प्लांट का निर्माण किया जा रहा है जो की लगभग पूर्ण होने की अवस्था में है और दिसंबर के पहले सप्ताह तक चालू कर दिया जाएगा। प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट के निर्माण के संबंध में बताया गया कि रामगढ़ जिला अंतर्गत दो स्थानों पर मांडू तथा गोला में प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट का निर्माण किया जाना है जिसमें से मांडू प्रखंड में सिविल कार्य पूर्ण किया जा चुका है तथा विद्युत कनेक्शन के पश्चात दिसंबर के अंत तक यूनिट को चालू कर दिया जाएगा। जल जीवन मिशन के संबंध में समीक्षा करते हुए कार्यपालक अभियंता के द्वारा बताया गया कि 319 गांव के विरुद्ध 85 गांव में को शत प्रतिशत नल जल संयोजन से आच्छादित किया जा चुका है तथा शेष घरों को आच्छादित किया जा रहा है इस संबंध में उपायुक्त के द्वारा निर्देशित किया गया कि जिन घरों को नल जल योजना से आच्छादित किया जा चुका है वैसे घरों में नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित करेंगे। साथ ही बैठक के दौरान उपायुक्त ने जलापूर्ति योजनाओं के लाभूको को कनेक्शन के लिए मासिक भुगतान जमा करने के प्रति जागरूक करने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिया। बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त, जिला स्तरीय वरीय अधिकारियों, अधिकारियों, प्रखंड विकास पदाधिकारियों अंचल अधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।



## रोशनलाल चौधरी की जीत पर गाजे-बाजे के साथ निकला विजय जुलूस



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** विधानसभा चुनाव में बड़कागांव सीट पर भाजपा प्रत्याशी रोशनलाल चौधरी की जीत पर भुरकुंडा कोयलांचल सहित आसपास भव्य विजय जुलूस निकाला गया। जिसमें नवनिर्वाचित भाजपा विधायक रोशनलाल चौधरी सहित बड़ी संख्या में भाजपा-आजसू के कार्यकर्ता और समर्थक शामिल रहे। सर्वप्रथम लबगा पंचबहिनी मंदिर में रोशनलाल चौधरी ने मत्था टेक आशीर्वाद लिया। यहां से गाजे-बाजे के साथ पतरातू-रामगढ़ फोरलेन पर जुलूस निकला। जो बलकुदरा, कुरसे होते हुए मतकमा चौक पहुंचा। जहां जमकर आतिशबाजी के बीच रोशनलाल चौधरी का फूल मालाओं से अभिनंदन किया गया गया। मतकमा चौक से जुलूस बिरसा चौक पहुंचा। जहां रोशनलाल चौधरी ने धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और नतमस्तक हुए। यहां से विजय जुलूस भुरकुंडा बाजार, थाना चौक, सौंदा डी, सौंदा बस्ती होते हुए पतरातू की ओर निकला। इस क्रम में जीत से उत्साहित भाजपा और आजसू के कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर जीत की बधाई दी। जुलूस में बैंड बाजे की धुन पर कई लोग नाचते-झूमते भी देखें गए।पर कई लोग नाचते-झूमते भी देखें गए।जुलूस में योगेश दांगी, सतीश मोहन मिश्रा, मनोज राम, दिलीप दांगी, संजीव सिंह बाबला, विजय साहू, सागर दांगी, जुगल नायक, अखिलेश टोप्पो, कन्हैया सिंह यादव, विजय सिंह, अजय कुमार पासवान, प्रदीप मांझी, किशुन नायक, सलील मोहन सिन्हा, प्रभाष दास, विश्वरंजन सिन्हा, रोबिन मुखर्जी, संजय वर्मा, संजय पांडेय, सत्येंद्र सिंह, पंकज कुमार, वीरेंद्र सिंह, विद्यासागर, राकेश शर्मा, सुजीत राम, सूरज शर्मा, सुनील सोनी, राजेश गिरी, इरफान खान, राजेश मुंडा सहित कई शामिल थे।

## अनुप सिंह व ममता देवी की जीत पर इंटक क्षेत्रीय सचिव राजू यादव ने जताई खुशी, बाटी मिठाइयां




प्रभात मंत्र संवाददाता

**उरीमारी :** शनिवार बाजार स्थित राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन इंटक कार्यालय में सोमवार को आरसीएमयू इंटक के बरकासयाल क्षेत्रीय सचिव राजू यादव के नेतृत्व में झारखंड विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी के बेरमो विधानसभा प्रत्याशी कुमार जयमंगल सिंह उर्फ अनुप सिंह एवं रामगढ़ विधानसभा चुनाव में ममता देवी कि जीत पर खुशी जताई गई। एवं सभी विस्थापित कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी। वहीं क्षेत्रीय सचिव राजू यादव ने कहा कि इंडिया गठबंधन प्रत्याशीयो ने प्रचंड बहुमत हासिल कर अपना दबदबा कायम रखा। वहीं श्री यादव ने मांग करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी कोटे से बेरमो विधायक अनुप सिंह एवं रामगढ़ विधायक ममता देवी को सरकार में मंत्री बनाया जाए। वहीं इस मौके पर सीताराम किस्कू,टहल गोप,दीपक विश्वकर्मा, महादेव बेसरा, गणेश राम,कानू मरांडी, सुखदेव सोरेन, बाल्मिकी यादव, मुखिया चरका करमाली,मो अजहर अली,सतइ राजभर, लालू महतो,अली हसन,दीपक,सीगु मांझी, संजय, पप्पू यादव,जतरु बेसरा, चंदू जायसवाल, सीबू ठाकुर,सीगू हेम्ब्रोम, दानाराम हेम्ब्रोम, बिनोद प्रजापति आदि दर्जनों लोग मौजूद थे।

## रामगढ़ क्रिकेट एसोसिएशन के द्वारा अंडर-14 इंटर डिस्ट्रिक्ट में भाग लेने के लिये रामगढ़ जिला की टीम की घोषणा

प्रभात मंत्र संवाददाता



**रामगढ़ :** झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन के द्वारा आयोजित अंडर-14, इंटर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट टूर्नामेंट सत्र 2024-25 में भाग लेने के लिए रामगढ़ जिला के टीम धनबाद एवं बोकारो में पांच जिला के साथ लीग मैच खेलेगा रामगढ़ जिला की टीम बनाने के लिए पिछले सप्ताह रविवार को स्थानीय छावनी फुटबॉल ग्राउंड में ट्रायल लिया गया था कोच एवं सलेक्टरों ने उपस्थित 33 खिलाड़ियों के बीच ट्रायल दिया जिसका प्रथम शॉर्टलिस्ट 22 खिलाड़ियों का किया गया था उन्हें महेंद्र राणा कोच के द्वारा तैयार कर 24 नवंबर को टीम की घोषणा की गई जिसमें 15 खिलाड़ियों को टीम के मैनेजर एवं कोच सूरज प्रसाद एवं अभिषेक कुमार के नेतृत्व में आज प्रातः धनबाद रवाना किया गया रामगढ़ जिला का प्रथम मैच पश्चिमी सिंहभूम के साथ दिनांक 26/11/2024 को धनबाद में खेलेगा। रामगढ़ क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव अरुण कुमार आए सह सचिव एवं सलेक्ट वीरेंद्र प्रसाद पासवान, कोषाध्यक्ष एवं सलेक्ट सूरज प्रसाद कोच महेंद्र राणा ने टीम की घोषणा किया टीम के कप्तान सुमित कुमार को बनाया गया वहीं तुषार मांझी को उप कप्तान टीम के अन्य सदस्यों में शिवम कुमार गोप,अमन प्रसाद, उमर रजा,मृत्युंजय कुमार शर्मा, आलोक टुडू, विद्यासागर, अरविंद राज, पुरोहित कुमार, कुमार सूर्यवंश राज,शशांक, रौनक पासवान, रमित सिंह, सार्थक सिंह के अलावा पांच खिलाड़ियों को प्रतीक्षा सूची में रखा गया है जिनके नाम निम्न है पुनित महतो, अर्चित कुमार, अर्णव राज, संस्कार पटेल, पराग गुप्ता के अलावा टीम मैनेजर सूरज प्रसाद एवं टीम के कोच अभिषेक कुमार को बनाकर टीम के साथ रवना किया गया.इस मौके पर उपस्थित रामगढ़ क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक कुमार जैन कार्यकारी अध्यक्ष रविंद्र साहू ,मानद सचिव अरुण कुमार राय, सहसचिव रोहित कुमार कोच महेंद्र राणा इत्यादि ने टीम को शुभकामना देकर रामगढ़ से धनबाद के लिए रवाना किया । सचिव अरुण कुमार राय ने बताया जेएससीए के द्वारा अंतर जिला क्रिकेट टूर्नामेंट का 2024- 25 सत्र का प्रथम टूर्नामेंट प्रारंभ होने जा रहा है रामगढ़ जिला के टीम काफी सशक्त एवं ऊर्जावान खिलाड़ी के उपस्थिति में रामगढ़ जिला बेहतर प्रदर्शन करेगा रामगढ़ जिला अंडर-14 झारखंड में विजेता रह चुका है और वर्तमान सत्र की टीम भी रामगढ़ जिला की विजेता बनने वाली ही टीम है

# श्री कृष्ण विद्या मंदिर में दूसरे दिन भी शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता




**रामगढ़ :** श्री कृष्ण विद्या मंदिर, रामगढ़ के द्वारा पिकनिक का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य विजय तिवारी के नेतृत्व में सैकड़ो स्कूली बच्चों को पिकनिक सह शैक्षिक भ्रमण के लिए विद्यालय से बाहर मौलाना अबुल कलाम पार्क ले जाया गया। इस पिकनिक में प्रभारी प्राचार्य ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यालय से बच्चों को शैक्षणिक भ्रमण कराने से बच्चों में कौशल विकास के साथ-साथ मानसिक विकास होता है। बच्चों ने साथ में मिलकर अपना लंच खाया। सभी बच्चों को विद्यालय प्रबंधन की ओर से केला और सेव का वितरण किया गया। बच्चों ने यात्रा के दौरान गीत गाते हुए और मस्ती करते हुए इस यात्रा को सुखद बनाया। उसके बाद पार्क में रंग-बिरंगे पौधे, विभिन्न प्रकार के झूला एवम आकर्षक फब्बारे को देखकर बहुत खुश हुए। सभी छात्र एवं छात्राएं अध्यापकों की देखरेख में थे एवं पार्क में घूम कर काफी उत्साहित दिख रहे थे। छात्रों का उत्साह एवं पार्क का सौंदर्य दोनों ही देखने में काफी मनोहर लग रहा था एवं एक अलग सी अनुभूति प्रदान कर रहा था। विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष आनंद अग्रवाल (अधिवक्ता) ने विद्यालय द्वारा किए जा रहे ऐसे आयोजन पर हर्ष एवं संतोष व्यक्त किया। अध्यक्ष महोदय ने कहा कि आने वाले दिनों में शेष वर्गो के छात्र-छात्राओं को भी पिकनिक सह शैक्षणिक भ्रमण पर ले जाने की योजना है। आज विद्यालय के कक्षा तृतीय एवम कक्षा चतुर्थ के बच्चों को शामिल किया गया था। विद्यालय के खेल शिक्षक मनोरंजन चौधरी की देखरेख में वर्ग शिक्षिका उषा सिंह, नन्दनी कुमारी काजल कुमारी एवं टेकलाल महतो ने बच्चों को सुरक्षित भ्रमण करने में सहयोग दिया।

## पुलिस पदाधिकारियों एवं पुलिस कर्मियों को दो-दो सुसेवांक से किया गया पुरस्कृत

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** विधानसभा आम निर्वाचन-2024 कि दौरान प्रथम चरण 22 बडकागाँव एवं द्वितीय चरण 23 रामगढ़ विधाना सभा क्षेत्रों में स्वच्छ, शान्तिपुर्ण, निष्पक्ष एवं भयमुक्त वातावरण में चुनाव संपन कराने हेतु प्रतिनियुक्त रामगढ़ जिलाबल के 179 पुलिस पदाधिकारियों एवं 428 पुलिस कर्मियों को सौपे गये कर्तव्यों का निर्वाहन काफी तत्परता, लगन, परिश्रम एवं निष्ठापूर्वक किया गया। इन सभी के मनोबल को बनाये रखने हेतु पुलिस अधीक्षक, रामगढ़ के द्वारा दो-दो सुसेवांक से पुरस्कृत किया गया है।

## अभाविप के राष्ट्रीय अधिवेशन गोरखपुर में शामिल हुये गौतम महतो

**रामगढ़ ( गोला )(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के 70वें राष्ट्रीय अधिवेशन गोरखपुर उत्तरप्रदेश में हो रहा है जिसमें झारखण्ड प्रदेश से पच्चीस प्रतिनिधि हिस्सा लिये है जिसमें रामगढ़ जिले गोला प्रखंड के रहने वाले अभाविप झारखंड प्रदेश सह मंत्री गौतम कुमार महतो और रामगढ़ नगर सह मंत्री तनु सिंह ने हिस्सा लिया है, अभाविप अध्यक्ष प्रो. द्वारा ध्वजारोहण के साथ आधिकारिक रूप से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। राष्ट्रीय अधिवेशन में शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर सुधार पर चर्चा किया गया।इस अवसर पर राजशरण शाही,राष्ट्रीय महामंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ला सहित अन्य मौजूद थे।



# नप कार्यालय से बाइक चोरी करते रंगे हाथ धराया युवक,किया पुलिस के हवाले

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पाकुड़ :** नगर परिषद कार्यालय से सोमवार को बाइक चोरी करते युवक को कर्मियों ने रंगे हाथ पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया है। युवक मुफस्सिल थाना क्षेत्र के चांदपुर का बताया जा रहा है। नगर परिषद के कर्मियों के अनुसार सुपरवाजर कंचन मंडल अपने बाइक को नगर परिषद कार्यालय में खड़ा कर कार्यालय के अंदर गया था। इसी दौरान एक युवक बाइक का हेंडिल लॉक को तोड़कर



लेकर भाग रहे थे। इसी क्रम में अन्य कर्मियों की नजर युवक पर पड़ी। कर्मियों के हल्ला करने पर युवक बाइक छोड़कर वीआईपी रोड के तरफ भाग रहा था। नगर परिषद के कर्मियों ने पीछाकर युवक को धर दबोचा। मामले की सूचना नगर थाना पुलिस को दी गई। नगर थाना के एसआई बिनोद कुमार पुलिस बलों के साथ मौके पर पहुंचकर युवक को अपने कब्जे में लेते हुआ थाना ले आई । हिरासत में लिए युवक से पुलिस पूछताछ कर रही।

## झारखण्ड सरकार
## स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग

**प्रेस विज्ञप्ति**

डॉ0 गौतम चन्द्रा, सहायक प्राध्यापक, सर्जरी विभाग, शेख भिखारी चिकित्सा महाविद्यालय, हजारीबाग के अपने कर्त्तव्य अवधि में अनाधिकृत रुप से अनुपस्थित रहने के मामले में विभागीय संकल्प सं0–399(18) दिनांक–19.06.2023 द्वारा विभागीय कार्यवाही संचालित की गयी थी।

विभागीय कार्यवाही के फलस्वरुप झारखण्ड सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील नियमावली), 2016 के नियम–14(X) के तहत डॉ0 चन्द्रा को सेवा से हटाने का दण्ड प्रस्तावित है। उक्त प्रस्तावित दण्ड के सापेक्ष द्वितीय कारण–पृच्छा करते हुए आपको जवाब समर्पित करने का अवसर प्रदान किया गया था। परन्तु निर्धारित अवधि तक आपका जवाब अप्राप्त है।

पुनः अंतिम अवसर प्रदान करते हुए निदेश दिया जाता है कि उक्त मामले में प्रस्तावित दण्ड के सापेक्ष द्वितीय कारण–पृच्छा का जवाब 15 दिनों के भीतर विभाग को समर्पित किया जाए अन्यथा यह समझा जायेगा कि इस संबंध में आपको कुछ नहीं कहना है तथा आपके विरुद्ध प्रस्तावित दण्ड के बिन्दु पर निर्णय लिया जायेगा।

सं0–18/आरोप–01–94/2022–457(18)
दिनांक–19.11.2024

(सीमा कुमारी उदयपुरी)
सरकार के संयुक्त सचिव

PR 340268 Health Med Edu and Family Welfare(24-25).D

# कांग्रेस कार्यालय में हुई जीत की समीक्षा, मिठाई खिलाकर मनाई खुशियां



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पाकुड़ :** कांग्रेस कार्यालय में सोमवार को पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने समीक्षा बैठक की। बैठक में पाकुड़ विधानसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी निसात आलम की शानदार जीत की समीक्षा की गई। इस दौरान निसात आलम की जीत से सारे कांग्रेसी गदगद दिखे। कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं के चेहरे पर मुस्कान खिली हुई थी। जिला अध्यक्ष श्रीकुमार सरकार एवं प्रखंड अध्यक्ष मंसारुल हक बैठक में विशेष रूप से शामिल थे। जिला अध्यक्ष ने कहा कि पाकुड़ विधानसभा में इससे पहले किसी भी प्रत्याशी ने ऐसी जीत हासिल नहीं की है। पाकुड़ विधानसभा की जनता ने कांग्रेस पर भरोसा जताते हुए ऐतिहासिक जीत दिलाई है। इसमें आलमगीर आलम साहब के प्रति पाकुड़ विधानसभा की जनता का प्रेम झलकता है। पूरे चुनाव के दौरान जिस तरीके से जनता का प्यार और समर्थन मिल रहा था, उसे शब्दों में बयां करना मुश्किल है। मैं सभी पाकुड़ विधानसभा वासियों का तहे दिल से आभार व्यक्त करता हूं। प्रखंड अध्यक्ष मंसारुल हक ने कहा कि क्षेत्र में आलमगीर आलम साहब और कांग्रेस के प्रति प्रेम तो शुरू से ही दिख रहा था। इसकी झलक हमें चुनाव प्रचार के दौरान ही देखने को मिल रही थी। निश्चित रूप से जिस भरोसे के साथ जनता ने निसात आलम को जीताने का काम किया है, उसी भरोसे पर पाकुड़ में काम होगा। मौके पर जिला कोषाध्यक्ष असद हुसैन, यूथ कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष बिलाल शेख, पूर्व मुखिया गुलाम रसूल, डॉ जोहरुल शेख, साकिर हुसैन, मुखिया प्रतिनिधि जियाउल शेख आदि मौजूद थे।

# शहरी क्षेत्र में अजहर को सबसे ज्यादा 12,214 वोट मिले, निसात को 7,646 व अकिल अख्तर को मिले 1585 वोट





अबुल काशिम@प्रभात मंत्र

**पाकुड़ :** पाकुड़ विधानसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी निसात आलम ने रिकॉर्ड ऐतिहासिक जीत हासिल की है। निसात आलम को कुल 1 लाख 55,827 वोट मिले हैं। उनकी जीत का अंतर 86,029 वोटों का रहा है। पाकुड़ विधानसभा से अब तक हुए चुनाव में जीत हार का यह सबसे बड़ा आंकड़ा है। इससे सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि निसात आलम को पूरे विधानसभा क्षेत्र से बंपर वोट मिले हैं। परिणाम आने के बाद प्रत्याशियों को बूथ वार मिले वोटों की समीक्षा भी शुरू हो गया है। इसी समीक्षा में शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में मिले वोटों को भी शामिल किया जा रहा है। पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत पाकुड़ शहर की भी चर्चा और समीक्षा खुब हो रही है। आजसू के अजहर इस्लाम, कांग्रेस की निसात आलम और समाजवादी पार्टी के अकिल अख्तर को मिले वोटों की ज्यादा चर्चा हो रही है। इनके बीच वोटों को लेकर तुलनात्मक समीक्षा भी की जा रही है। इसी समीक्षा में जो बातें खुलकर आ रही है, उसके अनुसार शहरी क्षेत्र में आजसू प्रत्याशी अजहर इस्लाम का दबदबा रहा। अजहर इस्लाम वोटों के मामले में शहरी क्षेत्र में अव्वल नंबर पर हैं। कांग्रेस प्रत्याशी निसात आलम दूसरे नंबर पर है। अकिल अख्तर (समाजवादी पार्टी) तीसरे नंबर पर रहे है। अजहर इस्लाम को शहरी क्षेत्र में कुल 12,214 वोट मिले हैं। वहीं कांग्रेस की निसात आलम को 7646 मत प्राप्त हुए हैं। अकिल अख्तर को 1585 वोट मिले हैं। इस तरह आजसू प्रत्याशी अजहर इस्लाम को कांग्रेस की निसात आलम से 4568 वोट ज्यादा मिले हैं। अकिल अख्तर की बात करें तो उनके मुकाबले अजहर इस्लाम को 10629 वोट अधिक प्राप्त हुए हैं। बता दें कि पाकुड़ विधानसभा सीट पर बीजेपी ने प्रत्याशी नहीं दिया। पाकुड़ सीट गठबंधन के तहत आजसू के खाते में गई और आजसू ने अजहर इस्लाम को चुनाव मैदान में उतारा। हालांकि कांग्रेस को भी अच्छे वोट मिले हैं। कांग्रेस प्रत्याशी निसात आलम को मिले 7646 वोटों का आंकड़ा भी काफी मायने रखता है। अकिल अख्तर को महज 1585 वोटों से संतुष्ट होना पड़ा है। यह आंकड़ा भी शहर में कांग्रेस की चाहत को साफ दर्शाता है। जिस तरह से चुनाव से पहले चर्चा थी कि शहरी क्षेत्र का वोट तीन हिस्सों में बंट जाएंगे। आजसू प्रत्याशी अजहर इस्लाम को बीजेपी समर्थकों का बड़ा वोट मिलेगा। कांग्रेस प्रत्याशी निसात आलम और समाजवादी पार्टी के अकिल अख्तर को बाकी वोट बराबर के हिस्से में बंट जाएंगे। अजहर इस्लाम के मामले में तो चर्चा बिल्कुल फिट बैठती नजर आई। लेकिन अकिल अख्तर काफी पीछे छूट गए। आंकड़ों से पता चलता है कि अकिल अख्तर शहरी क्षेत्र में बड़े अंतराल से पीछे रह गए। निसात आलम उनसे काफी आगे बढ़ गई। मिली जानकारी के मुताबिक शहरी क्षेत्र में कुल 39 बूथ है। इसमें बूथ संख्या 396 से शुरू होकर बूथ संख्या 434 शामिल है। इधर पूरे विधानसभा क्षेत्र की बात करें तो कांग्रेस की निसात आलम को कुल 1 लाख 55,827 वोट मिले। अकिल अख्तर को 47039 वोट मिले। निसात आलम ने 86029 वोटों से जीत दर्ज की।

# कोटक म्यूचुअल फंड ने लॉन्च किया ट्रांसपोर्टेशन एंड लॉजिस्टिक्स फंड

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** कोटक महिंद्रा एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड (कोटक म्यूचुअल फंड) ने अपना न्यू फंड ऑफर कोटक ट्रांसपोर्टेशन एंड लॉजिस्टिक्स फंड लॉन्च किया है। यह ट्रांसपोर्टेशन (परिवहन) और लॉजिस्टिक्स थीम पर आधारित एक ओपन-एंडेड इक्विटी स्कीम है। यह स?कीम पब्लिक सब्सक्रिप्शन के लिए 25 नवंबर 2024 को खुल रही है, जबकि 09 दिसंबर 2024 को बंद होगी। कोटक ट्रांसपोर्टेशन एंड लॉजिस्टिक्स फंड का उद्देश्य ट्रांसपोर्टेशन (परिवहन), लॉजिस्टिक्स और संबंधित गतिविधियों में लगी कंपनियों की इक्विटी और इक्विटी से संबंधित सिक?योरिटीज में मुख्य रूप से निवेश करके लॉन्?ग टर्म में हाई रिटर्न हासिल करना है। इस थीम में ट्रांसपोर्टेशन इंफ्रास्ट्रक्चर, लॉजिस्टिक्स सर्विसेज और कुशल व सस्टेनेबल ट्रांसपोर्टेशन के लिए इनोवेटिव समाधानों में शामिल बिजनेस के साथ-साथ इन सेक्टर का समर्थन करने वाली वित्तीय कंपनियों से जुड़े बिजनेस भी शामिल हैं। कोटक महिंद्रा एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर, नीलेश शाह का कहना है कि कोटक ट्रांसपोर्टेशन एंड लॉजिस्टिक्स फंड के लॉन्च के साथ, हम निवेशकों को भारत के तेजी से बदलते ट्रांसपोर्टेशन (परिवहन) और लॉजिस्टिक्स थीम में निवेश का अवसर प्रदान करते हैं। यह ग्रोथ वाहन मालिकों की संख्या में बढ़ोतरी और प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद में बढ़ोतरी के साथ ही कोयला या तेल जैसे प्राकृतिक ईंधन इंजन से इलेक्ट्रिक वाहनों में बदलाव सहित कई फैक्टर्स द्वारा संचालित है। भारतमाला और गतिशक्ति जैसी प्रमुख सरकारी पहल, लॉजिस्टिक के क्षेत्र में व्यापार के अवसरों का और विस्तार करेंगी। भारत के बढ़ रहे मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर के साथ ट्रांसपोर्टेशन (परिवहन) और लॉजिस्टिक्स इंडस्ट्री महत्वपूर्ण विस्तार के लिए तैयार है। कोटक महिंद्रा एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड के चीफ इन्वेस्टमेंट ऑफिसर - इक्विटी एंड फंड मैनेजर, हर्ष उपाध्याय का कहना है कि ट्रांसपोर्टेशन और लॉजिस्टिक्स थीम को बढ़ती खपत, प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद में बढ़ोतरी, ई-कॉमर्स, ऑटो और ऑटो-एंसिलरी बिजनेस में ग्रोथ जैसे कई फैक्टर से लाभ मिल रहा है।

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार

**अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

संख्या – EE/RDSD/LATEHAR/23/2024-25

1.कार्य की विस्तृत विवरणी:

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड महुआडांड़ एवं गारू को जोड़ने हेतु हेठडीह से तिसिया के बीच टेटुक नदी पर पुल निर्माण। | 38137100 | 762800 | 10,000 | 18 माह |
| 2 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड बालूमाथ पंचायत गणेशपुर अन्तर्गत ग्राम गणेशपुर में पथलोटिया नदी में पुल निर्माण | 30457200 | 609200 | 10,000 | 18 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 02.12.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 02.12.2024 से दिनांक 16.12.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय –18.12.2024 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06565796434
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार

PR 340299 Rural Development(24-25).D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, खूँटी

**अति अल्पकालीन ई–पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–RDD/SD/KHUNTI/04/2024-25**

**2nd Call**

**PR. No.- 337679 (Rural Development)22-23(D)**

1. कार्य की विस्तृत विवरणी:

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | खूँटी जिला के अड़की प्रखण्ड अन्तर्गत भुरसूडीह एवं डमारी को जोडने वाली नदी (साड़गीडीह घाट) पर पुल निर्माण। | 3,05,70,100/– | 6,11,500/– | 10,000/– | 18 माह |
| 2 | खूँटी जिलान्तर्गत तोरपा प्रखण्ड के फटका–फड़िंगा जाने वाले पथ पर बनई नदी पर उच्चस्तरी पुल निर्माण। | 5,17,08,100/– | 10,34,500/– | 10,000/– | 24 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि –27.11.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय–दिनांक 27.11.2024 से दिनांक 02.12.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, खूँटी
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय –03.12.2024 अपराह्न 5:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, खूँटी।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 6201188328 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, खूँटी।

PR.NO.340280 Rural Development(24-25):D

## कार्यालय–जिला विधिक सेवा प्राधिकार खूँटी
## अधिसूचना संख्या– 03/2024

**पारा विधिक स्वंय सेवक के चयन हेतु आवेदन अमंत्रित किए जाते हैं।**

**(यह किसी सरकारी पद पर नियुक्ति नहीं है)**

जिला विधिक सेवा प्राधिकार, खूँटी के द्वारा कुल 10 रिक्त पदों के विरूद्ध पारा विधिक स्वंय सेवक के चयन हेतु आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। आवेदन करने हेतु आवेदन का प्रपत्र, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, खूँटी कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है या सिविल कोर्ट खूँटी के अधिकारिक वेबसाईट https://khunti.dcourts.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है।

आवेदन करने हेतु निम्नलिखि निर्देशों का पालण करना आवश्यक है:–

- आवेदन सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, व्यवहार न्यायालय, खूँटी 835210 के पता पर स्वीकार किए जाएंगे।
- आवेदन सूचना की तिथि से लेकर दिनांक–12/12/2024 समय 04:30 अपराहन तक ही स्वीकार किए जाएंगे।

**कौन आवेदन दे सकता है–** जिला खूँटी के अन्तर्गत ऐसे व्यक्ति (महिला/पुरुष/अन्य) जो बिना किसी आर्थिक लाभ के समाज के कमजोर वर्गों एवं वंचितों के उत्थान में रूचि रखते हैं या उनके लिए स्वेच्छिक सेवा करना चाहते हैं, जैसे– कार्यरत या सेवानिवृत शिक्षक, कार्यरत या सेवानिवृत डॉक्टर, कार्यरत या सेवानिवृत फौजी एवं किन्नर जो अपनी स्वेच्छा से दूसरों की सेवा में रूची रखते हों तथा जिन्हें विधिक सेवा प्राधिकार पी0एल0वी के रूप में पहचाने जाने के लिए उपयुक्त समझें।

**पारा विधिक स्वंय सेवक के कार्य:–** पारा विधिक स्वंय सेवकों को अपने क्षेत्र में विधिक जागरूकता, विधिक सहायता के लिए पिड़ितों एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार के बीच सेतु का कार्य करना प्राधिकार के प्रबंध कार्यालय एवं विधिक सेवा का कार्य या अन्य कोई कार्य करना जो जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा निर्देशित किया जाए।

**पदों की संख्या:–** जिला विधिक सेवा प्राधिकार, खूँटी के द्वारा कुल 10 रिक्त पदो के विरूद्ध पारा विधिक स्वंय सेवक के चयन हेतु आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। इस संबंध में अन्तिम निर्णय जिला विधिक सेवा प्राधिकार, खूँटी का होगा।

**उम्र सीमा:–** न्युनतम 18 वर्ष।

**शैक्षणिक योग्यता:–** मैट्रिक अथवा समकक्ष।

**मानदेय:–**पी0एल0वी के कार्य पूर्णतः अस्थायी है एवं कोई वेतन नहीं है। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार एवं झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के दिशा– निर्देश के आलोक में वर्तमान में प्रत्येक कार्य दिवस हेतु 700–(सात सौ रूपया) प्रतिदिन का मानदेय निर्धारित है जो प्रत्येक कार्य दिवस हेतु होगा तथा यह मानदेय केवल उन विशेष दिनों के लिए देय होगा जिस दिन विधिक सेवा प्राधिकार उन्हें विशेष कार्य हेतु निर्देशित करती है या स्वंय सेवक अपने क्षेत्रों से किसी व्यक्ति को विधिक सहायता प्रदान करता है या अपने क्षेत्र में विधिक जागरूकता शिविरों के आयोजन में सक्रिय भागीदारी निभाता है।

**पात्रता/योग्यता:–** 1. आवेदक भारत का नागरिक हो 2. आवेदक खूँटी जिला का निवासी हो 3. शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ हो 4. अच्छा चरित्र का हो 5. समाज सेवा में रूचि रखता हो 6. किसी आपराधिक मामले का आरोपी/दोषी सिद्ध न हो।

आवेदक विहित प्रपत्र में आवेदन पूरी तरह भरकर तथा अपनी शैक्षणिक एवं अन्य योग्यताओं का प्रमाण पत्र लगाकर साथ ही स्वपता लिफाफा 42रू. का डाक टिकट चिपकाकर, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, व्यवहार न्यायालय, खूँटी के कार्यालय में पंजीकृत डाक से या हाथों–हाथ अन्तिम तिथि 12/12/2024 की संध्या 05:00 बजे अनराहन् तक जमा कर सकते हैं। अन्तिम तिथि के बाद आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा एवं अपूर्ण/अधुरे आवेदन को अस्वीकृत कर दिया जाएगा। आवेदन भेजने का पता–सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार, व्यवहार न्यायलय, खूँटी पिन न0–835210.

पारा विधिक स्वंय सेवकों का चयन चयन समिति द्वारा किया जाएगा एवं चयन के संबंध में अन्तिम निर्णय चयन समिति का होगा और सभी के लिए बाध्यकारी होगा।

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष
जिला विधिक सेवा प्राधिकार, खूँटी

PR 340287 (Law) 24-25 (D)

## पूर्व मध्य रेल

**ई–निविदा सूचना**

मंडल रेल प्रबंधक (अभियंत्रण)/पूर्व मध्य रेल/धनबाद द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है:–

**क्र.सं. :** 1, **ई–निविदा सं. :** 239-DHN-2024-25, **कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि :** सहा. अभियंता/पू.म.रेल/लातेहार के अधीन लातेहार सब–डिविजन की जोन सं. 25 में सामान्य, पाइप एवं सेनेटरी, लकड़ी और सड़क कार्य के लिए जोनल संविदा (30.06.2025), **कार्य की लगभग लागत (रू. में) :** 35,50,000.00

**क्र.सं. :** 2, **ई–निविदा सं. :** 240-DHN-2024-25, **कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि :** सहा. अभियंता/पू.म.रेल/लातेहार और सहा. अभि./पू.म. रेल/डाल्टनगंज के अधीन लातेहार तथा डाल्टनगंज सब–डिविजन की जोन सं. 28 में पुल कार्य के लिए जोनल संविदा (30.06.2025), **कार्य की लगभग लागत (रू. में):** 21,00,000.00

**क्र.सं. :** 3, **ई–निविदा सं. :** 241-DHN-2024-25, **कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि :** धनबाद मंडल व. मं. अभि./1/धनबाद के क्षेत्राधिकार में टी. कि.मी. सेस मरम्मत टोरी–शिवपुर में (टी.कि.मी.–06. 099), टोरी (टी.कि.मी.–4.699), लातेहार (टी.कि.मी. –11.80) बरवाडीह (टी.कि.मी.– 2.351)। 12 (बारह) महीना, **कार्य की लगभग लागत (रू. में) :** 11,95,63,244.31

**क्र.सं. :** 4, **ई–निविदा सं. :** 242-DHN-2024-25, **कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि :** "धनबाद मंडल– सेस मरम्मत– 72.037 टी.कि.मी. (8.133 टी. कि.मी.– 3मी ऊँचाई एवं 63.904 टी.कि.मी.–6मी ऊँचाई)" कार्य के संबंध में धनबाद मंडल– वरीय मंडल अभियंता (ट्रैक)/धनबाद के अधीन सेस मरम्मत– 4 टी.कि.मी. (6मी ऊँचाई)। 12 (बारह) महीना, **कार्य की लगभग लागत (रू. में) :** 1,91,81,136.46

**क्र.सं. :** 5, **ई–निविदा सं. :** 243-DHN-2024-25, **कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि :** धनबाद मंडल– व.मं.अभि./4/धनबाद के क्षेत्राधिकार में सहा. मं.अभि./रेणुकूट और सहा.मं.अभि./चोपन के अधीन टीआरआर (पी): करैला रोड– एनसीएल = 5.701 टीकिमी एवं गढ़वा रोड–बिल्ली जं = 1.735 टीकिमी। 12 (बारह) महीना, **कार्य की लगभग लागत (रू. में) :** 96,58,158.46

**क्र.सं. :** 6, **ई–निविदा सं. :** 244-DHN-2024-25, **कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि :** सहा. अभि. /पू.म. रेल/रेणुकूट और सहा. अभि./पू.म. रेल/ चोपन के अधीन रेणुकूट तथा चोपन सब–डिविजन की जोन सं. 34 में पुल कार्य के लिए जोनल संविदा। (30.06.2025), **कार्य की लगभग लागत (रू. में) :** 21,00,000.00

**क्र.सं. :** 7, **ई–निविदा सं. :** 245-DHN-2024-25, **कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि :** धनबाद मंडल के व.अनु.अभि. (ब्रिज)/डाल्टनगंज के अधीन अनपरा–कृश्नशीला स्टेशन के बीच पुल सं. 27 (14x24-40) के कंपोजिट गरडर में स्टैनलेस स्टील चेकर्ड प्लेट के साथ साइड पथवे एवं रेणुकूट–जोगीडीह स्टेशन के बीच पूल सं. 262A (1x18.30+2x30.50M) के प्लेट एवं अंडरशलिंग गरडर का प्रावधान। 12 (बारह) महीना , **कार्य की लगभग लागत (रू. में):** 1,46,22,125.17

**क्र.सं. :** 8, **ई–निविदा सं. :** 246-DHN-2024-25, **कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि :** व. अनु. अभि. (ब्रिज)/धनबाद के अधीन सीआईसी सेक्शन में पुल सं. 8 (उत्तर एवं दक्षिण) के छिद्रित एवं फटे हुए मेंबर्स को बदलना। 09 (नौ) महीना, **कार्य की लगभग लागत (रू. में):** 2,15,49,717.66

**क्र.सं. :** 9, **ई–निविदा सं. :** 247-DHN-2024-25, **कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि :** सहा. मं. अभि./बरकाकाना के अधीन स्टाफ क्वार्टरों, सिवरेज पाइपलाइन, रूफ ट्रीटमेंट, एस/टैंक, नाली, सैनिटेशन फिटिंग्स का सुधार तथा दरवाजों और खिड़कियों को बदलना। 12 (बारह) महीना, **कार्य की लगभग लागत (रू. में):** 93,51,237.06

**क्र.सं. :** 10, **ई–निविदा सं. :** 248-DHN-2024-25, **कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि :** सहा. मं. अभि./बरकाकाना के अधीन पतरातु में स्टाफ क्वार्टरों के दरवाजों, खिड़कियों, चुते छत को बदलने जैसे के साथ कॉलोनी क्षेत्र के परिवेश एवं इनके प्रवेशों का विशेष मरम्मत। 12 (बारह) महीना, **कार्य की लगभग लागत (रू. में):** 72,49,983.37

**क्र.सं. :** 11, **ई–निविदा सं. :** 249-DHN-2024-25, **कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि :** सहा. मं. अभि./बरकाकाना के अधीन पतरातु में सर्विस भवनों के साथ सर्कुलेटिंग क्षेत्र एवं इनके प्रवेशों का विशेष मरम्मत। 12 (बारह) महीना, **कार्य की लगभग लागत (रू. में):** 80,49,974.17

**क्र.सं. :** 12, **ई–निविदा सं. :** 250-DHN-2024-25, **कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि :** सहा. मं. अभि./बरकाकाना के अधीन कार्य निरिक्षक/ बरकाकाना के लिए स्टाफ क्वार्टरों के दरवाजों, खिड़कियों, चुते छत को बदलने जैसे के साथ कॉलोनी क्षेत्र के परिवेश एवं इनके प्रवेशों आदि का विशेष मरम्मत। 12 (बारह) महीना, **कार्य की लगभग लागत (रू. में):** 67,33,795.56

**क्र.सं. :** 13, **ई–निविदा सं. :** 251-DHN-2024-25, **कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि :** सहा. मं. अभि./बरकाकाना के अधीन बरकाकाना– टाटीसिलवे सेक्शन में 24 यूनिट टाईप–।। क्वार्टरों, गैंग हट, भंडार कक्ष, चौकीदार हट, रेल पथ निरिक्षक कार्यालय का निर्माण एवं 7 नं. ट्यूबवेल आदि। 12 (बारह) महीना, **कार्य की लगभग लागत (रू. में) :** 4,20,80,979.08

**क्र.सं. :** 14, **ई–निविदा सं. :** 252-DHN-2024-25, **कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि :** पतरातु–गढ़वा रोड सेक्शन– सहायक अभियंता, पूर्व मध्य रेल, बरकाकाकना के अधीन पतरातु–कोले डाउन लिंक पर कि.मी. 126.826 से कि.मी. 142.450 तक टीबीआर, कुल 15.624 कि.मी.। 12 (बारह) महीना, **कार्य की लगभग लागत (रू. में) :** 24,39,854.49

**क्र.सं. :** 15, **ई–निविदा सं. :** 253-DHN-2024-25, **कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि :** सहा. अभि. (2)/पू.म. रेल/गोमो और सहा. अभि./पू.म. रेल/बरकाकाना के अधीन गोमो एवं बरकाकाना सब–डिविजन की जोन सं. 22 में पुल कार्य के लिए जोनल संविदा। (30.06.2025), **कार्य की लगभग लागत (रू. में):** 26,00,000.00

**क्र.सं. :** 16, **ई–निविदा सं. :** 254-DHN-2024-25, **कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि :** सहा. अभियंता/पू.म. रेल/बरकाकाना के अधीन बरकाकाना सब–डिविजन की जोन सं. 23 में सामान्य, लकड़ी और पाइप एवं सेनेटरी कार्य के लिए जोनल संविदा। (30.06.2025), **कार्य की लगभग लागत (रू. में):** 26,00,000.00

**क्र.सं. :** 17, **ई–निविदा सं. :** 255-DHN-2024-25, **कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि :** सहा. अभि/पू.म. रेल/बरकाकाना के अधीन बरकाकाना सब–डिविजन की जोन सं. 39 में सामान्य, लकड़ी और पाइप एवं सेनेटरी कार्य के लिए जोनल संविदा। (30.06.2025), **कार्य की लगभग लागत (रू. में) :** 30,00,000.00

**क्र.सं. :** 18, **ई–निविदा सं. :** 256-DHN-2024-25, **कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि :** चोपनः– चोपन में सहायक सुरक्षा आयुक्त कार्यालय का निर्माण। 12 (बारह) महीना, **कार्य की लगभग लागत (रू. में):** 39,25,926.39

**क्र.सं. :** 19, **ई–निविदा सं. :** 257-DHN-2024-25, **कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि :** ओबरा डैम– ओबरा डैम में 08 यूनिट टाईप– ।।। क्वार्टरों का निर्माण। 12 (बारह) महीना, **कार्य की लगभग लागत (रू. में):** 1,94,23,186.65

**क्र.सं. :** 20, **ई–निविदा सं. :** 258-DHN-2024-25, **कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि :** व. मं. अभि. /4/धनबाद के अधीन रेणुकूट एवं सिंगरौली में आरपीएफ आउट पोस्ट कार्यालय का प्रावधान। 12 (बारह) महीना, **कार्य की लगभग लागत (रू. में) :** 74,19,448.31

**क्र.सं. :** 21, **ई–निविदा सं. :** 259-DHN-2024-25, **कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि :** चोपनः– रेलवे कॉलोनी चोपन में पुराने क्षतिग्रस्त पाइप लाइन नेटवर्क को बदलना। 09 (नौ) महीना, **कार्य की लगभग लागत (रू. में):** 1,14,02,127.20

**क्र.सं. :** 22, **ई–निविदा सं. :** 260-DHN-2024-25, **कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि :** सहा. मं. अभि./कोडरमा के अधीन कोडरमा एवं अरिगडा के बीच सेस मरम्मत का प्रावधन। 12 (बारह) महीना, **कार्य की लगभग लागत (रू. में):** 64,99,912.29

**क्र.सं. :** 23, **ई–निविदा सं. :** 261-DHN-2024-25, **कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि :** (अवशेष कार्य) "व. मंडल अभियंता(2)/पूर्व मध्य रेल/धनबाद के अधीन ग्रैंडकार्ड सेक्शन में फीडर रूट से डेडिकेटेड फ्राइट कॉरिडोर में अप–ग्रेडेशन करने के संबंध में पुल सं. 305, 352, 371, 374, 384, 401, 410 और 414 एवं अन्य का पुर्ननिर्माण एवं मजबूतीकरण" के संबंध में पुल सं. 305, 352, 371 एवं 374 आदि का पुर्ननिर्माण एवं मजबूतीकरण। 09 (नौ) महीना, **कार्य की लगभग लागत (रू. में):** 2,46,96,133.70

**क्र.सं. :** 24, **ई–निविदा सं. :** 262-DHN-2024-25, **कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि :** (अवशेष कार्य) "व. मंडल अभियंता(2)/पूर्व मध्य रेल/धनबाद के अधीन ग्रैंडकार्ड सेक्शन में फीडर रूट से डेडिकेटेड फ्राइट कॉरिडोर में अप–ग्रेडेशन करने के संबंध में पुल सं. 305, 352, 371, 374, 384, 401, 410 और 414 एवं अन्य का पुर्ननिर्माण एवं मजबूतीकरण" के संबंध में पुल सं. 384, 401, 410 एवं 414 आदि का पुर्ननिर्माण एवं मजबूतीकरण। 09 (नौ) महीना, **कार्य की लगभग लागत (रू. में):** 2,48,07,463.32

**क्र.सं. :** 25, **ई–निविदा सं. :** 263-DHN-2024-25, **कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि :** (अवशेष कार्य) "सहा. अभि./पू.म.रेल/गुझंडी के अधीन ग्रैंड कार्ड सेक्शन में फीडर रूट से डेडिकेटेड फ्राइट कॉरिडोर में अप–ग्रेडेशन करने के संबंध में कि.मी. 392/26–28 पर पुल सं. 234, कि.मी. 395/8–10 पर 237, कि.मी. 396/24–26 पर 244, कि.मी. 404/14–16 पर 264, कि.मी. 405/22–24 पर 268, कि.मी. 407/14–16 पर 275, कि.मी. 411/34–36 पर 286, कि.मी. 413/16–18 पर 290, कि.मी. 420/24–26 पर 314, कि.मी. 439/17–19 पर 359, कि.मी. 442/12–14 पर 368, कि.मी. 445/12–14 पर 379 एवं कि.मी. 450/28–30 पर 400 का पुर्ननिर्माण" के संबंध में कि.मी. 392/26–28 पर पुल सं. 234, कि.मी. 385/8–10 पर पुल सं. 237, कि.मी. 395/24–26 पर 239 एवं कि.मी. 397/26–28 पर पुल सं. 247 आदि का पुर्ननिर्माण। 09 (नौ) महीना, **कार्य की लगभग लागत (रू. में):** 1,75,82,877.06

**क्र.सं. :** 26, **ई–निविदा सं. :** 264-DHN-2024-25, **कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि :** (अवशेष कार्य) "सहा. अभि./पू.म.रेल/गुझंडी के अधीन ग्रैंड कार्ड सेक्शन में फीडर रूट से डेडिकेटेड फ्राइट कॉरिडोर में अप–ग्रेडेशन करने के संबंध में कि.मी. 392/26–28 पर पुल सं. 234, कि.मी. 395/8–10 पर 237, कि.मी. 396/24–26 पर 244, कि.मी. 404/14–16 पर 264, कि.मी. 405/22–24 पर 268, कि.मी. 407/14–16 पर 275, कि.मी. 411/34–36 पर 286, कि.मी. 413/16–18 पर 290, कि.मी. 420/24–26 पर 314, कि.मी. 439/17–19 पर 359, कि.मी. 442/12–14 पर 368, कि.मी. 445/12–14 पर 379 एवं कि.मी. 450/28–30 पर 400 का पुर्ननिर्माण" के संबंध में कि.मी. 404/14–16 पर पुल सं. 264, कि.मी. 411/26–28 पर पुल सं. 284, कि.मी. 420/24–26 पर 314 एवं कि.मी. 438/19–21 पर पुल सं. 358 आदि का पुर्ननिर्माण। 09 (नौ) महीना, **कार्य की लगभग लागत (रू. में):** 1,61,68,391.67

**क्र.सं. :** 27, **ई–निविदा सं. :** 265-DHN-2024-25, **कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि :** (अवशेष कार्य) "सहा. अभि./पू.म.रेल/गुझंडी के अधीन ग्रैंड कार्ड सेक्शन में फीडर रूट से डेडिकेटेड फ्राइट कॉरिडोर में अप–ग्रेडेशन करने के संबंध में कि.मी. 392/26–28 पर पुल सं. 234, कि.मी. 395/8–10 पर 237, कि.मी. 396/24–26 पर 244, कि.मी. 404/14–16 पर 264, कि.मी. 405/22–24 पर 268, कि.मी. 407/14–16 पर 275, कि.मी. 411/34–36 पर 286, कि.मी. 413/16–18 पर 290, कि.मी. 420/24–26 पर 314, कि.मी. 439/17–19 पर 359, कि.मी. 442/12–14 पर 368, कि.मी. 445/12–14 पर 379 एवं कि.मी. 450/28–30 पर 400 का पुर्ननिर्माण" के संबंध में कि.मी. 443/30–444/2 पर पुल सं. 375, कि.मी. 445/910–940 पर पुल सं. 382, कि.मी. 447/845–875 पर पुल सं. 389 एवं कि.मी. 459/0–8 पर पुल सं. 424 आदि का पुर्ननिर्माण। 09 (नौ) महीना, **कार्य की लगभग लागत (रू. में) :** 2,38,79,186.69

**क्र.सं. :** 28, **ई–निविदा सं. :** 266-DHN-2024-25, **कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि :** सहा. अभियंता/पू.म. रेल/कोडरमा के अधीन कोडरमा सब–डिविजन की जोन सं. 43 में सामान्य, लकड़ी, पाइप एवं सेनेटरी और सड़क कार्य के लिए जोनल संविदा। (30.06.2025), **कार्य की लगभग लागत (रू. में):** 45,00,000.00

**क्र.सं. :** 29, **ई–निविदा सं. :** 267-DHN-2024-25, **कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि :** सहा. अभियंता/पू.म. रेल/कोडरमा के अधीन कोडरमा सब–डिविजन की कोडरमा–न्यु गिरिडीह सेक्शन की जोन सं. 36 में सामान्य, लकड़ी, सड़क और पाइप एवं सेनेटरी, कार्य के लिए जोनल संविदा। (30.06.2025), **कार्य की लगभग लागत (रू. में):** 45,00,000.00

**क्र.सं. :** 30, **ई–निविदा सं. :** 268-DHN-2024-25, **कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि :** सहा. मं. अभि./1/धनबाद के क्षेत्राधिकार में डीआरएम कार्यालय धनबाद के विभिन्न कार्यालयों में वर्क स्टेशन का प्रावधान के साथ संबंधित सहायक कार्य। 12 (बारह) महीना, **कार्य की लगभग लागत (रू. में) :** 2,74,13,587.63

**ब्याने की राशि (रू. में) :** ब्याने की राशि http://www.ireps.gov.in पोर्टल पर दिखाये राशि के अनुसार लागू। **निविदा बंद होने एवं खुलने की तारीख तथा समय :** ई–निविदा बंद होने की तारीख 17.12.2024 को 12:00 बजे तक। ई–निविदा खुलने की तारीख 17.12.2024 को 12:30 बजे से। **वेबसाइट का विवरण :** http://www.ireps.gov.in ई–निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं की जाएगी।

मंडल रेल प्रबंधक (अभियंत्रण)
पूर्व मध्य रेल/धनबाद

पीआर/01581/डीएचएन/इंजी0/टी/24–25/320

# प्रचंड बहुमत मिलने पर विधायक भूषण बाड़ा ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को दिया बधाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** सिमडेगा के नवनिर्वाचित विधायक भूषण बाड़ा झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनकी धर्मपत्नी सह गांडेय विधायक कल्पना सोरेन मुर्मू से मुलाकात कर झारखंड में इंडिया गठबंधन की प्रचंड जीत पर बधाई दी। उन्होंने रांची स्थित आवास पर पहुंच कर प्रचंड जीत पर बुके देकर बधाई दी है। भूषण बाड़ा ने कहा कि झारखंड विधानसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन की प्रचंड जीत हुई है। राज्य की जनता ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाले झामुमो, कांग्रेस, राजद, सीपीआई (एमएल) गठबंधन का लगातार दूसरी बार सत्ता सौंपी है। उन्होंने कहा कि झारखंड विधानसभा चुनाव रिजल्ट में इंडिया गठबंधन 56 सीटों पर जीत हासिल की है। यह जनता की जीत हैं। विधायक ने कहा कि यह जीत लोकतंत्र में जनता की जीत है। झारखंड की जीत ने साबित कर दिया कि इंडिया गठबंधन को झारखंड से कोई हिला नहीं सकता है। झूठ का पुलिंदा लेकर भाजपा का देश से सूपड़ा साफ होने की स्थिति आ गई है। उन्होंने कहा कि एक बार फिर झारखंड की जनता ने कमाल कर दिया। यह हेमंत सरकार के विश्वास की जीत है। झारखंड के विकास की जीत है। जनता की जीत है। नए झारखंड की जीत है। आने वाले वर्षों में हेमंत सरकार में राज्य का हर जनता सशक्त और मजबूत बनेगा। आज इस दिशा में राज्य की जनता ने इंडिया गठबंधन के साथ मिलकर एक सशक्त कदम उठाया है। उन्होंने कहा कि झारखंड में सच जीता है, विश्वास जीता है। युवा जीता है, गरीब जीता है। यह आदिवासियों के आकांक्षाओं की जीत है, झारखंड के गौरव की जीत है। राज्य में इंडिया गठबंधन के शासन में ही महिलाओं और आदिवासियों को सम्मान मिलता है और सुरक्षा भी। केवल इंडिया गठबंधन में ही लोकतंत्र है। भाजपा सोचती थी कि बिना काम किए भी सत्ता पर उसका जन्मसिद्ध अधिकार है। पर अब लोग काम को चुनते हैं। हमें भूलना नहीं है कि ये लोग कभी किसी गरीब आदिवासी को आगे बढ़ने नहीं देंगे। इन्होंने आदिवासियों को अपमानित किया है। समाज को कमजोर कर अराजकता फैला कर देश को कमजोर करना चाहती है। वे लगातार देश में आग लगाने की कोशिश कर रहे हैं। आज झारखंड से भाजपा का सुफड़ा साफ हो चुका है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में आने वाले वर्षों में भाजपा मुक्त झारखंड बनना तय है। हमारी जनता इंडिया गठबंधन के साथ है।

## सड़क दुर्घटना में दो युवक घायल, प्राथमिक उपचार के बाद एक रेफर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** सड़क दुर्घटना में दो स्कूली छात्र घायल स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से नजदीकी अस्पताल में कराया गया भर्ती प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल रेफर घटना सोमवार सुबह लगभग 9 बजे लोहरदगा जिला के सेन्हा थाना क्षेत्र के लोहरदगा गुमला मुख्य पथ पर सोना टेंट हाउस के समीप खड़ी स्कूटी जे एच 08 जे 6303 में मोटर साइकिल सवार कलीम अंसारी के पुत्र वसीम अंसारी 18 वर्ष एवं अलीमुद्दीन अंसारी के पुत्र साहबान अंसारी 18 वर्ष दोनों सेरेंगहातु ग्राम स्थित अपने घर से प्लस टू उच्च विद्यालय अरु जा रहें थे इसी दरमियान मोटर साइकिल सवार अनियंत्रित होकर खड़ी स्कूटी से जा टकराया जिससे मोटर साइकिल सवार घायल हो गया। घायल को ग्रामीणों के सहयोग से स्वास्थ केंद्र सेन्हा पहुंचाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। बताया जाता है कि स्कूल लेट होने के कारण तेजी से विद्यालय की ओर मोटरसाइकिल से जाने के दौरान यह घटना हुआ।

## गुमशुदा मामला में सनहा दर्ज, पुलिस जांच आरम्भ



**सेन्हा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** लापता पति का सूचना पुलिस प्रशासन को देते हुए सकुशल बरामद करने का पत्नी ने कराया सनहा दर्ज मामला लोहरदगा जिला अंतर्गत सेन्हा थाना क्षेत्र के सेरेंगहातू ग्राम का बताया जा रहा है। थाना प्रभारी अजित कुमार ने जानकारी देते हुए कहा कि सेरेंगहातू तोड़ार निवासी आनंद कुमार की पत्नी चिंता कुमारी ने पति के लापता होने की सूचना देते हुए बताया है कि 16 नवम्बर को घर में बिना बताए कहीं चले गए है। देर शाम तक नही लौटने पर रिश्तेदार एवं सगे सम्बन्धी में छानबीन किया परंतु आज तक कोई सुराग नही मिला आवेदन के माध्यम से पुलिस प्रशासन को अवगत कराते हुए सकुशल बरामद करने का अनुरोध किया है। इस संदर्भ में थाना प्रभारी अजित कुमार ने मामला को संज्ञान में लेते हुए प्रशासनिक अग्रतर करवाई आरम्भ कर दिया गया है। साथ ही आमजनों से अपील किया गया है कि इस व्यक्ति पर कहीं भी नजर पड़े तो स्थानीय थाना को सूचित करते हुए प्रशासन एवं परिवार को सहयोग करें।

## आजसू के अखबारी नेता पहले अपने गिरेबान में झांके तब भाजपाईयों पर उंगली उठाएं : वाल्मीकि कुमार



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय जनता पार्टी लोहरदगा जिला युवा मोर्चा के अध्यक्ष वाल्मीकि कुमार ने विधानसभा चुनाव में एनडीए प्रत्याशी नीरू शांति भगत के हार के बाद लोहरदगा आजसू के एक अखबारी नेता द्वारा दिए गए बयान पर आधारित न्यूज़ का खंडन करते हुए कहा है कि ऐसे नेता को पहले अपनी गिरेबान झांकनी चाहिए उसके बाद भाजपाइयों पर उंगली उठानी चाहिए। बाल्मीकि कुमार ने कहा कि उस नेता ने यह तो स्वीकार किया है कि आजसू के जिलास्तरीय पदाधिकारियों ने गांव/नगर में जाकर मतदाताओं से एनडीए के पक्ष में मतदान करने का आग्रह ना कर जिला आजसू कार्यालय में बैठे-बैठे कुर्सी तोड़ने का काम किया। मगर यह भी सत्य है कि आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो जी के द्वारा लोहरदगा विधानसभा चुनाव जीतने के लिए बनाए गए 21 तोप (संयोजक मंडली) नाकाम साबित हुई। उनमें से अधिकांश तोप चुनाव के पहले ही फुस्स कर गई। ये तोपें या तो चली हीं नहीं और यदि चली भी तो किसी और के आंगन से कांग्रेस प्रत्याशी को जिताने के लिए चलायी गई। वैसे भी जो नेता विधायक सह मंत्री के कोटे से ठेकेदारी करते हों या कांग्रेसी एसोसिएशन में रहकर कमाते खाते हों उनसे उम्मीदें भी बहुत अधिक नहीं की जा सकती। सुदेश महतो जी के द्वारा की गई 21 तोपों का निर्माण सबसे बड़ी भूल साबित हुई। रही बात भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं की तो मतदान केंद्रों में जाकर पता लगाया जाना चाहिए कि लोहरदगा विधानसभा के 324 मतदान केंद्रों में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे और एनडीए प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करा रहे थे। आजसू के कार्यकर्ता तो कई बूथों में नजर भी नहीं आए। ऐसे में किस हैसियत से यह अखबारी नेता भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं के ऊपर अनर्गल बयान बाजी कर सकते हैं। बाल्मीकि कुमार ने कहा कि ऐसे नेताओं में यदि जरा सी भी शर्म नाम की चीज है तो सबसे पहले खुद हार की जिम्मेवारी लेते हुए इस्तीफा दें उसके बाद दूसरे पर उंगली उठाने का काम करें। इस तरह की बयानबाजी सिर्फ एनडीए को तोड़ने की साजिश है जो कभी कामयाब होने वाली नहीं है।

## बैंक ऑफ इंडिया कैरो ब्रांच के कर्मियों ने आंख व किडनी मरीज खताधारक का केवाईसी करने से किया इनकार, जमा-निकासी करने में बढ़ी परेशानी

**➲ स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने शाखा के कार्यप्रणाली में सुधार को लेकर पुर्व में उपायुक्त से भी लगा चुके हैं गुहार, नहीं हो रहा है सुधार**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** कैरो मुख्यालय स्थित बैंक ऑफ इंडिया शाखा के कर्मियों ने कैरो आदिवासी मोहल्ला के तरबरेज अंसारी पिता मुख्तार अंसारी का खाता केवाईसी करने से किया इनकार। शाखा प्रबंधक ने कहा कि अपना पेपर किसी भी टेबल में फेक दीजिए उसे हमलोग भी फेक देंगे मगर केवाईसी नहीं करेंगे। तबरेज अंसारी ने बताया कि मेरी आंखों में प्रॉब्लम है साथ ही किडनी का इलाज भी रांची के डॉक्टर बी0 दोजा के द्वारा ऑपरेशन कर किया गया है, फिलहाल आंख का इलाज मुंबई के एक बड़े अस्पताल में चल रहा है, एक सप्ताह के बाद मुझे इलाज के लिए पुनः मुंबई जाना है लेकिन खाता में केवाईसी नहीं होने के कारण लेन देन जमा निकासी करने में मुझे काफी दिक्कत हो रही थी जिसके कारण अपने बैंक ब्रांच कैरो में जा कर केवाईसी के लिए आवेदन देने पर कर्मचारियों ने आवेदन लेने पर इनकार कर दिया। जिससे आगामी इलाज के लिए मुझे मुंबई जाना संभव नहीं लग रहा है।बैंक के कर्मचारियों द्वारा इस तरह का व्यवहार से आम जनता को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। बैंक के इस रवैये से तंग आकर स्थानीय जन प्रतिनिधियों ने भी पुर्व मे उपायुक्त से मिलकर कैरो बैंक आफ इंडिया शाखा के शाखा प्रबंधक के कार्यशैली मे सुधार को लेकर लगा चुके हैं गुहार, फिर भी शाखा कर्मियो के कार्यप्रणाली में नहीं हो रही है सुधार, परिणाम स्वरूप खाता धारक की बढ़ती ही जा रही है परेशानी।

## सुंदरता और हरियाली से घिरा भंडरा पहाड़ को लोग अतिक्रमण कर पहाड़ में लगे पेड़-पौधों को काट कर बना रहे हैं घर

**प्राकृतिक सौंदर्य के साथ छेड़छाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा : बुधराम उरांव**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भंडरा-लोहरदगा :** जिले के भंडरा प्रखंड की प्रकृतिक सौंदर्य को खराब करने से लोग बाज नहीं आ रहे हैं। भंडरा प्रखंड की सुंदरता और हरियाली से घिरा भंडरा पहाड़ को लोग अतिक्रमण कर पहाड़ में लगे पेड़-पौधों को काट घर बना रहे है। इससे सुंदरता के साथ-साथ प्राकृतिक सौंदर्य को भी आघात पहुंच रहा है। भंडरा मलार टोली में लोग दिनों दिन पहाड़ की तलहटी के चट्टानों को भी तोड़ बर्बाद कर रहे है। इसके साथ साथ कई पेड़ पौधों को भी काट घर बनाने में जुट गए है। जिसे समय रहते नहीं रोका गया तो पहाड़ की सुंदरता का दीदार से भी लोगों को मरहूम रहना पड़ेगा। मलार टोली गांव निवासी शिवानंद मलार पहाड़ की तलहटी से चट्टानों को तोड़ और कई पेड़ो को काटकर घर बनवा रहा है। जिसकी सूचना मिलते ही भंडरा अंचलाधिकारी दुर्गा कुमार ने जांच पड़ताल शुरु कर दी है। साथ ही हरे पेड़ो की कटाई की जांच को लेकर राजस्व कर्मचारी परवीन कुमार को निर्देश दिया है। इधर चट्टान तोड़ने के पश्चात पेड़ों की कटाई की खबर सामने आने के बाद भंडरा के ग्राम प्रधान बुधराम उरांव ने भी इसकी जांच की है। साथ ही उन्होंने कहा कि भंडरा प्रखंड में प्राकृतिक सौंदर्य के साथ छेड़छाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पेड़ो की कटाई को लेकर अंचल कार्यालय को आवेदन सौंप कार्रवाई की मांग की जाएगी सीओ दुर्गा कुमार ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है। दोषी पर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही सरकारी जमीन पर अतिक्रमण हटाने को लेकर कार्रवाई किया जाएगा।

## पंचायत के बच्चों की अधिगम स्तर सुधारने हेतु सिटी बजा-चलो पढ़े अभियान का किया गया शुभारंभ



**सिमडेगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** ग्राम पंचायत कोनजोबा के सभी बच्चों का भविष्य संवारने हेतु प्रखंड अंचल पदाधिकारी की अध्यक्षता और जिला परिषद सदस्य के मुख्य अतिथ्य में विशेष ग्राम सभा सह ञ्जरूप्रदर्शनी का आयोजन किया गया। सबसे पहले पारम्परिक तरीके से अथितियों का स्वागत किया गया. इसके बाद दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया. इसके बाद स्वागत भाषण के साथ कार्यक्रम का संचालन प्रारंभ हुआ. गाँधी फेलो संचिता शरद गरडे के द्वारा पंचायत के नेतृत्व में हुए बेसलाइन असेसमेंट का सैंपल डाटा पीपीटी के माध्यम से सबके सामने प्रस्तुत किया गया. जिससे हमें असर रिपोर्ट 2022 के साथ वर्तमान पंचायत के बच्चो का अधिगम स्तर का पता चल सकें। इसके बाद बच्चो को अधिगम स्तर बढ़ाया जा सके इसके समाधान पर प्रकाश डाला गया। ततपश्चात प्रांगण में सुसज्जित ञ्जरूका उपस्थित सभी अतिथियों के साथ आगंतुकों ने अवलोकन किया, तदुपरांत पंचायत मुखिया ने अपने सम्बोधन में जान मानस को अवगत कराया की पंचायत के बच्चो का अधिगम स्तर बढ़ाने के लिए सिटी बजाओ - चलो पढ़ेक अभियान के अंतर्गत 36 जगह में मोहल्ला क्लास का सञ्चालन किया जायेगा। इस दौरान 36 स्वयंसेवक चिन्हित जगहों में 1 घंटे प्रतिदिन पंचायत के बच्चो को पढ़ाएंगे 7 बच्चे सिटी बजाते हुए अपने -अपने घरो से मोहल्ला क्लास के लिए आएंगे। इसी दौरान DC सर के नेतृत्व मे चलाये जा रहे प्रोजेक्ट समर्थन के बारे मे बात की गयी। पुरे कार्यक्रम के दौरान ष्ट्ह रविकांत सिंह , पंचायत के मुखिया मुंज खेश, सचिव रीना दास, जिला परिषद सदस्य प्रेमा बाड़ा, वार्ड मेंबर, पीरामल फाउंडेशन से प्रतिनिधि और जन समुदाय उपस्थित रहे।

## भाजपा प्रत्याशी श्रद्धानन्द बेसरा ने मतदाताओं-कार्यकर्ताओं का जताया आभार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** सिमडेगा विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी श्रध्दानंद बेसरा ने सिमडेगा विधानसभा के सभी मतदाताओं कार्यकर्ताओं पदाधिकारी गण और वरिष्ठ भाजपा समर्थकों का आभार जताया है,साथ ही उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं द्वारा जीतोड़ मेहनत किए गए, आप सभी के अथक प्रयास से ही सिमडेगा विधानसभा क्षेत्र में रिकॉर्ड 66134 वोट प्राप्त हुई। श्री बेसरा ने अथक प्रयास के लिए सभी का आभार व्यक्त किया। श्री बेसरा ने कहा कि हार जीत ज़िन्दगी का हिसा है, अटल बिहारी वाजपेयी ने कहा था, जीत और हार जीवन का एक हिस्सा है, जिसे समानता के साथ देखा जाना चाहिए। साथ ही श्रद्धानन्द बेसरा ने जिला प्रशासन केंद्रीय पुलिस बल मीडिया कर्मी एवं तमाम उन सभी लोगों का आभार व्यक्त किया है जिन्होंने शांतिपूर्ण मतदान और मतगणना में अपनी भूमिका निभाई। श्री बेसरा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक परिवार की तरह है हम सभी मिलकर पार्टी हित में काम करते रहेंगे,और जनता की आवाज़ सड़क से लेकर प्रशासन तक उठाते रहेंगे।

# जनजातीय गौरव दिवस पखवाडा एवं पलाश बहुभाषी शिक्षा कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद झारखण्ड द्वारा दिए गए निर्देशानुसार सभी सरकारी स्कूलों में जनजातीय गौरव दिवस और जनजातीय व्यंजन का बच्चों को बताने निमित्त खान पान कराने का निर्देश के तहत राजकीय कृत प्राथमिक विद्धयालय लारकुरिया कुटमू, लोहरदगा में भव्य जनजातीय गौरव पखवाडा मनाया गया। इस अवसर पर यूनिसेफ़ राज्य सलाहकार श्रीमती पल्लवी शाह तथा मुख्य अतिथि के रूप में जिला शिक्षा अधीक्षक लोहरदगा सुनंदा दास,बी आर पी तृषान्धा प्रजापति, निधि गुप्ता, प्रभारी प्रधानाध्यापक रश्मि खेस, सहायक शिक्षिका निधि सिन्हा, पूर्व प्रधानाध्यापिका सलोमी लकड़ा, अभिभावक शनियारों उरांव, निरंकार भगत, प्रदीप पहान, लक्ष्मी उरांव, फूलमणि उरांव, सुको उरांव, सोमारी उरांव, सीता उरांव, सुमन उरांव आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम की सुरुवात जिला शिक्षा अधीक्षक लोहरदगा सुनंदा दास द्वारा दीप प्रज्वालित कर किया गया,इसके पूर्व प्रभारी रश्मि खेस द्वारा झारखंडी संस्कृति के प्रतिक अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा आकर्षक साज सज्जा द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम किया गया जिसमे जय जवान जय आदिवासी , नदिया केर एक दोहर पार में, हाय रे सरगुजा नाथे, कुड़ूख झूमर डांस ने अभिभावक और अतिथि गणों को काफ़ी प्रभावित किया। इस अवसर पर प्रभारी रश्मि खेस ने स्वागत करते हुए जनजातीय गौरव पखवाडा और जनजाति व्यंजन के बारे में विस्तार से जानकारी दी। मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधीक्षक सुनंदा दास ने इस अवसर पर सम्बोधित करते हुए कही की बच्चे जनजातीय स्थानीय खान पान को भूलते जा रहे है और चाइनीज फास्ट फ़ूड पर ज्यादा ध्यान दे रहे है जिससे बच्चों का मानसिक और शारीरिक क्षमता कमजोर हो रही है इसी के निमित्त झारखण्ड शिक्षा परियोजना द्वारा सभी स्कूलों में जनजातीय गौरव और जनजातीय व्यंजन पखवाडा का आयोजन किया जा रहा है इस निमित्त कुटमू प्राथमिक विद्धयालय ने बहुत ही शानदार आयोजन किया गया शानदार व्यंजन बनाये गए जिसमे, धुसका, छिलका रोटी, बेंजा लड्डू, बाँस करैल, मुनगा साग का भुजिया, बेंग साग (मेंढक साग ), इडली, महुवा पीठा, धुतु लड्डू, कसार, आदि व्यंजन बच्चों को और अतिथि को परोसा गया है इससे बच्चों को जानकारी मिलेगी की ये जनजातीय व्यंजन किसी चाइनीज फूड से कम नहीं है बल्कि इससे विटामिनस भरपूर मात्रा में मिलेगा और बच्चों का शारीरिक मानसिक विकास होगा साथ ही उन्होंने कहा की जनजातीय स्थानीय भाषा में वार्तालाप करने और पाठ्यक्रम के साथ पढ़ने पढ़ाने से बच्चे शिक्षक के नजदीकी रिस्ता अपनापन का बनाएंगे और अच्छी शिक्षा भी प्राप्त कर सकेंगे।

**बोर्ड परीक्षा की तैयारी में अभिभावकों की भूमिका महत्वपूर्ण : अली रजा अंसारी**

# पीएमश्री रा.उ.उच्च विद्यालय जिंगी में आगामी बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी हेतु विशेष बैठक का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुडू-लोहरदगा :** बोर्ड परीक्षा में बेहतर परिणाम प्राप्त करने के लिए छात्रों के शिक्षको के साथ ही अभिभावकों को भी जागरूक रहते हुए मेहनत करना और कराना जरूरी होता है। जिन बच्चों के अभिभावक बच्चों से नियमित संवाद स्थापित करते हैं, उन्हें पढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं, पढ़ने हेतु उनकी आवश्यकता की समय पर पूर्ति करते हैं, लगातार बेहतर करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं उन बच्चों का हर क्षेत्र में प्रदर्शन बढ़िया रहता है। अभिभावक यदि शिक्षा के प्रति जागरूक हों तो बच्चे कमाल करने का दम रखते हैं। ये बातें कुडू प्रखंड के पीएमश्री रा. उ. उच्च.विद्यालय जिंगी में कक्षा दसवी में अध्ययनरत विद्यार्थिओं के अभिभाववकों की विशेष बैठक में विद्यालय के प्रभारी प्रधानाचार्य अलीरजा अंसारी ने कहीं। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजने और गृह कार्य बनवाने, समय-समय पर विद्यालय आकर बच्चों की शैक्षिक प्रगति की जानकारी लेने, तथा कमजोर विषयों में अधिक ध्यान और समय दिला कर सभी विषयों की संतुलित तैयारी कराने में सहयोग करने की अपील की। मौके पर विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष। कंचन राम एवं उपाध्यक्ष शांति उराव ने भी अभिभावकों से अपने बच्चों पर नजर रखने की अपील की। उन्होंने विद्यालय के विकास के लिए शिक्षकों को हर सम्भव सहयोग का विश्वास दिलाया। विद्यालय के शिक्षकों ने अभिभावकों को उनके बच्चों की उपस्थिति, पढ़ने में उनकी रूचि, विषयवार प्रदर्शन इत्यादि के बारे में विस्तार से बताया। मौके पर विद्यालय के शिक्षक ज़्याउल हक अंसारी, प्रमेश कुमार सिंह, सरोज कुमार दुबे, आदित्य कुमार वैध, संजय उराव, अभिभावक मनीष टाना भगत, कृष्णा ताना भगत, भुगलू टाना भगत, बिलचो टना भगत, मनोज ठाकुर, पुरुषोत्तम राम, बंधु उराव, अनिल उराव, पुष्पा उराव, करमचंद टना भगत सहित कई लोग उपस्थित थे।

# शिशु विद्या मंदिर लचरागढ़ में जनजातीय गौरव दिवस हर्षोल्लास के साथ हुआ सम्पन्न




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** वनवासी कल्याण केंद्र की शैक्षिक इकाई श्रीहरि वनवासी विकास समिति झारखण्ड द्वारा संचालित विवेकानन्द शिशु विद्या मंदिर लचरागढ़ में जनजातीय गौरव दिवस हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीमति कौशल्या देवी, विशिष्ट अतिथि राजेन्द्र बड़ाईक, जनजाति हित रक्षा प्रमुख वनवासी कल्याण केन्द्र झारखंड ।विद्यालय के सचिव राजेश अग्रवाल ने माता सरस्वती, ओम भारत माता, बिरसा मुण्डा के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित एवम पुष्पर्चान कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इसके पश्चात् विशाल शोभा यात्रा निकाली गई।जिसमें विद्यालय के बच्चे भगवान बिरसा मुण्डा, तेलंगा खड़िया, वीर बुद्धु भगत, तिलका माँझी, नीलाम्बर -पीतांबर, सिद्धु कान्हू, जतरा टाना भगत, फूलो-झानो, रुनिया-झुनिया, सिनगी दई - कैईली दई का रूप धारण किए हुए थे। पारंपरिक वेश भूषा में विद्यालय का भैया-बहन शोभा यात्रा में सम्मिलित थे। भगवान बिरसा मुंडा की जय, नीलाम्बर-पीताम्बर की जय फूलो झानो की जय आदि गगन भेदी नारा लगाते और आदिवासी नृत्य करते भैया बहन आनंदित एवम प्रफुल्लित थे। शोभा यात्रा विद्यालय से प्रारम्भ होकर मुख्य सड़क से होते हुए प्रिंस चौक तक पहुँची और वहाँ पर तेलंगा खड़िया के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। शोभा यात्रा पुनः विद्यालय पहुँचा और रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ।दशम कक्षा के भैया-बहनों द्वारा मर्दानी झूमर प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया। 101 बहनों ने आदिवासी जंगल के रखवाला रे गीत पर शानदार नृत्य प्रस्तुत कर लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राजेन्द्र बड़ाईक ने कहा वनवासी समाज का संरक्षण, संवर्धन करना हमारा परम कर्तव्य है। विभिन्न जनजाति महापुरुषों का विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए कहा कि हमें उनसे प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। मुख्य अतिथि माता कौशल्या ने भी कार्यक्रम का भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए महापुरुषों की जीवनी पढ़कर हमें आगे बढ़ने की सीख मिलती है। मंच संचालन आचार्य सुदर्शन ने किया धन्यवाद ज्ञापन प्रधानाचार्य राजेन्द्र साहु ने किया। कार्यक्रम में प्रमोद जी, अर्जुन महतो, गणेश सिंह, जगेश्वर सिंह, दशरथि कुमारी, लक्ष्मी देवी, दीक्षित कुमारी, प्रगति कुमारी, विमला देवी, बसंती बड़ाईक, यमुना कुमारी, सुनीति कुमारी, निशी कुल्लू, रश्मि प्रधान, अभिभावक बन्धु, माता बहनें, और विद्यालय के सभी भैया-बहन उपस्थित थे।

## चलते चलते एक नजर

### खरगे से मिले पटोले, विस के चुनाव नतीजों पर जताया संदेह, कहा- नहीं दिया इस्तीफा

**नई दिल्ली :** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से आज महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले ने मुलाकात की। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव को लेकर उन्होंने खरगे के समक्ष अपनी चिंतायें जाहिर कीं। इस पर खरगे ने उन्हें आश्वासन दिया कि वे पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से चर्चा करेंगे। कांग्रेस अध्यक्ष से मुलाकात के बाद पत्रकारों से बातचीत में नाना पटोले ने अपने इस्तीफे की बात को खारिज किया। उन्होंने कहा कि न ही उनसे इस्तीफा मांगा गया है और न ही उन्होंने इस्तीफा दिया है। विधानसभा चुनाव के नतीजों पर पटोले ने कहा कि जमीन पर काम करने वाले सभी नेताओं का मानना है कि नतीजे अपेक्षा से विपरीत आए हैं। सभी को आशा थी कि नतीजे महा विकास आघाड़ी के पक्ष में आएंगे लेकिन ऐसा नहीं हुआ है। चुनाव नतीजों पर संदेह जताते हुए पटोले ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने नांदेड लोकसभा उपचुनाव जीत लिया लेकिन इस लोकसभा के अंतर्गत आने वाली विधानसभाओं में उनके सभी उम्मीदवार हार गए। इतना बड़ा अंतर किस प्रकार हो सकता है। सोशल मीडिया पर भी लोग कह रहे हैं कि उन्होंने इस सरकार के लिए मतदान नहीं किया था। हमें पूरे देश और राज्य से फोन आ रहे हैं। उनका कहना है कि नतीजा सही नहीं है। यह लोकतंत्र के लिए अच्छा नहीं है। हमारे लिए बड़ी चिंता का विषय है। इसी कारण से वह पार्टी अध्यक्ष से आज दिल्ली में मिलने आए थे। उन्होंने कहा कि पार्टी अध्यक्ष से उन्होंने इसी विषय पर चर्चा की है। अध्यक्ष ने उनकी चिंता को ध्यान से सुना और कहा कि वे राहुल गांधी और अन्य वरिष्ठ नेताओं से इस बारे में चर्चा करेंगे। इसके बाद आगे कोई निर्णय लेंगे।

### महाराष्ट्र के 5 निर्दलीय विधायकों ने दिया भाजपा को समर्थन

**मुंबई :** महाराष्ट्र विधानसभा के लिए नवनिर्वाचित 5 निर्दलीय सदस्यों ने भारतीय जनता पार्टी को समर्थन दिया है। राज्य की 288 सदस्यीय विधानसभा के चुनाव में भाजपा ने 132 सीटें जीती हैं। भाजपा-नीत राजग में शामिल किस दल का नेता मुख्यमंत्री बनेगा, इसकी घोषणा नई दिल्ली में आज शाम तक हो सकती है। भाजपा को समर्थन देने वाले निर्दलीय विधायकों में रत्नाकर गुट्टे, विनय कोरे, अशोकराव माने, रवि राणा और विजय पाटिल शामिल हैं। पांचों नवनिर्वाचित विधायकों ने सोमवार को मुंबई में भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस से मुलाकात की और समर्थन का पत्र सौंपा। विधानसभा चुनाव में राजग ने 230 सीटें जीती हैं। इसमें भाजपा 132, शिवसेना 57 और एनसीपी (एपी) ने 41 सीटें जीती हैं। भाजपा नेता प्रवीण दरेकर ने कहा है कि इसके पहले भाजपा ने ज्यादा सीटें होने बावजूद मुख्यमंत्री पद एकनाथ शिंदे को दिया था लेकिन इस बार भाजपा का ही मुख्यमंत्री बनना चाहिए, ऐसी कार्यकर्ताओं की तीव्र इच्छा है। फडणवीस ने बहुत मेहनत कर भाजपा के साथ सहयोगी दलों की जीत दिलाई है, इसलिए फडणवीस को मुख्यमंत्री पद मिलना ही चाहिए। हालांकि इसका निर्णय केंद्रीय नेतृत्व करेगा।

## संभल हिंसा की होगी मजिस्ट्रियल जांच : कमिश्नर

एजेंसी

**मुरादाबाद :** मुरादाबाद मंडल के मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह ने संभल हिंसा के मामले में सोमवार को मजिस्ट्रियल जांच के आदेश दिए हैं। कमिश्नर ने बताया कि संभल में स्थिति पूरी तरह से नियंत्रण में है और शहर में शांति बनी हुई है। जहां हिंसा हुई थी वहां कुछ दुकानें बंद हैं, लेकिन बाकी इलाकों में सामान्य स्थिति है और कोई तनाव नहीं है। सभी जगहों पर पुलिस बल तैनात है। कमिश्नर आंजनेय कुमार सिंह ने आगे बताया कि हिंसा के दौरान कुछ युवाओं ने माहौल बिगाड़ने की कोशिश की, लेकिन इस मामले में पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई की है। हिंसा के दौरान कुछ लोगों ने मस्जिद पर पथराव करने की कोशिश की थी, जिनकी पहचान सीसीटीवी फुटेज से की जा रही है। पुलिस ने इस तरह की हरकत करने वालों के खिलाफ कार्रवाई का फैसला लिया है।






**पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में खुलासा, देसी बंदूक से हुई मृतकों की मौतः** मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह ने बताया कि संभल हिंसा में मृतकों की पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के अनुसार, मृतकों की मौत देसी बंदूक से हुई है। पुलिस जांच कर रही है कि इस हिंसा के पीछे किसका हाथ था। कमिश्नर ने आश्वासन दिया कि ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए पूरी तैयारी की गई है और भविष्य में ऐसी कोई घटना नहीं होने दी जाएगी।

**दोषियों पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत होगी कार्रवाईः** मंडलायुक्त ने कहा कि संभल हिंसा में शामिल सभी आरोपितों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी और किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा। अगर जरूरत पड़ी तो दोषियों पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) भी लगाया जाएगा। स्थानीय जिला प्रशासन ने हालात को नियंत्रण में रखने के लिए सख्त कदम उठाए हैं। वहीं, संभल के अलावा मुरादाबाद मंडल के मुरादाबाद, अमरोहा, बिजनौर, रामपुर जनपदों में भी चौकसी बढ़ा दी गई है।

**सांसद जियाउर्रहमान और विधायक इकबाल महमूद के बेटे सुहेल इकबाल पर एफआईआर दर्जः** मंडलायुक्त अंजनेय कुमार सिंह ने यह भी बताया कि हिंसा के मामले में जांच जारी है। संभल से समाजवादी पार्टी के सांसद जियाउर्रहमान बर्क और संभल विधायक इकबाल महमूद के बेटे सुहेल इकबाल पर भीड़ को उकसाने के आरोप में एफआईआर दर्ज की गई है। हिंसा में अब तक चार लोगों की मौत हो चुकी है।

### कानून मंत्री ने किया 'विद्यार्थियों हेतु भारत का संविधान' पुस्तक का लोकार्पण

**नई दिल्ली :** 'संविधान दिवस' के अवसर पर प्रसिद्ध लेखक एवं राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष किशोर मकवाणा की पुस्तक 'विद्यार्थियों हेतु भारत का संविधान' का लोकार्पण किया गया। पुस्तक का लोकार्पण आज कॉन्स्टीट्यूशन क्लब में केन्द्रीय विधि एवं न्याय मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) व संसदीय कार्य राज्यमंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने किया। इस मौके पर न्यायमूर्ति हेमंत गुप्ता (सेवानिवृत) भी मौजूद रहे। इस पुस्तक की भूमिका केन्द्रीय विधि एवं न्याय मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) व संसदीय कार्य राज्यमंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने स्वयं लिखी है। पुस्तक का लोकार्पण करते हुए अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि यह पुस्तक संविधान को जानने और समझने की इच्छा रखने वाले हर उम्र के लोगों के लिए है।

## हासनदाग में बीजेपी कार्यकर्ताओं ने निकाला विजय जुलूस



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा :** मेराल अंतर्गत हासनदाग गांव में भाजपा कार्यकर्ताओं ने सोमवार को गढ़वा रंका विधानसभा क्षेत्र से विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी की जीत पर भव्य विजय जुलूस निकाला।

विजय जुलूस में पूर्व मुखिया रामप्रवेश चंद्रवंशी, पंचायत अध्यक्ष विनय चौधरी, मनोज कुमार रजक, मुन्ना चौबे, राजबली चौधरी, दिलीप विश्वकर्मा आदि के नेतृत्व में हासनदाग बाजार चौक से त्रिवेणी चौक देवी धाम केवाल टोला होते हुए पूरे गांव में घुमाया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने उत्साह के साथ बाजे गाजे पर थिरकते हुए सत्येंद्रनाथ तिवारी जिंदाबाद गढ़वा का विधायक कैसा हो सत्येंद्र तिवारी जैसा हो, जय श्री राम, भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद, नरेंद्र मोदी जिंदाबाद आदि के नारे लग रहे थे। भाजपा कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाते हुए अबीर गुलाल लगाकर जीत का बधाई दिया। साथ ही जुलुश में जमकर आतिशबाजी किया गया। इस अवसर पर सुमेर चौधरी, छठन चौधरी, मुकेश ठाकुर, अरुण कुमार चौबे, उपेंद्र चंद्रवंशी, ब्रह्मदेव चौधरी, हीरा चौधरी, अंतू चौधरी, बिहारी चौधरी, मुन्ना चौधरी, रितेश चौबे, रमेशी चौधरी, मथुरा चौधरी, शिव बालक चौधरी, जग्गू चौधरी, फुदेनी राम सहित अनेकों कार्यकर्ता शामिल थे।

## सीजीपीएससी घोटाला : पूर्व अध्यक्ष सोनवानी और श्रवण को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा

एजेंसी

**रायपुरः** छत्तीसगढ़ पीएससी घोटाले में आरोपित पूर्व अध्यक्ष टामन सिंह सोनवानी और श्रवण कुमार गोयल को सीबीआई की विशेष अदालत में पेश किया गया। विशेष अदालत ने इन दोनों को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। मामले की अगली सुनवाई 7 दिसंबर को होगी।

सीजीपीएससी घोटाला मामले में पूर्व अध्यक्ष टामन सिंह सोनवानी और श्रवण कुमार गोयल को सीबीआई ने 7 दिनों की न्यायिक रिमांड पूरी होने के बाद सोमवार, 25 नवंबर को रायपुर के सीबीआई की विशेष अदालत में पेश किया। जहां सुनवाई के बाद सीबीआई की स्पेशल कोर्ट ने दोनों आरोपितों को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। टामन-श्रवण को रायपुर की सेन्ट्रल जेल में रखा जाएगा। गौरतलब है कि सीबीआई ने दोनों आरोपितों को 18 नवंबर को गिरफ्तार किया था। 19 नवंबर को स्पेशल कोर्ट में पेश किया, जहां से रिमांड पर लेकर सीबीआई ने दोनों से 7 दिन तक पूछताछ की थी। आरोप है कि तत्कालीन चेयरमैन सोनवानी ने अपने रिश्तेदारों समेत कांग्रेस नेता और नौकरशाहों के बच्चों की नौकरी लगवाई है।



## महादेव ऑनलाइन सट्टा एप से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी ने छत्तीसगढ़ में पांच सौ करोड़ की संपत्ति जब्त की

एजेंसी

**रायपुर :** बहुचर्चित महादेव ऑनलाइन सट्टा एप से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी ने बड़ी कार्रवाई करते हुए आरोपितों की रायपुर और अभनपुर में 500 करोड़ रुपये की 19 संपत्तियां जब्त की हैं। इनमें 200 एकड़ की जमीन शामिल हैं। इन संपत्तियों की खरीद-बिक्री पर रोक लगाई गई है। बताया गया है कि इन सम्पतियों में सृजन एसोसिएट, सुनील दम्मानी, अनिल दम्मानी और माधुरी वर्मा की सम्पतियां शामिल हैं। रायपुर के तहसीलदार पवन कोसमा ने आज बताया कि मनी लान्ड्रिंग मामले में ईडी ने रायपुर और अभनपुर की 19 संपत्तियों को अपने कब्जे में ले लिया है। उन्होंने राजस्व विभाग को पत्र लिखकर संपत्ति की जानकारी मांगी थी जो दे दी गई है। उन्होंने बताया कि मनी लान्ड्रिंग के मामले में ईडी जब किसी संपत्ति को अटैच करता है तो उस पर मामले के निस्तारण तक संपत्ति के स्वामी का अधिकार नहीं रहता है। मनी लान्ड्रिंग की पुष्टि होने पर ईडी ऐसी संपत्ति को नीलाम भी कर देता है, ताकि ठिकाने लगाई गई रकम की भरपाई की जा सके। ईडी ने ऐसी ही 19 संपत्ति को अटैच कर कब्जे ले लिया है। इन संपत्तियों की खरीद-ब्रिक्री को रोकने के लिए पंजीयन विभाग से भी पत्राचार किया गया है। अब सभी खसरों को ब्लाक कर दिया गया है। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार ईडी के अधिकारियों ने जिले के राजस्व अधिकारियों के साथ मिलकर सभी जमीन के खसरों का निरीक्षण कर पंजीयन कार्यालय को खरीद-ब्रिक्री रोकने के लिए पत्र भी लिखा है। ईडी ने अपने कार्रवाई में सृजन एसोसिएट की अभनपुर स्थित भूंखड को सील कर अपने कब्जे में ले लिया है। वहीं सुनील दम्मानी के टेमरी में स्थित फार्म हाउस को सील कर दिया है। उल्लेखनीय है कि ईडी ने 23 अगस्त को महादेव ऑनलाइन सट्टा एप मामले में रायपुर और दुर्ग में छापा मारा था। प्रिवेंशन ऑफ़ मनी लांड्रिंग एक्ट के तहत हवाला कारोबारी अनिल और सुनील दम्मानी को ईडी ने अरेस्ट किया था।




### दिल्ली की हवा में सुधार, एक्यूआई 281 हुआ दर्ज

**नई दिल्ली :** सोमवार सुबह दिल्ली के लागों के लिए थोड़ी राहत लेकर आई। पिछले 22 दिनों से बेहद खराब और खतरनाक श्रेणी में चल रहे वायु प्रदूषण स्तर सुधर कर एक्यूआई 300 के नीचे आ गया है। राजधानी के 38 स्टेशनों में 15 स्टेशनों पर एक्यूआई 300 के पार रिकॉर्ड किया गया। बाकी स्थानों में प्रदूषण का स्तर खराब श्रेणी में रिकॉर्ड किया गया। प्रदूषण के स्तर में सुधार को देखते हुए आज वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग की बैठक हो सकती है और ग्रेप 4 की पाबंदियां हटाई जा सकती हैं। स्कूल भी खोले जा सकते हैं। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार सोमवार को दिल्ली के द्वारका में 299, एयर पोर्ट में 275, पूसा में 272,शादीपुर में 356, पंजाबी बाग में 324, मुनिरका में 280, आरके पूरम में 285, लोधी रोड पर 95, वजीरपुर में 343, रोहिणी में 328, चांदनी चौक में 247 एक्यूआई दर्ज किया गया।

## तेलंगाना की कांग्रेस सरकार ने अडानी ग्रुप से 100 करोड़ नहीं लेने का किया फैसला

एजेंसी

**हैदराबाद :** अमेरिका में अडानी ग्रुप पर लगे घूस के आरोपों के बाद तेलंगाना की कांग्रेस सरकार ने कंपनी से 100 करोड़ रुपये का फंड न लेने का फैसला किया है। कंपनी ने कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी के तहत यह फंड युवाओं में कौशल क्षमताएं विकसित करने के उद्देश्य से देने की घोषणा की थी। मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने सोमवार को राज्य सचिवालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि राज्य सरकार ने अडानी सहित किसी भी ग्रुप अथवा संगठन से यंग इंडिया स्किल्स यूनिवर्सिटी के लिए कोई पैसा नहीं लिया है। रेड्डी ने कहा कि अडानी ग्रुप की देशभर में हो रही आलोचना के मद्देनजर यह स्पष्ट किया गया है कि अडानी ग्रुप से दान स्वीकार नहीं किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने इस मुद्दे पर अडानी ग्रुप को एक पत्र भी भेजा है। उन्होंने कहा कि अडानी को लेकर कुछ दिनों से पूरे देश में चर्चा चल रही है। कुछ लोग आलोचना कर रहे हैं कि तेलंगाना सरकार को अडानी से फंड मिला। मुख्यमंत्री रेड्डी ने कहा कि हम नियमानुसार टेंडर बुलाते हैं और प्रोजेक्ट देते हैं। किसी भी कंपनी को देश में कानूनी तौर पर कारोबार करने का अधिकार है, अंबानी, अडानी, टाटा...किसी को भी तेलंगाना में व्यापार करने का अधिकार है। हमने बड़े संकल्प के साथ लाखों बेरोजगारों को तकनीकी कौशल प्रदान करने के उद्देश्य से कौशल विश्वविद्यालय शुरू किया है। मुख्यमंत्री रेड्डी ने कहा, मेरे कैबिनेट सहयोगी, मैं और सरकार नहीं चाहते कि बड़े इरादों से शुरू की गई यह यूनिवर्सिटी विवादों में रहे। कुछ लोग यह बात फैला रहे हैं कि अडानी ग्रुप स्किल्स यूनिवर्सिटी को दिया गया दान मुख्यमंत्री और मंत्रियों को दिया गया। हमने ग्रुप को एक पत्र भेजकर कहा है कि कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी के तहत अदानी ग्रुप द्वारा स्किल्स यूनिवर्सिटी के लिए घोषित 100 करोड़ रुपये ट्रांसफर न करें। राज्य सरकार को अनावश्यक विवादों में न घसीटें।



## मध्य प्रदेश के कूनो राष्ट्रीय उद्यान में फिर बढ़ा चीतों का कुनबा, मादा चीता निर्वा ने दिया चार शावकों को जन्म



एजेंसी

**श्योपुर/भोपाल :** मध्य प्रदेश के श्योपुर जिला स्थित कूनो राष्ट्रीय उद्यान से एक खुशखबरी आई है। यहां केन्द्र सरकार द्वारा चीता प्रोजेक्ट के तहत बसाए गए चीतों का कुनबा एक बार फिर बढ़ गया है। दरअसल, दक्षिण अफ्रीकी मादा चीता निर्वा ने कूनो में चार शावकों को जन्म दिया है। इसके बाद यहां चीतों की संख्या बढ़कर 24 हो गई है। इनमें 12 वयस्क और 12 शावक शामिल हैं। सिंह परियोजना के सीसीएफ उत्तम कुमार शर्मा ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि दक्षिण अफ्रीका से लाई मादा चीता निर्वा ने गत 22 नवंबर को चार शावकों को जन्म दिया है। गौरतलब है कि भारत सरकार ने चीता प्रोजेक्ट के तहत कूनो नेशनल पार्क में नामीबिया और दक्षिण अफ्रीका से 20 चीते लाकर बसाए थे। इनमें से प्रधानमंत्री मोदी ने साल 2022 में अपने जन्मदिन पर नामीबिया से लाए गए आठ चीतों को कूनों नेशनल पार्क के बाड़ों में रिलीज किया था। इसके बाद 12 चीते दक्षिण अफ्रीका से लाए गए थे। इनमें मादा चीता निर्वा भी शामिल है। साउथ अफ्रीका से लाई गई निर्वा को मई 2023 में पहली बार कूनो के खुले जंगल में छोड़ा गया था। इसके पहले निर्वा को बाड़े में ही दूसरे चीतों के साथ रखा गया था।

मादा चीता निर्वा के पिछले दिनों गर्भवती होने की जानकारी सामने आई थी। इसके बाद से पार्क प्रबंधन ने इस पर निगरानी बढ़ा दी थी। अब निर्वा द्वारा शावकों के जन्म दिए जाने के बाद से चीता प्रोजेक्ट को एक बड़ी सफलता मिली है। चार शावकों के जन्म के बाद अब कूनो नेशनल पार्क में चीतों की संख्या बढ़कर 24 हो गई है। इनमें 12 शावक भी शामिल हैं। इन सभी शावकों का जन्म कूनों में ही हुआ है। कूनो नेशनल पार्क में लगातार हो रहे चीतों के जन्म के बाद यह ब्रीडिंग सेंटर बन गया है। अब धीरे-धीरे देश में चीतों की संख्या बढ़ती जा रही है। मध्य प्रदेश के कूनो नेशनल पार्क में विदेश से चीतों को लाकर बसाने के प्रोजेक्ट को मिल रही सफलता के बाद अब मंदसौर के गांधी सागर अभयारण्य में भी इन्हें लाने की तैयारी है।

### प्रयागराज कुम्भ में विहिप करेगी कई बड़े कार्यक्रम

**अयोध्या :** विश्व हिन्दू परिषद (विहिप) ने अपने सभी सांगठनिक कार्यक्रम और बैठकें और सम्मेलन प्रयागराज में आयोजित कुंभ में करने का निर्णय लिया है। विहिप महामंत्री बजरंग लाल बागड़ा की ओर से इस सिलसिले में विस्तृत कार्य योजना जारी कर दी गई है। इसके अनुसार पूरे कुंभ भर संगठन का वहीं पर जमावड़ा रहेगा। बजरंग लाल बागड़ा की ओर से सितम्बर में ही जारी पत्र के अनुसार 19 जनवरी को मेरठ, लखनऊ, पटना क्षेत्र का मातृशक्ति सम्मेलन, 24 को केंद्रीय मार्गदर्शक मंडल की बैठक, अगले दिन 25 को प्रथम बेला में साध्वी सम्मेलन, द्वितीय बेला में संत सम्मेलन होगा। 27 जनवरी को युवा संत सम्मेलन, छह फरवरी को मंत्रियों एवं संगठन मंत्रियों की बैठक, सात से नौ फरवरी तक प्रन्यासी मंडल की बैठक, 10 फरवरी को विमर्श कार्यशाला, 10-11 फरवरी को विभाग मंत्री और संगठन मंत्रियों का अभ्यास वर्ग होगा।

## प्रधानमंत्री ने भारत मंडपम में वैश्विक सहकारी सम्मेलन का उद्घाटन किया

एजेंसी

**नई दिल्लीः** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को नई दिल्ली के भारत मंडपम में वैश्विक सहकारी सम्मेलन 2024 और संयुक्त राष्ट्र अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 का शुभारंभ किया। उन्होंने सहकारी आंदोलन के प्रति भारत की प्रतिबद्धता के प्रतीक के रूप में एक स्मारक डाक टिकट भी जारी किया। अंतरराष्ट्रीय सहकारी गठबंधन का वैश्विक सम्मेलन पहली बार भारत में आयोजित किया जा रहा है।

प्रधानमंत्री मोदी ने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि इस सम्मेलन के माध्यम से हमें भारत की भावी सहकारिता यात्रा के बारे में जानकारी मिलेगी। साथ ही, भारत के अनुभवों के माध्यम से वैश्विक सहकारी आंदोलन को 21वीं सदी के उपकरण और नई भावना मिलेगी। प्रधानमंत्री ने सहकारिता को भारतीय संस्कृति का आधार बताया और कहा कि भारत के लिए सहकारिता जीवनशैली है। उन्होंने कहा कि आजादी के आंदोलन को भी सहकारिता ने प्रेरित किया है। इससे आर्थिक सशक्तिकरण में तो मदद मिली ही साथ ही स्वतंत्रता सेनानियों को एक सामूहिक मंच भी मिला। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी के ग्राम स्वराज ने सामुदायिक भागीदारी को फिर से नई ऊर्जा दी। उन्होंने खादी और ग्रामोद्योग जैसे क्षेत्रों में एक नया आंदोलन खड़ा किया और आज खादी और ग्रामोद्योग को हमारी कॉपरेटिव ने बड़े-बड़े ब्रांड से भी आगे पहुंचा दिया है। इस मौके पर भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे, फिजी के उप प्रधानमंत्री मनोआ कामिकामिका, केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह और यूएन के प्रतिनिधि उपस्थित थे। इससे पहले अमित शाह ने अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष की शुरुआत के लिए यूएन का धन्यवाद किया और कहा कि ये फैसला पूरी दुनिया के करोड़ों किसान, महिलाएं व गरीब के सशक्तिकरण के लिए आशीर्वाद होगा।




उन्होंने कहा कि आज सहकारिता वर्ष की थीम- सहकारिता सबकी समृद्धि का द्वार - को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज से तीन वर्ष पहले ही सूत्रों में पिरोकर देश की करोड़ों महिलाओं, लाखों गांव व किसानों की समृद्धि का रास्ता खोला। लंबे समय से प्रतीक्षित करीब 70 साल बाद, देश में सहकारिता मंत्रालय खोला गया।